सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 24.7 अधि |
| धर्मशाला | 21.1 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80664.86 |
| निफ्टी | 24586.70 |
| सोना 73,640 | चांदी 94,458 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



टेनिस : विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा की शीर्ष-10 में वापसी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 16 जुलाई, 2024 | 1 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 209, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- फोरलेन के ट्रक रोकने पर युवक और पुलिस में हाथापाई -पेज 5
- डिपो व थोक गोदामों से वसूला 3.61 लाख जुर्माना -पेज 9
- कुंजम दर्रे के समीप दलदल व नाले में फंसे पर्यटक वाहन -पेज 11
- एएसआई ने हाईकोर्ट को भोजशाला के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सौंपी -पेज 13
- हैंडबॉल में भारत बना यूथ व जूनियर वर्ग का चैंपियन -पेज 14


## हिमाचल में सेब सीजन शुरू; पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल देरी से शुरू हुआ सीजन, सूखे की वजह से प्रभावित हुई फसल

# सीजन के पहले दिन 800 से 1,400 रुपए प्रति पेटी बिका सेब

रविंद्र जस्टा, शिमला



**हिमाचल** में अर्ली वैरायटी का सेब मंडियों में पहले ही आना शुरू हो गया है, लेकिन आधिकारिक तौर पर सेब सीजन सोमवार से शुरू हुआ है। इस साल अभी तक मंडी में बेहतर गुणवत्ता वाले सेब नहीं पहुंचे हैं।

भट्ठाकुफर फल मंडी में टाइडमैन, रेड जून और पराला फल मंडी में गाला सेब की खेप पहुंचनी शुरू हो गई है। आढ़तियों के अनुसार, सूखे की वजह से इस साल सेब सीजन देरी से शुरू हुआ है, जिससे पैदावार भी प्रभावित हुई है। अभी जो सेब आ रहा है, उसे बागवान पूरी तरह तैयार होने से पहले ही तोड़कर मंडी में ला रहे हैं, जिसके चलते बागवानों को अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं। भट्ठाकुफर फल मंडी में काफी पेटियां सेब की पहुंची हैं। टाइडमैन सेब 800 से 1,400 रुपए प्रति पेटी के हिसाब से बिका है। (अनंत ज्ञान)

### टाइडमैन सेब का आकार छोटा

**पराला** फल मंडी आढ़ती एसोसिएशन के उपप्रधान सुशील ठाकुर ने बताया कि गत वर्ष 15 जुलाई से पहले सेब की स्पर किस्म मंडी में पहुंचनी शुरू हो गई थी। गाला सेब और टाइडमैन सेब भी अच्छी गुणवत्ता का आ रहा था, लेकिन इस वर्ष टाइडमैन ही मंडी में पहुंचा है, जिसका आकार छोटा और रंग भी फीका है।

### गुणवत्ता अच्छी नहीं आई : प्रताप चौहान

**भट्ठाकुफर** फल मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान प्रताप चौहान ने बताया कि गत हफ्ते के मुकाबले इस हफ्ते मंडी में काफी सेब पहुंचना शुरू हो गया है, लेकिन गुणवत्ता अच्छी नहीं आई है। यदि मौसम अनुकूल रहता है तो आवक बढ़ने के साथ बागवानों को बेहतर दाम मिलेंगे।

### सेब ढुलाई दरों को लेकर बढ़ा विवाद

**सेब** की ढुलाई दरों को लेकर भी विवाद बढ़ गया है। सेब उत्पादक संघ मुखर हो गया है और ढुलाई दरों को एक समान रखने की मांग को लेकर बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी से मिलने की तैयारी में हैं। जैसे ही बागबानी मंत्री शिमला आएंगे, तो उत्पादन संघ के पदाधिकारी उनसे बातचीत करेंगे। वहीं, सेब उत्पादक संघ ने 18 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर संघर्ष करने की चेतावनी दी है। चेतावनी के बाद बागबानी मंत्री के साथ सेब उत्पादक संघ की बैठक होगी, जिसमें ढुलाई दरों के साथ कुछ अन्य मसलों पर भी चर्चा होगी। सेब उत्पादक संघ के मुताबिक गुड्ज एक्ट में रेट तय हैं। इसके मुताबिक, एक रुपए 80 पैसे प्रति क्विंटल प्रति किलोमीटर की दर तय रखी गई है। यहां रेट तय करने का अधिकार सभी एसडीएम को दिया गया है, जिसे लेकर सेब उत्पादक संघ विरोध जता रहा है।

### सेब के पौधों में फैल रही बीमारियां, बागवान परेशान

**सेब** के पौधों में अल्टनेरिया लीफ स्पॉट और पत्ते पीले होने सहित अन्य बीमारियों ने बागवानों की समस्या बढ़ा दी है। रोहड़ू के बागवान नीमचंद ने बताया कि इस वर्ष सीजन देरी से शुरू हुआ है और अब पौधों में बढ़ रही बीमारियों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोटखाई के बागवान सुधेश और राहुल ने बताया कि बगीचों में अल्टनेरिया लीफ स्पॉट से 75 फीसदी पत्तियां खराब हो गई हैं। इसका असर फलों पर भी पड़ रहा है। यही हाल रहा तो अच्छे दाम नहीं मिल पाएंगे।

### सभी पक्षों के साथ बातचीत कर निकालेंगे समाधान : जगत नेगी



**बागवानी** मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ढुलाई की दरें वजन और दूरी के हिसाब से तय होती हैं। सभी जिलाधीशों को इसी हिसाब से रेट तय करने को कहा था, जिन्होंने रेट अधिसूचित भी कर दिए हैं। बागवान दरों को कम करने की मांग कर रहे हैं, जिस पर सभी पक्षों के साथ बातचीत कर रास्ता निकाला जाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

### फैसला: इमरान की पार्टी पर लगेगा बैन



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर देश-विरोधी गतिविधियों के आरोप में प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा कि यह फैसला 9 मई की घटनाओं में पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी की संलिप्तता और पीटीआई के पूर्व या वर्तमान नेताओं की ओर से अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ पाकिस्तान के समझौते को विफल करने के प्रयासों के मद्देनजर लिया गया है।

### आतंकी लांडा के दो गुर्गों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर कनाडा में रह रहे आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के पास से छह पिस्तौल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया है।

### संसद सुरक्षा चूक केस में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने मामले की अगली सुनवाई 2 अगस्त को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले के सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 2 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी।

### बीआरएस नेता के. कविता को झटका, हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई को टाल दिया है। आरोपों पर बहस 22 जुलाई को होगी। बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ पूरक आरोप पत्र का संज्ञान भी 22 जुलाई तक के लिए टाल दिया है। आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी अगली तारीख तक बढ़ा दी गई है।

## हिमाचल में पटवारी-कानूनगो ने बंद किए ऑनलाइन काम, स्टेट कैडर का दर्जा देने के फैसले पर रोष

# हिमाचली प्रमाण पत्र सहित जरूरी सर्टिफिकेट लटके

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में अब बोनोफाइड (हिमाचली प्रमाण पत्र) सहित कई जरूरी सर्टिफिकेट लटक गए हैं। प्रदेश में संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ ने सोमवार से ऑनलाइन सर्टिफिकेट बनाने की सेवाएं बंद कर दी हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सुक्खू सरकार के स्टेट कैडर का दर्जा देने के फैसले पर राजस्व विभाग के पटवारियों और कानूनगो ने यह फैसला लिया है। ऐसे में ऑनलाइन हिमाचली प्रमाण, आय प्रमाण पत्र, कृषक प्रमाण पत्र और ईडब्लूएस आदि प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे। ऑनलाइन अपडेट होने वाले इंतकाल और लोन से संबंधित कार्य भी प्रभावित रहेंगे। हालांकि, प्रदेश में आपदा से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

**17 को अगली रणनीति तैयार करेगा महासंघ**

हिमाचल में राजस्व विभाग के पटवारियों और कानूनगो अभी तक डिस्ट्रिक्ट कैडर के तहत आते थे, लेकिन अब सुक्खू सरकार ने डिस्ट्रिक्ट कैडर को समाप्त कर पटवारियों और कानूनगो को राज्य कैडर का दर्जा देने का फैसला लिया है। इससे महासंघ भड़क गया है। वहीं, अब 17 जुलाई को अगली रणनीति बनाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### ये काम हुए प्रभावित

**बोनोफाइड** सर्टिफिकेट, करेक्टर सर्टिफिकेट, इनकम सर्टिफिकेट, ईडब्ल्यूस सर्टिफिकेट, ओबीसी सर्टिफिकेट, कास्ट सर्टिफिकेट, एग्रीकल्चर सर्टिफिकेट, अन-इम्पलायमेंट सर्टिफिकेट, लैंड होल्डिंग सर्टिफिकेट, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की ऑनलाइन रिपोर्टिंग जैसे काम बंद कर दिए हैं।

### डीसी और एसडीएम के माध्यम से सौंपेंगे ज्ञापन : सतीश

**महासंघ** के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि डीसी और एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। कई सालों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस कारण ऑनलाइन सेवाएं बंद की हैं। सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो 17 जुलाई को महासंघ की बैठक में आंदोलन की लेकर निर्णय लिया जाएगा।

### महासंघ बोला- सरकार के समक्ष रखी मांगें, नहीं हुई कार्रवाई


**प्रदेश** संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ का कहना है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर तो गौर नहीं कर रही है, उल्टा राज्य कैडर का दर्जा देकर पटवारियों और कानूनगो की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गत वर्ष 23 नवंबर को राजस्व मंत्री सहित विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें महासंघ ने पटवारखानों में नेट कनेक्टिविटी देने सहित कई मांगें सरकार के सामने रखी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### 24 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करेगी सुक्खू सरकार

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षकों सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार अध्यापकों एवं हेड ऑफ स्कूल के लिए नवीन योजना हिमाचल प्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा पुरस्कार शुरू कर रही है। पुरस्कार के लिए 16 जुलाई से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। 30 जुलाई तक जिला उपनिदेशकों के माध्यम से आवेदन किए जा सकेंगे। सामान्य श्रेणी और जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों के 24 अध्यापकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार छह विशेष पुरस्कार भी प्रदान करेगी।

## सीएम सुक्खू दिल्ली रवाना, पीएम के समक्ष रखेंगे बिजली रॉयल्टी का मुद्दा

रविंद्र जस्टा, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की हार के कारणों को जानने के लिए सांसद रजनी पाटिल और पूर्व सांसद पीएल पुनिया की दो सदस्यीय कमेटी शिमला पहुंची।

हिमाचल लोकसभा चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस का मंथन शुरू हो गया है। दो दिन बैठकें होंगी। सोमवार को कमेटी के साथ बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे पर रवाना हो गए। सीएम सुक्खू मंगलवार को पीएम मोदी से मुलाकात कर बिजली रॉयल्टी, बीबीएमबी में हिस्सेदारी और नई पेंशन योजना के अंशदान का मुद्दा उनके समक्ष उठाएंगे। हिमाचल के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसमें मुख्य रूप से बिजली प्रोजेक्ट्स पर 12 फीसदी फ्री रॉयल्टी पिछली सरकार ने माफ की थी, जिससे नुकसान हो रहा। इस मुद्दे पर पीएम मोदी से बात करेंगे। इसके अलावा हिमाचल को बीबीएमबी से 4300 करोड़ लेना है और आपदा में राहत राशि का मुद्दा पीएम मोदी के समक्ष उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## ओली ने चौथी बार ली नेपाल के पीएम पद की शपथ

एजेंसी, काठमांडू



**नेपाल** की कम्युनिस्ट पार्टी के नेता केपी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। ओली ने इसके ठीक बाद अपने मंत्रिमंडल में 22 मंत्रियों को जगह देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री ओली के साथ नेपाली कांग्रेस से प्रकाशमान सिंह और विष्णु पौडेल ने उप प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर केपी शर्मा ओली को बधाई दी। पीएम ने लिखा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे बंधन को और मजबूत करने के लिए साथ में काम करने के लिए उत्सुक, जिससे दोनों देशों का परस्पर सहयोग और अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाया जा सके।

### केजरीवाल की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई टाल दी है। इस मामले की अब सात अगस्त को सुनवाई करने का आदेश दिया। केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि रविवार देर रात ईडी ने अपना जवाब दाखिल किया, जिसे हम पढ़ नहीं सके हैं। चौधरी ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी लिया है, इसलिए हमें जवाब देने के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने लीगल मुलाकात की संख्या बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर 16 जुलाई को सुनवाई का आदेश दिया।

**अब सात अगस्त को होगी सुनवाई**

## नीट विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर जारी किया नोटिस

### नीट परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। एजेंसी ने नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनटीए की याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने स्थानांतरण याचिका को नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश दिया, जिन पर 18 जुलाई को सुनवाई होनी है। हालांकि उसने राजस्थान उच्च न्यायालय के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।

### कोर्ट ने कहा- एक बार हमारा नोटिस जारी करने के बाद हाईकोर्ट सुनवाई नहीं करते

**एनटीए** के अधिवक्ता ने राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया। इस पर खंडपीठ ने कहा कि एक बार हमारे नोटिस जारी करने के बाद आम तौर पर उच्च न्यायालय आगे सुनवाई नहीं करते हैं। इससे पहले 20 जून को शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट (यूजी) पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी और एनटीए को ग्रेस मार्क्स में गड़बड़ी से जुड़ी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के आवेदन वापस लेने की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 जून को जारी आदेश में ग्रेस मार्क्स के जुड़े मामले को समाप्त करने का फैसला किया था, क्योंकि एनटीए ने अदालत को बताया था कि वह 1,563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स वापस ले रही है। 23 जून को दोबारा परीक्षा में शामिल होने या अपने मूल मार्क्स से संतोष करने का विकल्प दिया था।




## मौसम | कई इलाकों में एक सप्ताह तक मौसम खराब रहने के आसार, दो दिन भारी बारिश होने का अलर्ट

# हिमाचल में कमजोर पड़ा मानसून, उमस बढ़ी

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** में मानसून कमजोर पड़ गया है। अब लोगों को उमस भरी गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। बारिश न होने की मार किसानों पर भी पड़ रही है। लोग फसलों में खाद नहीं डाल पा रहे हैं।

वहीं, प्रदेश के कई क्षेत्रों में 21 जुलाई तक बारिश होने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, राज्य के कई हिस्सों में 17 व 18 जुलाई के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट है। बीते 24 घंटों के दौरान सुंदरनगर में 19.0, मंडी 16.6, रेणुकाजी 15.2, कसोल 13.0, पंडोह 12.0, बिजाही 11.6, पांवटा 8.2, करसोग 8.1, गोहर 7.0, सोलन 4.4, कुफरी 4.0, सराहन 2.0, सैंज 2.0, नाहन 1.2, बंजार 1.0, मशोबरा 0.5 और पच्छाद में 0.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)



शिमला में सोमवार को छाए बादलों के बीच रिज पर घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

### इन जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 17 और 18 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### ऊना के बंगाणा में दो सप्ताह बाद झमाझम बारिश

**शिमला** में सोमवार को हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए रहे। वहीं, ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में सोमवार दोपहर को दो सप्ताह बाद झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। मक्की, चारी, बाजरा, तिलहन सहित अन्य फसलों के लिए यह बारिश वरदान साबित हो सकती है। यहां बारिश होने से किसानों ने थोड़ी राहत की सांस ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ ने की बैठक



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ जुबल-कोटखाई इकाई के समस्त पदाधिकारियों की बैठक 15 जुलाई 2024 को प्रधान रोशन लाल शर्मा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विश्राम गृह बाघी में संपन्न हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में कई अहम मांगों पर चर्चा हुई, जिसमें एक साल से कर्मचारियों के लंबित पड़े विभिन्न प्रकार के बिलों का भुगतान जिसमें ओवर टाइम, मोबाइल भत्ता, बिल, मेडिकल बिलों जल्द से जल्द किया जाए। इसके साथ अन्य कई मांगों को लेकर विचार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### विद्या उपासकों की मांग को शिक्षामंत्री ने पहनाया अमलीजामा

**दशमी रावत, जुब्बल।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला शिमला द्वारा केबिनैट में हिमाचल प्रदेश प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत ग्रामीण विद्या उपासकों को नियमित करने के फैसले का स्वागत किया है। संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रमोद चौहान की अध्यक्षता में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रमोद चौहान ने कहा कि 18 वर्षो से अनुबंध पर सेवाएं दे रहें। विद्या उपासकों की वर्षो से लंबित पड़ी मांग को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों द्वारा अमलीजामा पहनाया गया। (अनंत ज्ञान)

### जमीन हड़पने के इरादे से बना डाला फर्जी एग्रीमेंट

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** शिमला में एक व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जमीन हड़पने के इरादे से एक शख्स ने फर्जीबाड़ा कर जमीन का फर्जी एग्रीमेंट बना दिया। इस मामले में पीड़ित ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई है। मामला राजधानी के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में सामने आया है। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। अभी तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। न्यू शिमला निवासी सिंघी राम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि लोअर बाजार के रहने वाले भूपिंदरजीत कश्यप ने संपत्ति बेचने के लिए एक फर्जी एग्रीमेंट बनाया है, जबकि भूपिंद्रजीत कश्यप द्वारा इस संपत्ति को बेचने के लिए पार्टियों के बीच कभी कोई समझौता नहीं हुआ है। आरोपी जमीन का मालिक नहीं है और जमीन कब्जा कर उसे बेचने की नीयत से उसने यह सारा फर्जीबाड़ा किया है। (अनंत ज्ञान)

### समीर रस्तोगी ने प्रोजेक्ट स्टाफ में भरा जोश



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी ने वन मंडल बंजार के तहत विभिन्न परिक्षेत्र में सेवाएं दे रहे प्रोजेक्ट के स्टाफ में खूब जोश भरा। परियोजना के कार्यों को तय समय पर निपटाने और बहतरीन कार्य करने के टिप्स भी दिए। समीर रस्तोगी इन दिनों आनी, बंजार और कुल्लू वन मंडल के दौरे पर हैं। जहां पर वह जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश वानिकी परियोजना के परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा भी उनके साथ दौरे पर हैं। मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी ने गत शनिवार को वन मंडल बंजार के तिरथन वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हो रहे कार्यों का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)

### सीमा कॉलेज के लिए 13 लाख की घोषणा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** रोहड़ू उपमंडल की (एनजीओ) संजीवनी सहारा समिति ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत और अन्य स्टाफ के सदस्यों ने विक्रमादित्य सिंह का स्वागत किया। विक्रमादित्य ने महाविद्यालय सभागार की लाइट व साउंड प्रणाली के रख-रखाव के लिए 13 लाख रुपए देने की घोषणा की और मल्टीपर्पस भवन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू किए जाने का आश्वासन दिया।(अनंत ज्ञान)

### कर्ज के मामले में कांग्रेस सरकार पूरी तरह दोषी : चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि कर्ज के मामले में सरकार पूरी तरह दोषी पाई गई है। उन्होंने कहा की सरकार सदन में ऋण पर श्वेत पत्र लाई और इसके माध्यम से सच्चाई दुनिया के सामने आ गई कि प्रदेश में कर्जा कांग्रेस सरकारों की देन है और फिर मुख्यमंत्री सुक्खू ने धनाधन कर्ज पे कर्ज लेना शुरू कर दिया। 'विकास बंद कर्जा शुरू' भाजपा ने अपना दायित्व निभाते हुए लगातार इस मुद्दे को जन मानस तक पहुंचाया और अब 18 महीने की सरकार लगभग 30000 करोड़ का कर्ज ले चुकी है। इस प्रकार 6 महीने में दो झूठ जनता के सामने परोसे गए। सड़कें, बिजली, पानी, विकास कार्य आदी बंद हैं। चौधरी ने कहा की हिमाचल में सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार फिर से कर्ज का घी पीने की तैयारी कर रही है और निरंतर घी पी रही है। उपचुनाव में वोटिंग खत्म होते ही कर्ज उठाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और राज्य सरकार 500 करोड़ रुपए का लोन ले लिए।

# होम स्टे के संचालन की अनुमति हिमाचलियों को : विक्रमादित्य

**दशमी रावत, रोहड़ू**



मुख्यातिथि मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चांदी का मुकुट व तलवार से किया सम्मानित।

हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री रोहड़ू दौरे के दौरान स्पोर्ट्स क्लब ढाकगांव में चतुर्थ स्व. वीरभद्र सिंह मैमोरियल पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों को प्रदेश सरकार ने गति दी है। बडियारा से ढाकगांव सड़क जो 12 किलोमीटर लंबी है। इसका नवीनीकरण नाबार्ड के माध्यम से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेब सीजन के चलते जिन संपर्क मार्ग को खोलना है उनका कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में 30 हजार सरकारी क्षेत्र में नौकरियां निकाली गई है। जेओए आईटी की लंबित भर्ती प्रक्रिया को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होम स्टे का संचालन केवल हिमाचल के लोग ही कर पाएंगे। गैर हिमाचलियों को होम स्टे के संचालन की अनुमति नहीं रहेगी। इस बारे में प्रदेश सरकार कानून बनाने जा रही है। गोड़ासी देवता महाराज के मंदिर के निर्माण कार्य के लिए बजट का प्रावधान करवाया जाएगा। यहां वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नरगेटा अकादमी चंडीगढ़ विजेता रही। उन्हें 55 हजार रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप विजेता स्पोर्ट्स हॉस्टल रोहड़ू की टीम रही। जूनियर स्तर में कोटी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया। लोक निर्माण मंत्री ने स्पोर्ट्स क्लब को 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की है।

मुख्यातिथि विक्रमादित्य सिंह को आयोजनकर्ताओं ने चांदी का मुकूट, तलवार और स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। मुख्यातिथि को लड्डूओं के साथ तोला भी गया। मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं को मंच प्रदान करना एक सही कार्य है। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा का विधानसभा में संख्याबल बड़ा : कश्यप

**शिमला ।** भाजपा प्रदेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की 2022 के दिसम्बर या यूं कहे कि जनवरी 2023 में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस पार्टी के उस समय 40 विधानसभा सदस्य और 3 निर्दलीय विधानसभा सदस्य थे। इनकी कुल संख्या 43 सदस्यों की थी। वहीं कांग्रेस की बड़ी संख्या के आगे भाजपा के केवल 25 विधानसमा सदस्य बने। हिमाचल की जनता ने बहुत बड़ी बड़ी उम्मीदे कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से लगाई, क्योंकी सरकार बनाने से पूर्व बड़ी-बड़ी घोषणाएं और गारंटियां दी गई थी।

उन्होंने कहा की हिमाचल में हुए चुनावों में भाजपा को लोक सभा चुनावों में बड़ी जीत हासिल हुई और साथ ही उपचुनावों में 3 विधानसभाओं में भाजपा की जीत हुई। इससे भाजपा का संख्या बल 28 हो गया है और मजबूत कांग्रेस 40 पर आ कर खड़ी हो गई है। कश्यप ने कहा की सरकार बनते ही 2023 से ही जनता के सपने टूटने लगे। (अनंत ज्ञान)

## एनसीसी के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

# सुन्नी महाविद्यालय पहाड़ी नाटी में प्रथम



विजेताओं को पुरस्कृत करते अधिकारी व अन्य।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी तथा पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में आयोजित दस दिवसीय एनसीसी के कैंप समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैंप में हिस्सा ले रहे कैडेट्स ने पौधरोपण किया तथा इस दौरान हथियार प्रशिक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में सुन्नी महाविधालय की ओएसडब्लू कशिश ठाकुर और एसडी प्रतियोगिता में सीओई संजौली महाविद्यालय मानिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह की सांय कालीन सभा में कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान कैडेट्स ने विभिन्न संस्कृति प्रस्तुतियां पेश की। इस दौरान अल्फा, ब्रेबो,चार्ली और डेल्टा कंपनी के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सुन्नी महाविद्यालय पहाड़ी नाटी में प्रथम, संजौली महाविधालय समूह नृत्य में प्रथम तथा समूह गान में बाहरा महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्रेगे कंपनी को ओवरऑल राउंडर की ट्रॉफी से नवाजा गया।

कार्यक्रम के अंत में शिमला से आए ऑफिस कमांडेंट प्रवीण ठाकुर ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। (अनंत ज्ञान)

# सरकार की लापरवाही से संकट के दौर से गुजर रहे बागवान : संदीप

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

भाजपा मंडल जुब्बल नावर कोटखाई के उपाध्यक्ष संदीप गांगता ने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस सरकार की लापरवाही के कारण आर्थिक रूप से बागवानों की कमर टूट गई है। बागवानों के ऊपर एक के बाद एक मुसीबत खड़ी हो रही है। बागवान मौजूदा हालात में सकंट के दौर से गुजर रहे हैं। बगीचों में अल्टरनेरिया जैसी भयंकर बीमारी ने कहर मचा दिया है।



वर्तमान समय में बागवानों को यदि जरूरत है तो सिर्फ और सिर्फ यह कि उन्हें उद्यान विभाग से भरपूर मात्रा में फफूंदीनाशक दवाइयां मिले। जोकि पिछले दो सालों से नही मिल रही, यदि मिल भी रही है तो नाम मात्र की ही मिल रही है। प्रत्येक केंद्र पर नाम की दो से चार बॉक्स दवाइयां आती है। जिसके आने व जाने का बागवानों को पता भी नही चलता।

संदीप ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार बागवानों के विषय पर गम्भीर नही है। यदि सरकार गंभीर होती तो समय रहते बागवानों को भरपूर मात्रा में फफूंदीनाशक दवाइयां उद्यान विभाग के आउटलेट्स में उपलब्ध करवाते। बागवानों को मजबूरन बाजार से महंगी दवाइयां लेकर बागीचों में स्प्रे करनी पड़ रही है। जिस कारण बागवानों की आर्थिकी पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। संदीप ने कहा कि सरकार का काम है कि वह जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें। किंतु कांग्रेस सरकार में सुविधायें कम व बागवानों को उलझने ज्यादा मिल रही है।(अनंत ज्ञान)

## एचआरटीसी कंडक्टर भर्ती प्रक्रिया दो साल में भी अधूरी

**अनंत ज्ञान, शिमला/पधर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम में कंडक्टर के 360 पदों पर भर्ती प्रक्रिया दो वर्षों के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है, जिससे परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों और उनके परिवारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस लंबे इंतजार के कारण 357 योग्य अभ्यर्थी रोजगार की आस में दिहाड़ी-मजदूरी करने को मजबूर हो गए हैं।

दिसंबर 2023 में आयोजित हुई परीक्षा के बाद मार्च 2024 में इसका फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया था। इसके बावजूद दो बार आचार संहिता लागू होने के चलते इन्हें अब तक ज्वाइनिंग नहीं मिल पाई है। इस दौरान 16 मार्च को फाइनल रिजल्ट घोषित होने के बाद लगभग चार महीने बीत गए हैं। अभ्यर्थियों अंकेश, अनिल, मनोज, पंकज, राहुल, अतुल, अभिषेक, अमन, अश्वनी, सुनील, और विक्की ने अपनी व्यथा प्रकट करते हुए कहा कि सरकार की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मजदूरी करने पर विवश हैं। कई अभ्यर्थियों की उम्र 40 वर्ष से अधिक हो चुकी है, जिससे उनकी चिंता और भी बढ़ गई है। इन अभ्यर्थियों ने सरकार से एक सप्ताह के भीतर नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे 22 जुलाई से भूख हड़ताल पर जाएंगे।

हालांकि दो बार आचार संहिता लागू होने के कारण चार महीने बीत गए और अब तक नियुक्ति नहीं हो सकी। सरकार से अपील है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें ताकि इन योग्य अभ्यर्थियों को उनका हक मिल सके और वे अपने परिवार का सही तरीके से भरण-पोषण कर सकें।

# फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू के 12 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की जीपैट की परीक्षा

**दशमी रावत, रोहड़ू**

राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के 12 विद्यार्थियों ने आल इंडिया जीपैट (ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटूट टेस्ट) की परीक्षा उत्तीर्ण की है । नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित इस आल इंडिया जीपैट-2024 परीक्षा में लगभग 50 हजार विद्यार्थी उपस्थित हुए ।

यह परीक्षा फार्मेसी स्नातकों को उच्चतर शिक्षा प्रोग्राम के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए सहायता करती है और साथ ही पीएचडी के लिए भी छात्रवृति प्रदान करती है। राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखते हुए पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी इस महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने जीपैट-2024 की परीक्षा उतीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसमें तन्वी नेगी (382), गौरव (786), धनप्रीत कौर (938), अरुषि गुप्ता (710), आदिति किमटेटा (1193), प्रीति देवी (2049), शीतल (2487), दीपिका राणा (3114), गुरनीत कौर (3602), अमन ठाकुर (4039), ध्रुव (6069), और रितिका ठाकुर (6872) शामिल हैं । संस्थान के प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने इस महान उपलब्धि के लिए प्रशिक्षुओं, अभिभावकों व संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग को बधाई दी है । मीडिया प्रभारी रनीव ठाकुर ने जीपैट परीक्षा उतीर्ण किए गए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# 10 मेधावी छात्र इसरो भ्रमण के लिए रवाना

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



भ्रमण के लिए रवाना होने से पहले बच्चे व साथ हैं गणमान्य।

बिलासपुर जिला के 10 स्कूली मेधावी छात्रों के एक समूह को अहमदाबाद स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र और गुजरात साइंस सिटी में अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानने और भ्रमण करने का अवसर मिला है।

वहीं इस भ्रमण के लिए जिला प्रशासन की तरफ से मेरिट के आधार 05 छात्र व 05 छात्राओं का चयन किया गया था। जिन्हें आज हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने हरी झंडी दिखाकर बस में रवाना किया है। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक, अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल, एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी व एनटीपीसी कोलडैम के एडिशनल जनरल मैनेजर उमेश कुमार मौजूद रहे।

वहीं प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने कहा कि स्पेस लैब में जिन मॉडल्स को छात्रों ने देखा है व उसके बारे में पढ़ा है गुजरात अनुप्रयोग केंद्र में छात्र उसे अपने सामने कार्य करते हुए देख पाएंगे, जिससे उन्हें प्रेक्टिकल नॉलेज तो होगी ही साथ ही विज्ञान के क्षेत्र की गई खोजों के संबंध में भी पूर्ण जानकारी मिल पाएगी। वहीं 15 से 17 जुलाई तक भ्रमण के दौरान छात्र अन्य जगहों का भी भ्रमण करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## खेलकूद प्रतियागिताओं में मशोबरा पाठशाला ओवरआल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा, शिमला**



ट्रॉफी के स्थान विजेता खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जनेडघाट में छात्र वर्ग की अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई, जिसमें राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा को ओवरआल चैंपियन का खिताब मिला।

वॉलीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मशोबरा ने पीरन को फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। ग्राम पंचायत चायल के उपप्रधान पंकज ठाकुर ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए । इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष महेश दत्त शर्मा, यशोदा ठाकुर, तारा ठाकुर, केसर सिंह, ओपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जगत सिंह नेगी ने पूह जल शक्ति मंडल से की बैठक

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के प्रवास के दौरान जिला के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में जल शक्ति विभाग के पूह मण्डल के अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ताओं व कनिष्ठ अभियन्ताओं के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने पूह मंडल में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यो की समीक्षा ली तथा अधिकारियों को समयबद्ध सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।(अनंत ज्ञान)

# वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को मिलती हैं सभी सुविधाएं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



महिलाओं को जागरूक करने के दौरान गणमान्य।

महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना के तहत 100 दिन विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत घुमारवीं परियोजना के मलोट गांव में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिवर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिल्पा शर्मा मिशन शक्ति टीम जेंडर स्पेशलिस्ट ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति के उद्देश्य तथा इसके अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति योजना को दो भागों में आवंटित किया गया है। इसके साथ उन्होंने महिलाओं तथा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री शगुन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मदर टेरेसा असहाय संबल योजना, बेटी है अनमोल, विधवा पुनर्विवाह योजना महिला स्वयं रोजगार योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके साथ केंद्र प्रशासक वंदना शर्मा तथा पैरा लीगल स्टॉफ शिवाली शर्मा ने वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया कि वह किस प्रकार से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सहायता जैसे कानूनी सहायता, स्वास्थ्य संबंधी सहायता और काउंसलिंग करके उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं।कार्यक्रम में वित्तीय विशेषज्ञ रवि कुमार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।( अनंत ज्ञान)

# विक्रमादित्य का रोहड़ू दौरा निराशाजनक : सुमेश चौहान

**दशमी रावत, रोहड़ू**

भाजपा मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी सुमेश चौहान ने बताया कि मंत्री का रोहड़ू के लोगों के लिए यह एक दिवसीय दौरा निराशाजन रहा है। वहीं उनके स्वयं के लिए भी कोई विशेष उत्साहवर्धक नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मंत्री विक्रमादित्य सिंह का ज़ब भी रोहड़ू दौरा होता था तो कांग्रेस मंडल रोहड़ू उनका स्वागत गर्म जोशी से करती थी, लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला।

डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में मंत्री विक्रमादित्य सिंह कई बार रोहड़ू का दौरा कर चुके है। स्कूली व क्रिकेट प्रतियोगिताओं के समापन पर वे कई बार रोहड़ू आ चुके है, लेकिन उनका ऐसा कोई विशेष दौरा नहीं हुआ है जो उन्होंने रोहड़ू के विकास को लेकर किया हो।

रोहड़ू के आधा दर्जन दौरों के दौरान वे कई घोषणाएं करते रहे, परंतु धरातल पर कोई भी विशेष बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। उन्होंने रोहड़ू क्षेत्र की सड़कों के लिए डेढ़ करोड़ रुपए देने की घोषणा की है, वह बताएं की क्या रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र की सड़कें केवल डेढ़ करोड़ से चका-चक हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी क्रेन, दो घायल

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**



हिमाचल पंजाब बॉर्डर पर भाखड़ा डैम मार्ग के पास रविवार देर रात ग्वालथाई में नंगल की और से आ रही एक क्रेन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में क्रेन में सवार चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हादसों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मोके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए बीबीएमबी अस्पताल ले जाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जान माल का नुकसान नही हुआ।

वहीं ग्वालथाई थाना प्रभारी लियाकत अली ने बताया कि ग्वालथाई में बरमाला मार्ग पर एक क्रेन गहरी खाई में जा गिरी है। जिसमें सवार चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र ने बीते वर्ष की आपदा में कुछ नहीं दिया : राजेश

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीते कल बिलासपुर दौरे के दौरान औहर में 33.75 करोड़ रुपए के बजट से बनने वाले पर्यटक परिसर की आधारशिला रखी थी जिसको लेकर अब सियासत गरमाने लगी है। जिस पर आज जिला भाजपा ने सर्किट हाउस बिलासपुर में परिसर का दूसरी बार शिलान्यास कर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

वहीं भाजपा के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी ने कहा कि वर्ष 2022 में आयोजित विधानसभा चुनाव आचार संहिता से एक दिन पूर्व भाजपा नेताओं द्वारा जेपी नड्डा को बुलाकर पर्यटक परिसर की आधारशिला रखवा दी गई जबकि उसके लिए न तो बजट का कोई प्रावधान था, न पर्याप्त जमीन थी।

राजेश ने कहा कि सरकार आधुनिक पर्यटन केंद्र बनाने जा रहे हैं व मुख्यमंत्री होने के नाते सुक्खू ने इसकी आधारशिला रखी है। राजेश धर्मानी ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल का राइट न दिए जाने का आरोप लगाते हुए बीते वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में हुए 9 हजार करोड़ रुपए के नुक्सान में से कुछ न दिए जाने, लोन लेने की लिमिट को कम करने व रेवेन्यू डिफेसिट ग्रांट के आधे से कम रहने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस सरकार जनता को कर रही गुमराह : रणधीर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



जानकारी देते हुए रणधीर व अन्य।

प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक श्री नयना देवी रणधीर शर्मा ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। तब से झूठ बोलकर जनता को गुमराह करती आई है।

कांग्रेस सरकार ने बीते डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में बिलासपुर जिले में विकास के नाम पर एक भी नया पैसा खर्च नहीं किया है। बल्कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए करोडों रूपये के शिलान्यासों की आधारशिलाएं रखकर लोगों की भावनाओं के साथ मजाक कर रही है। जिसे भाजपा सहन नहीं करेगी। वहयहां पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि गत 14 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा औहर के पास पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में 24 करोड़ करोड़ की लागत से बनने वाले पर्यटन परिसर का शिलान्यास फिर से किया गया। जबकि इस पर्यटन परिसर का शिलान्यास गत 11 अक्तूबर 2022 को राज्य सभा सासंद व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा किया गया था।

इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग एवं स्थानीय विधायक भी मौजूद थे। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस पर्यटन परिसर को औहर से नादौन ले जाने का प्रयास किया गया। लेकिन भाजपा ने इसका विरोध किया तो इसे सरकार ने नहीं बदला। हाल ही में संपन्न हुए उपचुनावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने इस उपचुनाव को जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का जमकर दुरुप्रयोग किया है। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान भी मौजूद रहे।(अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत टोडसा
### विकास खंड छौहारा , जिला शिमला (हि.प्र.)

## निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत टोडसा विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 17-07-2024 से 24-07-2024 को सायं 5 बजे तक अपनी -अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें पंचायत द्वारा दिनांक 25-07-2024 को समय 11 बजे प्राप्त निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का ब्यौरा/ मूल्य प्रति इकाई**:- 1. रेता (क्रैशर / खान) मूल्य अलग अंकित करे। 2. रोड़ी 20एमएम, 40एमएम। 3. ईंट । 4. टाइल्स/इंटर लोकिंग टाइल्स हर प्रकार की। 5. पीवीसी पाइप 3इंच, 4 इंच, 5 इंच, 6 इंच/स्केट/ मोड़ इंच, 4 इंच, 5 इंच, । 6. जीआई पाईप आधा इंच, 1 इंच। 7. लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखाट, कुंडे, कब्जे, पल्ले। 8. सीमेंट ढुलान चिरगांव से पंचायत क्षेत्र टोडसा। 9. अन्य सामग्री ढुलान चिरगांव/ रोहड़ू से पंचायत क्षेत्र टोडसा। 10. कंम्युटर/ लैपटॉप मुरम्मत।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नही आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 25/07/2024 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. रेता /रोड़ी के लिए जीएसटी के साथ साथ एम फॉर्म अनिवार्य है। 10 ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत टोडसा, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**

# आपदा में भूमिहीन हुए लोगों को नहीं मिली जमीन : जयराम ठाकुर

## घोषणाओं तक ही सीमित रही सरकार, एक साल बीतने पर भी आपदा पीड़ितों को नहीं मिली राहत

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार डेढ़ साल से प्रदेश का विकास रिवर्स गियर में चल रहा है। डेढ़ साल में सरकार के पास विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ भी नहीं हैं। प्रदेश में बारिश की वजह से आई आपदा को एक साल का समय हो चुका है और अभी तक लोग सहायता के लिए भटक रहे हैं। इस आपदा में भूमिहीन हो चुके लोगों को अभी तक जमीन नहीं मिली और लोग जंगलों में रहने को मज़बूर हैं।

आपदा प्रभावितों के प्रति इस तरह की संवेदनहीनता अत्यंत दुःखद है। सरकार अपने वादों को याद करे और मानवीयता के आधार पर लोगों की प्रभावी तरीके से मदद करे। सिर्फ जुबानी जमाखर्च से कुछ नहीं होने वाला है। बेघर हुए लोग एक साल से सरकार से मदद की आस में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बीते साल आई त्रासदी से प्रदेश में हजारों घर पूरी तरह से तहत नहस हो गए। लोगों के घर, बाग, पशुशालाएं, खेत, फसल सबकी भारी तबाही हुई थी। बहुत सारे लोग ऐसे थे जिनकी जमीनें तक बह गई थी और लोग घर के साथ ही भूमिहीन भी हो गए थे।



ऐसे प्रभावितों को घर बनाने के लिए जमीन देने की मांग भाजपा ने मौर्क पर भी की थी और विधानसभा सत्र के दौरान सदन में भी उठाई थी। सरकार ने बाक़ायदा आदेश जारी कर भूमिहीन हुए लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों में 3 बिस्वा और शहरी क्षेत्रों में 2 बिस्वा जमीन देने की घोषणा की थी।

सरकार की इस घोषणा को एक साल हो गया, लेकिन अभी तक किसी भी भूमिहीन को एक इंच जमीन नहीं मिली है और लोग जंगलों में भी रहने को विवश हैं। यह मुद्दा फिलहाल समाचारों में भी खूब उठाया गया है, लेकिन सरकार इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामले में कोई भी प्रभावी कदम उठाती नहीं दिख रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब लोगों के पास ज़मीन ही नहीं होगी तो वह घर कहां बनाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार प्रदेश में विकास के कामों पर पूरी तरह विराम लगा चुकी है लेकिन नियमित रूप से कर्ज लेकर सरकार चला रही है। प्रदेश में अस्पताल से लेकर स्कूलों और अस्पतालों से लेकर सड़कों तथा पुलों के काम रूके हुए हैं।

आपदा के समय टूटी हुई सड़कें अभी सही नहीं हो पाई हैं, सड़कों के किनारे पड़ा मलबा भी नहीं हटाया गया है। जो इस बरसात में फिर से लोगों के लिए परेशानी का का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि अब बहुत वक्त बीत चुका सरकार विकास के कामों को गति दे और जनहित के मुद्दों को गंभीरता से सुलझाए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### एफपीओ धर्मपुर में भर्ती करेगा मशरूम दीदियां



**रितेश चौहान, सरकाघाट।** एफपीओ धर्मपुर ने मशरूम की खेती को महिला समूहों के माध्यम से करने बारे मशरूम उत्पादन केंद्र खैरा-ढगवानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला फेडरेशन की कमला ठाकुर, कंचना देवी और रजनी सकलानी ने की और एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान, सचिव भूपेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल सहित साठ महिलाओं ने भाग लिया। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने कहा कि हम सब मशरुम उत्पादन केंद्र के संचालक विजय कुमार ने उन्हें मशरुम उत्पादन सबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि धर्मपुर में महिला समूहों के माध्यम से ढींगरी मशरूम उगाने के लिए वे और उनका संस्थान बतौर स्रोत केंद्र सहयोग करेगा।अगले चरण में सितंबर महीने में उन चुनिंदा इच्छुक महिलाओं को लंबी अवधि की ट्रेनिंग दी जाएगी जो इसे व्यावसायिक तौर पर करना चाहती हैं। (अनंत ज्ञान)

### झूठी खबर चलाने पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

**शिमला।**मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने आज यहां बताया कि सरकार ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ चलाई जा रही झूठी खबरों पर कड़ा संज्ञान लिया है तथा ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री की छवि को खराब करने की साजिश के तहत बिना तथ्यों के दुष्प्रचार किया जा रहा है, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने दुष्प्रचार में शामिल इन चैनलों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए हैं ताकि मुख्यमंत्री के खिलाफ चलाए जा रहे तथ्यहीन दुष्प्रचार को रोका जा सके।

### विधानसभा में भाजपा का बढ़ा संख्याबल : कश्यप

**धर्मशाला।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद ने सुरेश कश्यप ने कहा कि हाल ही में हुए उपचुनावों के बाद प्रदेश विधानसभा में भाजपा का संख्याबल बढ़ा है। इन



उपचुनावों के बाद भाजपा विधायकों की संख्या 25 से बढ़कर 28 पंहुच गई है। उन्होंने कहा कि 2022 में जब विधानसभा चुनाव हुए तो कांग्रेस पार्टी के उस समय 40 विधानसभा सदस्य और तीन निर्दलीय विधानसभा सदस्य थे। इनकी कुल संख्या 43 सदस्यों की थी। वही कांग्रेस की बड़ी संख्या के आगे भाजपा के केवल 25 विधानसमा सदस्य बने। हिमाचल की जनता ने बहुत बड़ी बड़ी उम्मीदे कांग्रेस सरकार एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्व सुक्खू से लगाई क्योंकि सरकार बनाने से पूर्व बड़ी बड़ी घोषणाएं और गारंटियां दी गई थी।

### अब सर्टिफिकेट गुम किया तो तीन गुना चुकानी होगी फीस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से शिक्षा ग्रहण करने वाले अभ्यर्थियों को अब अपने सर्टिफिकेट गुम करना काफी महंगा पड़ेगा। इन दस्तावेजों को हासिल करने के लिए अभ्यर्थियों को अब दो से तीन गुना तक फीस चुकानी पड़ेगी। शिक्षा बोर्ड ने बढ़ाए गए रेटों की अधिसूचना जारी कर दी है, जो 31 जुलाई के बाद लागू होगी। वहीं, तत्काल में प्रमाण पत्र लेने के लिए अभ्यर्थियों को यह शुल्क तीन गुना चुकाना होगा, उन्हें प्रमाण पत्र 24 घंटे में उपलब्ध होगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड में सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए यह दाम वर्ष 2009 में तय किए गए रेटों के आधार पर चल रहे थे, जिनमें अब करीब 16 साल बाद बोर्ड प्रबंधन ने बदलाव किया है। (अनंत ज्ञान)

## निजी कंपनियों की राह पर सरकार

# इस बार किलो के भाव होगी सेब की बिक्री

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल के सेब बागबानों को अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने निजी कंपनियों की तर्ज पर इस बार सेब को वजन के हिसाब से बेचने का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।

इस निर्णय का असर मंडी में भी दिखने लगा है। यह पहली बार है जब मंडियों में वजन के हिसाब से किलो के रेट पर सेब बिकेंगे। इससे बागबानों को भी लाभ होगा। हालांकि निजी कम्पनियाँ पहले से ही इस पक्ष में है और बागवानों से किलों के हिसाब से ही सेब खरीदती आ रही हैं।

साथ ही बागवानों का नुकसान न हो इसके लिए पैकेजिंग पर भी विशेष ध्यान देती हैं। निजी कंपनियों ने सरकार के सामने पहले भी कई बार किलो से बिक्री का प्रस्ताव रखा था लेकिन तब इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया था, लेकिन अब सरकार भी उसी निर्णय पा आ गई है। देवभूमि, बीजा, अदाणी एग्री फ्रेश, इत्यादि जैसी कई निजी कम्पनियाँ, पिछले लम्बे समय से बागवानों के हित को ध्यान में रखते हुए किलो से सेब खरीदती आ रही हैं ताकि उन्हें उनकी फसल का पूरा दाम मिल सके।

नए नियम के अनुसार यूनिवर्सल कार्टन में अब 20 किलो सेब ही भरा जाएगा। इससे पहले टेलीस्कोपिक कार्टन में प्रति पेटी 7 से 8 ट्रे सेब भरा जाता था, जिसका प्रति पेटी वजन 30 किलो के करीब रहता था, लेकिन मंडियों में बागवानों को 24 किलो पेटी के हिसाब से ही सेब की कीमत दी जाती थी। (अनंत ज्ञान)

# कृषि विवि में फंड की कमी से लटके प्राकृतिक खेती पर शोध कार्य

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में प्राकृतिक खेती को लेकर सरकार से अब फंड नहीं मिल रहा है। इस कारण कृषि विवि में प्राकृतिक खेती पर होने वाले शोध कार्य धीमे पड़ गए हैं। हालांकि कृषि विभाग की ओर से आतमा प्रोजेक्ट के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जा रही है, लेकिन कृषि विवि के विशेषज्ञों के शोध कार्यों से मिलने वाला फायदा अब किसानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।

कृषि विवि पालमपुर में करीब 2018 से प्राकृतिक खेती पर कार्य शुरू हुआ था। इस कार्य पर पूर्व भाजपा सरकार की ओर से तीन करोड़ और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से 20 करोड़ रुपए कृषि विवि पालमपुर को दिया जा चुका है।

सूत्रों की मानें तो प्रदेश सरकार के कृषि सचिव और निदेशक ने कृषि विवि का दौरा कर प्राकृतिक खेती पर चल रहे शोध कार्यों की रिपोर्ट मांगी थी। लिहाज़ा बताया जा रहा है कि इसकी रिपोर्ट से वे संतुष्ट नहीं दिखे थे। जिसे देखकर अब प्रदेश सरकार ने इस प्रोजेक्ट से अपने हाथ खींच लिए हैं।

अब कृषि विवि पालमपुर में प्राकृतिक खेती के चल रहे प्रोजेक्ट को मिलने वाला फंड फिलहाल सरकार ने बंद कर दिया है। हालांकि, विवि की ओर से इस शोध कार्य को छह से एक साल का समय लगने की बात कही जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# मेडिकल कॉलेज, कृषि व बागवानी फार्मों पर संकट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

- 1957 से चल रहा है मामला
- संबंधित जमीन पर बने हुए कई सरकारी संस्थान



बल्ह निवासी मीर बक्श पुत्र सुल्तान मोहम्मद की सुप्रीम कोर्ट में जीत के साथ ही नेरचौक मेडिकल कॉलेज सहित कृषि एवं बागवानी विभाग के कई फार्म निजी हाथ में जा सकते हैं। वित्तीय संकट से गुजर रही प्रदेश सरकार पर कोर्ट के आदेश की अनुपालन हेतु मीर बक्श ने उच्च न्यायालय में 10 अरब 61 करोड रुपए दिए जाने का मामला दायर किया है।

उल्लेखनीय कि भारत सरकार द्वारा यह मान लिया गया था कि 1947 में सुल्तान मोहम्मद परिवार सहित पाकिस्तान चला गया है और 1957 में उसकी 110 बीघा जमीन को नीलाम कारवाई थी, जिसमें से कुछ जमीन सरकार ने अपने पास रख ली। इसी जमीन में से 8 बीघा सुल्तान मोहम्मद ने नीलामी में खरीद ली। सन 1957 से ही सुल्तान मोहम्मद ने दिल्ली में अपनी 110 बीघा जमीन के लिए इवैक्यू प्रॉपर्टी अपीलेट अथॉरिटी (कस्टोडीयन) के पास अपील दायर की।

1980 में कस्टोडीयन में फैसला आने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। सन 2002 में सुल्तान मोहम्मद के पुत्र मीर बक्श ने उच्च न्यायालय में याचिका में न्याय की गुहार लगाई। सन 2009 में जस्टिस राजीव शर्मा ने आमिर बख्श के हक में फैसला सुनाते हुए प्रदेश सरकार को उन्हें जमीन लौटाने के आदेश जारी किए।

प्रदेश सरकार ने एलपीए के माध्यम से डिवीजन बेंच में पीटीशन दायर की, जिसे बेंच द्वारा 2015 में खारिज कर दिया गया और उच्च न्यायालय के 2009 के फैसले को सहित ठहराया। इसके पश्चात 2015 में प्रदेश सरकार उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में गई जहां 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने भी मीर बख्श के पक्ष में फैसला सुनाया।

इसी आदेश की अनुपालना प्रदेश सरकार को मीर बख्श को 110 बीघा जमीन देना मुश्किल हो रहा है। मामले में वर्णित जमीन पर आज मंडी का मेडिकल कॉलेज नेरचौक, एसडीएम कार्यालय, कृषि व बागवानी के फार्म और कई अन्य सरकारी भवन खड़े हैं। उच्च न्यायालय द्वारा मुजायरा दाखिल करने के साथ ही प्रदेश सरकार की मुसीबतें और बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# सनातन धर्म को लेकर जागरूकता पैदा करेगी ब्राह्मण सभा बल्ह



ब्राह्मण सभा बल्ह खंड की बैठक के दौरान सदस्य व पदाधिकारी।

**अनिल शर्मा, मंडी**

ब्राहमण सभा बल्ह खंड संगठन को मजबूत करने, सनातन धर्म के प्रति जागरूकता व युवा पीढ़ी जो नशे की दलदल में फंस रही है को बचाने के लिए एक अभियान चलाएगी।

बल्ह खंड ब्राहमण सभा की मासिक बैठक जो प्रधान गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में बुशैहर गांव में संपन्न हुई में समाजिक सरोकारों से जुड़े कई निर्णय लिए गए। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बल्ह खंड एवं जिला ब्राहमण सभा के कार्यालय सचिव रूप चंद शर्मा ने बताया कि बैठक में 30 सदस्यों ने भाग लिया। निर्णय लिया कि संगठन को और मजबूत किया जाएगा। समाज में सनातन धर्म को लेकर जागरूता पैदा की जाएगी। सबसे अहम जो मुद्दा इस समय युवा पीढ़ी के नशे की गर्त में जाने का है उसे लेकर एक अभियान चलाया जाएगा तथा नशा माफिया के खिलाफ भी समाज को जागरूक किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि बल्ह खंड की सभी यूनिटों की मासिक बैठकें हुआ करेंगी ताकि यूनिटें क्रियाशील रहे। इस बैठक में विशेष रूप से बल्ह खंड के वरिष्ठ उपप्रधान तेज राम शर्मा, कैप्टन हेतराम शर्मा, सुरेंद्र पाठक, रोशन लाल शर्मा, कार्तिक शर्मा, मीना देवी, ईश्वर शर्मा व पदमनाभ आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (अनंत ज्ञान)

# बरसात शुरू होते ही त्वचा रोग की चपेट में आए बच्चे

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



हिमाचल में बरसात का मौसम शुरू होते ही बच्चे त्वचा रोगों से ग्रस्त होने लगे हैं। कांगड़ा जिले के धर्मशाला अस्पताल में बाल ओपीडी में बुखार-जुकाम के मरीज तो बढ़े ही हैं, वहीं त्वचा रोग के मरीज भी आना शुरू हो गए हैं।

सबसे अधिक इसकी चपेट में बच्चे आ रहे हैं। जोनल अस्पताल धर्मशाला में पिछले हफ्ते रोजाना बाल विभाग की ओपीडी 100 के करीब रही, इसमें रोजाना 25 के करीब बच्चे त्वचा रोग से पीड़ित पाए गए। क्षेत्रीय अस्पताल से बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल वर्मा ने बताया कि बरसात में मौसम में बदलाव के कारण बच्चे बीमार हो रहें हैं।

**जोनल अस्पताल धर्मशाला में रोजाना आ रहे 25 मामले**

बरसात में आजकल त्वचा रोग ज्यादा बढ़ जाते हैं। इससे बचाव के लिए तीमारदारों को घर पर अपनी पानी की टंकियों की क्लोरीनेशन समय-समय पर साफ करनी चाहिए, जिससे बच्चे बीमारी से बच सके। बच्चों को गुनगुने पानी का सेवन ही करवाएं। बाहर जाते समय अपने साथ पानी की बोतल साथ रखें और बाहर से आते ही बच्चों के हाथ धुलवाएं।

बरसात में बच्चों के हाथ की सफाई आवश्यक है, जिससे बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। लोग अपने बच्चों को जितना हो सके, घर का बना खाना खिलाएं। बाहर के खाने का सेवन करने से बच्चों में बीमारियां बढ़ रही हैं। जितना हो सके, पानी उबालकर ठंडा या फिल्टर कर पीएं। बासी भोजन का सेवन न करें। बच्चों को अधिक फलों का सेवन करवाएं।

# मंडी कॉलेज में मनाया विश्व युवा कौशल दिवस



विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर प्रतिभागी व शिक्षक।

**अनिल शर्मा, मंडी**

राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी में सोमवार को वर्ल्ड यूथ स्किल डे मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इनमें मुख्य तौर पर ईईई, डीडीटीओ एवं कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस आयोजन में प्रशिक्षु दिव्य शर्मा, प्रियंका व सुनीता का खास सहयोग रहा। नोडल अधिकारी प्रोफेसर रविंद्र ने इस मौके पर प्रशिक्षुओं व प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये कोर्स विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

विद्यार्थी जितना अधिक इस कोर्स के माध्यम से सीखेंगे उतना ही उनके लिए लाभदायक साबित होगा। इस मौके पर यूथ स्किल्स फॉर पीस एंड स्किल डेवलपमेंट विषय पर भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। इनमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)





## बरसात में जल स्रोतों में प्रदूषित तत्व मिलने से पेयजल की गुणवत्ता में आती है भारी गिरावट

# सहजन और नागफनी पानी साफ करने में कारगर



**अनिल शर्मा, मंडी**



बरसात का मौसम जहां एक ओर जल स्रोतों को पुनर्जीवित करता है, वहीं दूसरी ओर पीने के पानी में जल प्रदूषण की समस्या को और गंभीर बना देता है। बारिश के कारण नदियों झीलों और भूमिगत जल स्रोतों में प्रदूषित तत्व कई कारणों से मिल जाते हैं, जिससे पेयजल की गुणवत्ता में भारी गिरावट आती है। परिणाम स्वरूप लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल प्राप्त करने में कठिनाई होती है और प्रदूषित जल पीने से डायरिया, हैजा, टाइफाइड और अन्य जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जल प्रदूषण के कारण पारिस्थितिकी तंत्र पर बुरा असर पड़ता है।

वहीं वल्लभ कालेज मंडी में बाटनी विभागाध्याक्ष प्रो. तारा देवी सेन का कहना है कि बेशक हम घरेलु स्तर पर वाटर फिल्टर या प्यूरीफाई का प्रयोग करें, लेकिन हमारी पारंपरिक विधियों में सहजन, मोरिंगा ओलीफेरा और नागफनी ओपंनिया फिकस इंडिका जड़ी बूटी कारगर हैं। इन दोनों ही जड़ी बूटियों पर हुए कई शोध यह साबित करते हैं कि पानी में सहजन के बीज और नागफनी का जेल मिलाए जाने पर यह पानी की दूषित पदार्थों को साफ कर देता है। सहजन एक अत्यंत पौष्टिक पौधा है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यह पौधा प्रदेश के 1500 मीटर तक आसानी से उपलब्ध है और कई रोगों में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। जानकारी के अभाव में यह पौधा अपने औषधीय और पोषणात्मक गुणों के बावजूद अज्ञात और अप्रयुक्त रह जाता है। जबकि नागफनी जिसे स्थानीय भाषा में द्राभड़ छूंह या काबुली छूंह के नाम से जाना जाता है, यहां के लोगों के लिए एक बेकार पौधा माना जाता है। ऐसे में इन दोनों पौधों का परंपरागत विधियां के रूप में उपयोग लोगों को घर में ही दूषित पानी से मुक्ति दिला सकता है और एक अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी हो सकते हैं।

मोरिंगा के बीज और नागफनी का जेल पर्याप्त मात्रा में घर में रखे पानी की बर्तनों में भी डाला जा सकता है। यही नहीं इनकी पर्याप्त मात्रा को कुंओं व बावडियों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इनमें पाए जाने वाले पोषक तत्व पानी के गंदगी को पूरी तरह से साफ कर देते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मोरिंगा के बीजों को पीसकर इस्तेमाल करने से सर्वोत्तम शुद्धिकरण के मिले हैं परिणाम : डॉ. तारा

**डॉ. तारा** के अनुसार कई शोध कार्यों से यह प्रमाणित है कि मोरिंगा के बीजों को पीसकर उसके पाउडर से जल गुणवत्ता में 80 प्रतिशत तक सर्वोत्तम शुद्धिकरण परिणाम मिले हैं और दुनिया के कयी विकासशील देश इसका उपयोग जल शोधक के रूप में करते हैं।



मोरिंगा बीज में पानी में घुलनशील प्रोटीन जो एक स्कंदकारी के रूप में कार्य करता है और कठोरता के संदूषण को 40 प्रतिशतए गंदलापन को 60 प्रतिशत, क्लोराइड को 61 प्रतिशत तक कम करता है। इस इसमें एंटी-माइक्रोबियल गुण शामिल होते हैं जो कुल कोलीफॉर्म को 80 प्रतिशत तक हटा सकता है। नागफनी और सहजन संयुक्त रूप से 92 से 99 प्रतिशत तक गंदगी को हटाने में सक्षम हैं।

सहजन के बीजों में प्रोटीन होता है जिसमें सक्रिय जमावट गुण होते हैं और कई देशों में गंदगी हटाने के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है। मोरिंगा के बीज मुख्य रूप से चार्ज न्यूट्रलाइजेशन के माध्यम से संचालित होते हैं जबकि नागफनी मुख्य रूप से ब्रिजिंग जमावट तंत्र के माध्यम से संचालित होता है। कैक्टस नागफनी के आंतरिक और बाहरी पैड में पॉलीगैलेक्ट्यूरोनिक एसिड होता है, जो जमावट क्षमताओं वाला एक आयन बायोपॉलिमर है। लोग अपनी सुविधा और उपलब्धता के हिसाब से नागफनी या फिर सहजन बीज पाउडर या फिर दोनों का उपयोग कर सकते हैं।

### मात्रा के हिसाब से इस्तेमाल होता है मोरिंगा व नागफनी का जेल

**पानी** कम गंदा है तो एक लीटर पानी में 50 एमजी से 150 एमजी मोरिंगा के बीजों का पाउडर डाल सकते हैं। पानी ज्यादा गंदा हो तो 200 एमजी से 250 एमजी तक डाल सकते हैं। इसी तरह प्राकृतिक स्रोत इसमें बावड़ी में या कुओं जिसमें 100 लीटर से अधिक पानी हो उसमें हर सप्ताह 100 ग्राम मोरिंगा के बीजों का पाउडर और नागफनी का जेल पानी साफ करने के लिए डाला जा सकता है।

### खेती को मिले बढ़ावा

**डॉ.** तारा सेन ने बताया कि बरसात में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में बड़े स्तर पर पौधे लगाए जाते है। इस मौसम में मोरिंगा की खेती को बढ़ावा दिया जाए तो भूजल दूषित होने से बचाया जा सकता है। मोरिंगा 1500 मीटर की ऊंचाई तक आसानी से उगाया जा सकता है। जबकि नागफनी 2500 मीटर की ऊंचाई तक आसानी से उग सकता है। इनको स्थानीय लोगों, वन विभाग और पंचायतों के सहयोग से बड़े स्तर पर उगाया जा सकता है।

परित्राणाय साधूनाम्
विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय
संभवामि युगे युगे॥

भावार्थ : श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन, भक्तों और सज्जनों का कष्ट दूर करने के लिए, उनके उद्धार और उनकी रक्षा और दुष्टों के (दुष्कृताम्) के विनाश के लिए एवं धर्म के सिद्धांतों की रक्षा, धर्म की पुनर्स्थापना के लिए मैं हर युग में प्रकट होता हूं। हर युग में आता हूं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 16 जुलाई 2024

# देवशयनी एकादशी से चार माह तक पाताल में योग निद्रा में रहते हैं भगवान विष्णु

देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को



**तरह**-तरह की एकादशियों में एक हरिशयनी एकादशी भी आ जाती है, जिसे देवशयनी व पद्मा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह एकादशी आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष में पड़ती है, जब सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करता है। इसी समय से भगवान विष्णु का शयनकाल और चारमासा भी शुरू हो जाता है। चार मास के पश्चात ही जब प्रबोधनी एकादशी को भगवान विष्णु जागृत होते हैं तो शयन का यह सारा समय श्री हरि विष्णु द्वारा क्षीर सागर में ही व्यतीत होता है। इस संबंध में ऐसे भी बताया जाता है कि भगवान विष्णु ने राजा बलि के पास पाताल लोक में रहने का वचन भी दे रखा था, इसीलिए वह पाताल में राजा बलि के द्वार पर चार मास तक शयन करके, कार्तिक शुक्ल की एकादशी को वापस लौटते (जागृत होते) हैं, जिसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। जबकि इस अवस्था में सूर्य तुला राशि में प्रवेश करता है। भगवान विष्णु हरि के शयन के चार महीनों में किसी भी शुभ कार्य को नहीं किया जाता अर्थात यज्ञोपवीत, विवाह शादी, दीक्षा ग्रहण, यज्ञ, गृह प्रवेश गौदान व प्रतिष्ठा आदि सभी कार्य बंद रहते हैं, लेकिन हां कोई मुरम्मत का काम, वाहन व आभूषणों की खरीद आदि की जा सकती है। भगवान विष्णु के इस हरिशयन को पुराणों (भविष्य, पद्म व भागवत पुराण) में योगनिद्रा कहा गया है। इसी योगनिद्रा के कारण ही इस काल में बादलों व वर्षा के फलस्वरूप सूर्य व चंद्रमा का तेज कम हो जाता है जो कि भगवान विष्णु के शयन का ही कारण बताया जाता है। आगे इसी के परिणाम से पित्त (अग्नि) की गति शांत होने लगती है और शारीरिक गतिविधियां भी ढीली पड़ जाती हैं। भगवान विष्णु के शयन का एक दूसरा कारण शास्त्रों में यह भी मिलता है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन ही हरि विष्णु जी ने दैत्य शंखासुर का वध किया था और उसके बाद थकान के कारण क्षीर सागर में शयन को चले गए थे। इसी प्रसंग से जुड़ी पातल लोक के प्रतापी राजा बलि की पौराणिक कथा में बताया गया है कि वह बहुत ही विनम्र व दानी प्रवृत्ति का राजा था। कहते हैं एक बार यज्ञ के अवसर पर वामन रूप में भगवान विष्णु जी ने राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पग रखने के लिए स्थान की मांग रखी, जिसके लिए दानी राजा बलि ने हामी भर दी। वामान अवतार भगवान विष्णु ने अपने पहले ही पग से सूर्य, पृथ्वी और आकाश तथा दूसरे पग से स्वर्ग लोक को माप लिया था, तब तीसरे पग को रखने के लिए राजा बलि ने अपने आप को समर्पित करते हुए अपना सिर ही आगे कर दिया था, जिस पर भगवान विष्णु प्रसन्न हो गए और उन्होंने पाताल लोक बलि को देकर उसे वर मांगने को कह दिया। तब बलि ने भगवान विष्णु को ही अपने यहां महल में रहने का वर मांग लिया था। इस पर देवी लक्ष्मी ने बलि राजा को अपना भाई बनाकर व अपने पति भगवान विष्णु को वचन (वर) बंधन से मुक्त करा लिया और बदले में तीनों देवों अर्थात ब्रह्मा, विष्णु व महेश को चार-चार मास के लिए निवास करने के लिए कह दिया था, जिसके अनुसार भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी से देवउठानी एकादशी तक, भगवान शिव (महेश) महाशिरात्रि तक तथा देव ब्रह्माजी शिवरात्रि से देवशयनी एकादशी तक निवास करने के लिए कहे गए थे। देवशयनी एकादशी के व्रत का बहुत ही महत्व बताया जाता है, अर्थात इस व्रत के रखने से सभी तरह के पापों, किसी भी तरह के किए अपराधों आदि से मुक्ति मिल जाती है साथ ही सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, जिनका विस्तार से वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण व पद्म पुराण से मिल जाता है। व्रत के महत्व संबंधी एक पौराणिक कथा भी सुनने को मिलती है। कथा के अनुसार, बताया जाता है कि सतयुग में भांधाता नाम का एक बड़ा ही प्रतापी राजा हुआ करता था। उसके राज्य में सभी जन बड़े ही सुख चैन से रहते थे, लेकिन वर्षा न होने व आकस्मिक अकाल पड़ जाने से प्रजा में त्राहि त्राहि मच गई थी और प्रजा अपने राजा के पास पहुंच कर फरियाद करने लगी थी। इस प्रकार राज्य में प्रजा दुख के साथ सभी तरह की धार्मिक कार्य भी रुक गए थे। भांधाता राजा चारों तरफ से दुखों से घिर चुका था। एक दिन अपने दुखों के समाधान के लिए वह जंगल की ओर चल दिया और वहां वह देव ब्रह्मा के पुत्र ऋषि अंगिरा के आश्रम में जा पहुंचा और अपनी सारी व्यथा ऋषि अंगिरा से सुनाई। ऋषि अंगिरा सारी समस्या को जड़ से मिटाने के लिए राजा भांधाता को आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी का व्रत करने कहा। राजा ने ऋषि को प्रणाम करते हुए अपना आभार व्यक्त किया और वापस अपने राज्य लौट आया। राजा के देवशयनी एकादशी का व्रत रखने के पश्चात ही भारी बारिश हुई और सब को अकाल से निजात मिल गई। इसके पश्चात राजा और प्रजा सभी सुख चैन से रहने लगे थे। देवशयनी एकादशी की पूजा पाठ व व्रत के लिए सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करके, स्वच्छ वस्त्र धारण करने चाहिए। घर आंगन में स्वच्छ जल का छिड़काव करके साफ सुथरे लकड़ी के पटड़े पर भगवान विष्णु लक्ष्मी की सोने, चांदी या किसी अन्य धातु की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर पटड़े पर पीले रंग के वस्त्र पर रख कर स्थापित करना चाहिए। इसके साथ तुलसी जल, धूप दीप के साथ भोग आदि रखकर विधि विधान से पूजा पाठ करना चाहिए। इस बार देवशयनी एकादशी का त्योहार 17 जुलाई को मनाया जा रहा है।

*प्रस्तुति : डॉ. कमल के प्यासा, लोअर समखेतर (मंडी)*



**एकादशी** के दिन दान देना बेहद शुभ और मंगलकारी माना जाता है। दान एक ऐसा कार्य है जिसके जरिए हम न केवल धर्म का पालन कर रहे होते हैं, बल्कि इसके प्रभाव से अपने जीवन की तमाम परेशानियों से भी निकल सकते हैं। लंबी आयु, रक्षा और सेहत के लिए दान

## देवशयनी एकादशी पर दान का महत्व

अचूक माना जाता है। जीवन की तमाम समस्याओं से निजात पाने के लिए दान का विशेष महत्व है। वेद और पुराणों में दान देने के महत्व का वर्णन मिलता है। वेदों में कहा गया है कि दान से इंद्रिय भोगों के प्रति आसक्ति (मोह) छूटती है। जो शरीर के छूटने या मुक्त होने में जरूरी भूमिका निभाती है। साथ ही साधक के मन और विचारों में खुलापन आता है। दान करने से सभी तरह के दैहिक, मानसिक और आत्मिक ताप मिट जाते हैं और दान देने वाले की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**दान** देने के महत्व का उल्लेख करते हुए सनातन परंपरा के प्रसिद्ध ग्रंथ कूर्मपुराण में कहा गया है–

*स्वर्गायुर्भूतिकामेन तथा पापोपशान्तये।*
*मुमुक्षुणा च दातव्यं ब्राह्मणेभ्यस्तथाअवहम्॥*

अर्थात् स्वर्ग, दीर्घायु तथा ऐश्वर्य के अभिलाषी और पाप की शांति तथा मोक्ष की प्राप्ति के इच्छुक व्यक्ति को ब्राह्मणों और पात्र व्यक्तियों को भरपूर दान करना चाहिए।

**देवशयनी एकादशी पर करें इन चीजों का दान**

देवशयनी एकादशी पर दान का बड़ा महत्व माना जाता है। कहा जाता है कि इस शुभ दिन पर अन्न और भोजन का दान सर्वोत्तम है। देवशयनी एकादशी के पुण्यकारी अवसर पर नारायण सेवा संस्थान के दीन-हीन, असहाय, निर्धन बच्चों को भोजन दान करने के प्रकल्प में सहयोग करके पुण्य के भागी बनें।

*–प्रस्तुति: अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर*

# श्रावण संक्रांति को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य



**श्रावण** संक्रांति में सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। श्रावण संक्रांति का समय 16 जुलाई को आरंभ होगा। संक्रांति के पुण्य काल समय दान, जप, पूजा पाठ इत्यादि का विशेष महत्व होता है। इस समय पर किए गए दान पुण्य का कई गुना फल प्राप्त होता है। ऐसे में शंकर भगवान की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। सूर्य का एक राशि से दूसरा राशि में प्रवेश संक्रांति कहलाता है। सूर्य का कर्क राशि में प्रवेश ही 'कर्क संक्रांति या श्रावण संक्रांति कहलाता है। सूर्य के उत्तरायण होने को मकर संक्रांति तथा दक्षिणायन होने को कर्क संक्रांति कहते हैं। श्रावण से पौष मास तक सूर्य का उत्तरी छोर से दक्षिणी छोर तक जाना दक्षिणायन होता है। कर्क संक्रांति में दिन छोटे और रातें लंबी हो जाती हैं। शास्त्रों एवं धर्म के अनुसार उत्तरायण का समय देवतायओं का दिन तथा दक्षिणायन देवताओं की रात्रि होती है। इस प्रकार, वैदिक काल से उत्तरायण को देवयान तथा दक्षिणायन के पितृयान कहा जाता रहा है।

**कर्क संक्रांति पूजनः** कर्क संक्रांति समय काल में सूर्य पितरों का अधिपति माना जाता है। इस काल में षोडश कर्म और अन्य मांगलिक कर्मों के अतिरिक्त अन्य कर्म ही मान्य होते हैं। श्रवण मास में विशेष रूप से भगवान भोले नाथ की पूजा-अर्चना की जाती है। इस माह में भोलेनाथ की पूजा करने से पुण्य फलों में वृद्धि होती है। इस मास में प्रतिदिन श्री शिव महापुराण व शिव स्त्रोतों का विधिपूर्वक पाठ करके दूध, गंगा-जल, बिल्बपत्र, फल इत्यादि सहित शिवलिंग का पूजन करना चाहिए। इसके साथ ही इस मास में ऊं नमः शिवायः मंत्र का जाप करते हुए शिव पूजन करना लाभकारी रहता है। इस मास के प्रत्येक मंगलवार को श्री मंगलागौरी का व्रत, पूजन इत्यादि विधिपूर्वक करने से स्त्रियों को विवाह, संतान व सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**सावन संक्रांति महत्वः** सावन संक्रांति अर्थात कर्क संक्रांति से वर्षा ऋतु का आगमन हो जाता है। देवताओं की रात्रि प्रारंभ हो जाती है और चातुर्मास या चौमासा का भी आरंभ इसी समय से हो जाता है। यह समय व्यवहार की दृष्टि से अत्यधिक संयम का होता है, क्योंकि इसी समय तामसिक प्रवृत्तियां अधिक सक्रिय होती हैं। व्यक्ति का हृदय भी गलत मार्ग की ओर अधिक अग्रसर होता है अतः संयम का पालन करके विचारों में शुद्धता का समावेश करके ही व्यक्ति अपने जीवन को शुद्ध मार्ग पर ले जा सकने में सक्षम हो पाता है। इस समय उचित आहार विहार पर विशेष बल दिया जाता है। इस समय में शहद का प्रयोग विशेष तौर पर करना लाभकारी माना जाता है। अयन की संक्रांति में व्रत, दान कर्म एवं स्नान करने मात्र से ही प्राणी संपूर्ण पापों से मुक्त हो जाता है। कर्क संक्रांति को दक्षिणायन भी कहा जाता है। इस संक्रांति में व्यक्ति को सूर्य स्मरण, आदित्य स्त्रोत एवं सूर्य मंत्र इत्यादि का पाठ व पूजन करना चाहिए जिसे अभिष्ट फलों की प्राप्ति होती है। संक्रांति में की गई सूर्य उपासना से दोषों का शमन होता है। संक्रांति में भगवान विष्णु का चिंतन-मनन शुभ फल प्रदान करता है।

*-प्रस्तुति : अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर*

# गौ संरक्षण के लिए श्रीराम नाम महा अनुष्ठान यज्ञ करेंगे महंत राजेश्वरानंद सरस्वती

98 लाख जप लेखन कार्य पूर्ण, चार करोड़ का लक्ष्य तय

*लोक परलोक दोनों में तारने वाला श्रीराम नाम*

**शीघ्र** ही छोटी काशी मंडी में श्रीराम नाम महायज्ञ का महाअनुष्ठान होगा। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने जनकल्याण व गौ संरक्षण, संवर्धन के लिए श्रीराम नाम लेखन महाअनुष्ठान यज्ञ का प्रण लिया है, जिसके चलते वर्तमान में 98 लाख के लगभग श्रीराम नाम लेखन जप पूर्ण हो चुका है। महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि कलयुग केवल नाम अधारा और धारा अधारा सुमिरि सुमिरि नर उतरिहिं पारा अर्थात आनंद रामायण में कहा है कि राम नाम जप की अपेक्षा 100 गुना अधिक पुण्य राम नाम लिखने से मिलता है। श्रीराम नाम लेखन जब लाल स्याही से लिखते हैं तो हनुमानजी प्रसन्न होते हैं। भक्त प्रसन्न होते हैं तो भगवान स्वत: ही प्रसन्न हो जाते हैं। श्रीराम नाम लेखन जप में ऐसी शक्ति है कि बुरे समय को भी शुभ समय में परिवर्तित कर सुख सौभाग्य, समृद्धि, भक्ति और मुक्ति प्रदान करता है। श्रीराम नाम लेखन लोक परलोक दोनों में तारने वाला है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस के अनुसार, श्रीगणेश जी ने श्रीनारद के सुझाव पर पृथ्वी पर श्रीराम नाम लिखकर श्रीराम नाम की तीन परिक्रमा करके विजय प्राप्त की थी और सारे संसार और देवताओं में सर्वप्रथम पूजनीय हुए थे। कलयुग में मनुष्य सिर्फ श्रीराम नाम के जप से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि राम नाम कलि अभिमत दाता हित परलोक लोक पितु माता अर्थात लोक परलोक में केवल राम नाम ही सब कुछ है बाकी कुछ नहीं।



महंत राजेश्वरानंद सरस्वती



## कितना लेखन जप करने से क्या-क्या लाभ

**महंत** राजेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार 1,25,000 लेखन जप करने से जन्म में अर्जित पापों का नाश प्रारंभ हो जाता है। अढ़ाई लाख लेखन जप करने से पापों का समन्वय क्रूर ग्रहों का निवारण हो जाता है। 5,00,000 लेखन जप करने से भगवान राम के श्री चरणों की भक्ति में वृद्धि होती है। 10,00,000 लेखन जप करने से जन्म जन्मांतर के पापों का क्षय होता है। 25,00,000 लेखन जप करने से समस्त ऐश्वर्य व मुक्ति का फल प्राप्त होता है। 50 लाख जप करने से समस्त यज्ञ का फल मिलता है। 75 लाख करने से भगवान राम की असीम कृपा और अखंड भक्ति प्राप्त होती है। 80 लाख जप करने से 84,00,000 योनियों से मुक्ति मिलती है फिर जीवात्मा को किसी भी योनी में नहीं जाना पड़ता है। 1,00,00,000 लेखन जप करने से अश्वमेध यज्ञ का दोगुणा फल व विष्णु लोक की प्राप्ति होती है। आत्म कल्याण के लिए नित्य प्रति एक पेज श्रीसीताराम या श्रीराम नाम लेखन जप अवश्य करना चाहिए।

## श्रीराम नाम से रावण भी तर गया

**महंत** राजेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सूर्य का प्रकाश, चंद्रमा की शीतलता राम नाम ही है। अग्नि में श्रीराम निकल जाए तो सिर्फ राख बचती है अर्थात शरीर से राम रूपी आत्मा के निकलने से शरीर मिट्टी का हो जाता है। रावण जैसे राक्षस के मुख से भी अंतिम समय में श्रीराम नाम निकला और उसकी मुक्ति हो गई। सतयुग में तप और ध्यान करने, त्रेतायुग में यज्ञ और योग करने, द्वापर में पूजा पाठ कर्मकांड करने और कलयुग में मात्र श्रीराम नाम लेखन जप करने से बराबर पुण्य मिलता है। श्रीराम नाम लेखन जप समस्त प्रकार के दैहिक, दैविक व भौतिक सुखों से श्रीयुक्त करने में सर्वदा प्रभावी तथा आत्मत्थान का सबसे सुगम साधन है। विश्व में सभी वर्णाश्रम श्रीराम नाम लेखन जप कर सकते हैं और साफ पुस्तिका में दोनों तरफ लाल स्याही से स्पष्ट अक्षरों में लेखन जप करने के बाद उसे पीले या लाल वस्त्र में बांधकर रखना चाहिए और कार्य पूर्ण होने पर श्रीराम नाम बैंक में जमा करवा देना होता है।

*प्रस्तुति : अनिल शर्मा, नौबाही (मंडी)*

# बांस जलाने से लगता है पितृ दोष

**बांस** जलाने से पितृ दोष लगता है। वहीं, जन्म के समय जो नाल माता और शिशु को जोड़ के रखती है, उसे भी बांस के वृक्षों के बीच में गाड़ते हैं ताकि वंश सदैव बढ़ता रहे।

***क्या इसका कोई वैज्ञानिक कारण है?***

बांस में लेड व हेवी मेटल प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। लेड जलने पर लेड ऑक्साइड बनाता है जो कि एक खतरनाक नीरो टॉक्सिक है। हेवी मेटल भी जलने पर ऑक्साइड्स बनाते हैं, लेकिन जिस बांस की लकड़ी को जलाना शास्त्रों में वर्जित है। यहां तक कि चिता में भी नहीं जला सकते, उस बांस की लकड़ी को हम लोग रोज अगरबत्ती में जलाते हैं। अगरबत्ती के जलने से उतपन्न हुई सुगंध के प्रसार के लिए फेथलेट नाम के विशिष्ट केमिकल का प्रयोग किया जाता है। यह एक फेथलिक एसिड का ईस्टर होता है जो कि श्वास के साथ शरीर में प्रवेश करता है, इस प्रकार अगरबत्ती की तथाकथित सुगंध न्यूरोटॉक्सिक एवम हेप्टोटॉक्सिक को भी स्वांस के साथ शरीर में पहुंचाती है। इसकी लेश मात्र उपस्थिति कैंसर अथवा मष्तिष्क आघात का कारण बन सकती है। हेप्टो टॉक्सिक की थोड़ी सी मात्रा लिवर को नष्ट करने के लिए पर्याप्त है। शास्त्रों में पूजन विधान में कहीं भी अगरबत्ती का उल्लेख नहीं मिलता। सब जगह धूप ही लिखा है। हर स्थान पर धूप, दीप, नैवेद्य का ही वर्णन है। अगरबत्ती का प्रयोग भारतवर्ष में इस्लाम के आगमन के साथ ही शुरू हुआ है। इस्लाम मे ईश्वर की आराधना जीवंत स्वरूप में नहीं होती, परंतु हमारे यहां होती है। मुस्लिम लोग अगरबत्ती मजारों में जलाते हैं, उनके यहां ईश्वर का मूर्त रूप नहीं पूजा जाता। अतः कृपया सामर्थ्य अनुसार स्वच्छ धूप का ही उपयोग करें।



आचार्य, अमन कुमार शर्मा

# महाभारतकालीन घटना की गवाह है करसोग की नागनी जान

**सुकेत** के दक्षिणी भाग का पर्वतीय क्षेत्र करसोग वैदिक व महाभारत काल की कई परंपराओं से जुड़ा है। करसोग कस्बे में ममेल नामक स्थान में प्रतिष्ठित ममलेश्वर महादेव की पावन भूमि भार्गव वंश के प्रवर्तक ऋषि भृगु की तपो स्थली व इसी वंश के रेणुकानंदन परशुराम की भी तपोभूमि रही है। मरणासन्न रावण ने यहीं महाकाल को परशुराम के माध्यम से प्रतिष्ठित किया था। तभी उसके ब्रह्मरंध्र में अटके प्राण मुक्त हुए थे। त्रेतायुग के बाद द्वापर युग में पांडव माता कुंती के साथ यहीं एकचक्रा नगरी में रुके व भीम ने क्षेत्राधिपति बकासुर का वध कर उसके आतंक से क्षेत्र को मुक्त किया। करसोग क्षेत्र में पांडव एक लंबे समय तक रहे और यहां की आर्येत्तर जातियों यक्ष-यक्षिणी व दानवों के आतंक से लोगों को मुक्ति दिलाई। ममेल में रहकर पांडवों ने काशी के समकक्ष इक्क ासी शिवलिंग स्थापित करने का उद्यम कर इस स्थान को शिव स्थली बनाया। करसोग के पूर्व में बंथल पंचायत के अंतर्गत रिक्क ी वार्ड में एक विशालकाय प्रस्तर शिला नाग के आकार में नागणी जान के रूप में स्थित है। यह नाग के आकार की शिला भी महाभारत काल की घटना की साक्षी रही है। इस नागणी जान यानी शिला को दूर से देखा जा सकता है और अपने देहधारी जीव की आकृति के कारण कौतूहल को सहज ही उत्पन्न कर देती है। नागणी जान आज दैवीय विभूति की तरह पूज्य है।

### ◆ नरभक्षी नागिन दो बहनें थी

नागणी जान के विषय में लोक मान्यता है कि महाभारत काल में करसोग के क्षेत्र में इस नरभक्षी नागिन का आतंक था। यह नागिन एक यक्षिणी थी जिसकी एक अन्य बहन मंडी के सराज क्षेत्र के अंतर्गत जंजैहली में अपने आतंक के लिए कुख्यात थी। ये दोनों बहनें इतनी शक्ति शाली थीं कि वे शिकारी शिखर पर अवस्थित शिकारी देवी को चुनौती देने का सामर्थ्य रखती थीं। जब पांडव लाक्षागृह की घटना के बाद इस क्षेत्र में आए तो भीम ने दोनों बहनों का वध कर डाला। वध करने के बाद दोनों यक्षिणियों को देवत्व प्रदान किया।

### ◆ आज भी जुड़ा है नागणी जान का कटा सिर

**करसोग** के बंथल क्षेत्र में आज भी भीमकाय शिला नागिन रूप में विराजमान है। इस यक्षिणी के सिर को भीम ने काट डाला था। आज भी इस नागणी जान के कटे सिर के रूप में प्रस्तर का बड़ा अंश यथावत विशालकाय शिला पर अडिग टिका हुआ है। नागणी जान का आकार एक वृहद रूप लिए हुए है जिसकी ऊंचाई लगभग 70 फुट व लंबाई भी लगभग इतनी ही है। जंजैहली में पांडव शिला के नाम से बंथल की यक्षिणी की बहन का विग्रह भी कौतूहलपूर्ण है। इस यक्षिणी को 'चुटकी जान' के नाम से भी जाना जाता है। इस शिला को एक अंगुली के बल से भी हिलाया जा सकता है।



### ◆ भीम का विशाल पांव भी है मौजूद

**वैदिक** काल में आर्यों के आगमन से पूर्व हिमालयी क्षेत्र में कोल, किरात, यक्ष, नाग व किरात जैसी आर्येत्तर जातियां रहती थीं। नाग व यक्ष जल स्रोतों के अधिपति थे। आज भी हिमालयी क्षेत्र में जलप्रपात, बावड़ी व गहरे जल में यक्ष-यक्षिणियों व नाग-नागिनों के वास की परंपरा प्रचलित है। बंथल के रिक्क ी में स्थित नागणी जान के विषय में शौंठ गांव के जियालाल मेहता का कहना है नागणी जान की पूजा हर संक्रांति में की जाती है। नागणी जान के नीचे पांडुपुत्र भीम का विशाल पांव भी प्रस्तर पर अंकित है जो भीम द्वारा यक्षिणी का वध किए जाने को प्रमाणित करता है।

### ◆ भेखल पर लगती थी सोने की कोंपलें

**डॉक्टर** हिमेंद्र बाली का कहना है कि नागणी जान के नीचे एक सदानीरा बावड़ी भी है। इस बावड़ी का संबंध सनारली के सनारटु राणे से है। उसके महल में भीमकाय भेखल के वृक्ष पर प्रतिदिन उगने वाली सोने की कोपलों से जुड़ा है। डॉक्टर हिमेंद्र बाली कहते हैं कि सनारली में इस राणा के पास 50-60 हाथ ऊंचा व 4-5 हाथ चौड़ा भेखल झाड़ी का वृक्ष था। इसी वृक्ष पर प्रतिदिन उगने वाली सोने की कोपलों से राणा सोने की थाली बनवाता था। उस थाली में भोजन कर एक कंदरा या दरार में उसे फेंक देता था। इस राणा ने माहूंनाग व देव महासु जो ब्राह्मण वेष में कुटिया बनाने के लिए राणा से जमीन मांगने आए उन्हें जेल में डाल दिया था। बारह वर्ष जेल में रहने के बाद एक दिन दोनों देव नहाने के बहाने नागनी जान के पास गए। दोनों ने देखा कि नागनी जान की बावड़ी से निकलने वाले जल से राणा सनारलु का अलौकिक भेखल का वृक्ष सिंचित हो रहा है। अतः दोनों ने भेखल वृक्ष के लिए होने वाली जलापूर्ति को रोक दिया। अतः जल के अभाव में सोने की कोपलें उगाने वाला भेखल वृक्ष सूख गया। इसी वृक्ष से कालांतर में ममेल व काव में रखे गए भेखल के विशाल ढोल बनाए गए। ये ढोल आज भी इन मंदिरों में मौजूद हैं।

### ◆ नागनी जान की पूजा से थमा सांपों का प्रकोप

**संस्कृति** मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि नागनी जान की पूजा पशुधन रक्षा, धन-धान्य वृद्धि व नागों के प्रकोप से बचने के लिए की जाती है। शौंठ निवासी जियालाल मेहता के अनुसार, एक बार इस क्षेत्र में सांपों का प्रकोप बढ़ गया। अतः नागनी जान की पूजा-अर्चना से सांपों का प्रकोप थम गया। तभी से नागनी जान की पूजा हर संक्रांति में की जाती है। धान की फसल लगाने से पहले नागणी जान की विशेष पूजा संपन्न की जाती है। नागणी जान की पूजा का दायित्व पारली सेर व खराटलु गांव के लोगों का रहता है। नागनी जान के रूप में प्रतिष्ठित यक्षिणी की मान्यता शिलानाल, बंथल, चमैरा, राड़ीधार, शौंट, रिक्क ी, खनौरा, लठैहरी, मड़ाहग, बान-[ ान व नहरठी गांव में है। नागनी जान के इस स्थान पर शौंप गांव के देव शंकर तीसरे वर्ष निकलने वाले फेर में यहां रात्रि प्रवास करते हैं। महाभारत काल में पांडवों के सुकेत के इस क्षेत्र से जुड़ी घटना की साक्षी नागनी जान आज बंथल व आस-पास के क्षेत्र में आस्था के केंद्र में है। पांडवों का करसोग क्षेत्र व सराज के रायगढ़ क्षेत्र से भी संबंध रहा है। ऐधन निवासी वीरसेन का कहना है कि वास्तव में नागणी जान (शिला) के प्रति लोक आस्था व इससे जुड़े वैदिक आख्यान यहां के इतिहास व संस्कृति को परिपुष्ट करते हैं।

**प्रस्तुति : पीयूष शर्मा, करसोग**



# आशीष शर्मा पहुंचे दिल्ली केंद्रीय नेताओं से मिलेंगे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

## हमीरपुर के उपचुनाव में भितरघात करने वालों का खोलेंगे चिट्ठा

हमीरपुर उपचुनाव में जीते भाजपा के विधायक आशीष शर्मा दिल्ली पहुंच गए हैं। वे पार्टी के केंद्रीय नेताओं से मिलेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी उनकी मुलाकात मंगलवार को हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि नड्डा समर्थक कुछ और नेता भी मंगलवार शाम को दिल्ली पहुंच सकते हैं, ताकि आगे की रणनीति को अंजाम दिया जा सके। दिल्ली में इन नेताओं की कदमताल किस-किस पर भारी पड़ेगी, इसकी चर्चा शुरू हो गई है।



विधायक आशीष शर्मा के दिल्ली दौरे को लेकर हमीरपुर में उनके खिलाफ काम करने वाले नेताओं में भी हड़कंप बचाने लगा है। कारण यह है कि तकरीबन डेढ़ दर्जन नेता उनके निशाने पर बताई जा रहे हैं। जिनकी सूची भी तैयार हो चुकी है। इसमें कई वरिष्ठ लोग भी शामिल हैं। संगठन से जुड़े हुए भी कुछ पदाधिकारियों की कारगुजारी पार्टी विरोधी रही है। इसीलिए अब किस-किस पर गाज गिरेगी? किस-किस के खिलाफ कार्रवाई होगी? इसकी इंतजार शुरू हो गई है। दरअसल में हमीरपुर जिला की राजनीति में तो अब बदलाव आएगा ही। क्योंकि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जिन नेताओं के बूते हमीरपुर जिला की राजनीति में अब बदली हुई परिस्थितियों में कदमताल शुरू करने की पायदान तैयार की है। उस पर भी चर्चा हो रही है। क्योंकि सुजानपुर, हमीरपुर और बड़सर के अलावा नादौन-भोरंज में भी हालात उनके लिए सुकून भरे दिखने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नगर परिषद ने अनधिकृत रेहड़ी फड़ी वालों का सामान किया जब्त

## कहा, बगैर लाइसेंस के किसी को भी सब्जी-सामान बेचने की इजाजत नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



नगर परिषद के कर्मचारी अनधिकृत रूप से सजाए सामान को उठाते हुए।

शहर में अनधिकृत सब्जी और सामान, रेहड़ी-फड़ी के जरिए बेचने वाले लोगों के खिलाफ नगर परिषद ने सोमवार को जोरदार कार्रवाई की। 30 लोगों का सामान उठा लिया गया। सबसे अहम बात यह रही कि बगैर लाइसेंस के किसी को भी इस तरह के सामान बेचने की इजाजत अब नगर परिषद नहीं देगी। यदि इसके बावजूद किसी ने ऐसी हिम्मत जुटा ली, तो फिर उसके खिलाफ नप एफआईआर दर्ज करवाएगी।

गौरतलब है कि पिछले काफी समय से यह शहर अतिक्रमण की वजह से संकरी हो गया था। सड़क के दोनों ओर नाजायज तौर पर फल सब्जी और सामान बेचने वालों की भीड़ लग गई थी। इससे अजीबोगरीब वातावरण यहां पैदा हो गया था। राहगीरों को तो दिक्कत थी ही, वाहन चलाने वालों के लिए भी अलग से समस्या खड़ी हो गई थी। पिछले कुछ समय से इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई थी और मन चाहे ढंग से जहां जिसका दिल किया, वहीं पर सामान बेचने का काम शुरू हो गया था। दुकानों के बाहर भी सड़क तक सामान बेचने की देखा-देखी में जुटाई गई हिम्मत अब शहर के व्यापारियों को कंट्रोल करनी होगी। क्योंकि करवाई का दौर शुरू हो गया है। दरअसल में बिगड़े हुए इस माहौल में अब पिछले कुछ समय से दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों के ठीक सामने ऐसे लोगों को सामान बेचने के लिए अलग से बैठा रखा है जिनके पास न ही तो लाइसेंस हैं और ना ही नगर परिषद की रजिस्ट्रेशन यही असल में सबसे बड़ी समस्या है अब लाइसेंस के अलावा उन्हें मेडिकल सर्टिफिकेट भी लेना जरूरी होगा और सामान सड़क तक फैलने की इजाजत बिलकुल नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### कितने दिन तक चल पाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गांधी** चौक से शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ यह अभियान सोमवार को तो कारगर साबित हो गया। लेकिन इसकी गारंटी नहीं है कि इसे अंजाम देने वाले कल से चुप बैठ जाएंगे। अब देखना यही होगा कि इस पर नगर परिषद अमल कितना करवा पाएगी। क्या उसका डर और कानून का पंजा बिगड़ी हुई इस व्यवस्था को सुधारने में कारगर साबित होगा या फिर एक दिन अभियान चलाओ और फिर कई महीनों तक आराम फरमाओ वाली स्थिति पैदा न हो। इस पर भी नगर परिषद को ध्यान देने की जरूरत रहेगी।

### क्या कहते हैं ईओ

**नगर** परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि केवल लाइसेंस होल्डर को स्वीकृति मिलेगी मनमर्जी नहीं चलेगी बगैर लाइसेंस और मेडिकल सर्टिफिकेट के कोई भी व्यक्ति इस तरह का सामान बेचने का काम नहीं कर सकता वह भी अपनी हद में रहकर। यदि इसकी उलंघना हुई तो नगर परिषद एफआईआर दर्ज करवाने से गुरेज नहीं करेगी। सोमवार को 30 लोगों का सामान जब्त किया गया है।

# उपनिदेशक नवीन शर्मा ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

## छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने पर सभी तरह की व्यवस्थाएं बनाने के दिशा-निर्देश दिए

निरीक्षण विंग हमीरपुर के उपनिदेशक नवीन शर्मा व गौरव शर्मा अधिकारी, किशोरी लाल अधिकारी के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिला हमीरपुर के बड़सर ब्लाक के ग्यारह ग्रां, डीडवीं टिक्कर, झिलालरी, बणी, बड़सर के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान, स्कूल के कर्मचारियों की उपस्थिति व कार्यालय के विभिन्न दस्तावेजों इत्यादि की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान स्कूल के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति की विशेष रूप से जांच की गई और जहां कमी पाई वहां उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया।



इसके साथ-साथ निरीक्षण टीम ने स्कूल परिसर की समुचित सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्कूल के सभी हिस्सों की खासकर विद्यालय में फूलों की क्यारियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पानी की टंकियों की साफ सफाई और पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पानी की आपूर्ति को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लिए निर्देश दिए गए कि विद्यालय शुरू होने से ठीक पहले पानी के सभी भंडारण टेंकों की उचित सफाई करने के उपरांत स्वच्छ व ताजा पानी छात्रों को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण विंग हमीरपुर की टीम ने इस दौरान स्कूल प्रशासन को निर्देशित किया कि वे अवकाश के बाद विद्यालय शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें ताकि छात्रों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके।

यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हों। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बागवानों को नैनो यूरिया के बारे में दी जानकारी




**संजीव चैहान, टौणीदेवी।** जिला हमीरपुर के केहडरू गांव में बागवानी विभाग की सहभागिता से संचालित एचपी शिवा प्रोजेक्ट में बने क्लस्टर के बागवानों को किसान सभा में एसएफए अनुज ने नैनो यूरिया प्लस एवं डीएपी के बारे में जानकारी दी। इन नैनो उर्वरकों की प्रयोग विधि विस्तार से बताई गई व बागवानों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। उनके बगीचों में नैनो डीएपी की ड्रोन के द्वारा स्प्रे भी करवाई गई। कार्यक्रम में बागवानों को सागरिका, जल विलय उर्वरकों, जैव उर्वरकों की जानकारी भी मुहैया करवाई गई। जिसमें 50 से अधिक बागवान उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### डिडवीं के शिव मंदिर के पास खड़ी की स्कूटी चोरी

**अनंत ज्ञान, डिडवी टिक्कर।** पंचायत डिडवीं के शिव मंदिर के पास खड़ी स्कूटी को गत रात्रि चोर ले उड़े। स्कूटी के मालिक श्याम सुंदर ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूटी शिव मंदिर डिडवी के पास एचपी 55 - 9768 रोज की तरह वहां पर खड़ी की थी, लेकिन जब वह सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए स्कूटी देखी तो वहां नहीं थी। पास ही शिव मंदिर में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो देखा कि गत रात्रि 1:30 वजे स्कूटी को कोई अजनवी व्यक्ति ले जाता हुआ देखा जा रहा है लेकिन उसकी से पहचान नहीं हो पा रही है। उन्होंने भोटा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है और पुलिस छानबीन कर रही है।

### पटवारी-कानूनगो का जिला काडर यथावत रखें



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ भोरंज ने सरकार से पटवारी एवं कानूनगो का जिला काडर यथावत रखने की मांग की है। संघ का प्रतिनिधिमंडल उपमंडल प्रधान सतिश कुमार की अध्यक्षता में भोरंज में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। कमलदेव, सुभाष चंद, अजय कुमार, ओंकार चंद, अमन शर्मा, सुजाता शर्मा, विनंती देवी, अरुण कुमार, धर्म चंद इत्यादि ने बताया कि उनको समाचार पत्रों से पता चला है कि प्रदेश सरकार, पटवारी एवं कानूनगो का राज्य कैडर करने का निर्णय ले सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि उनका जिला कैडर यथावत रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य सरकार ने आरएमएस पोर्टल पर सभी प्रकार की फीस को ऑनलाइन कर दिया है, लेकिन किसी भी प्रकार की इंटरनेट सुविधा पटवार एवं कानूनगो वृत्त में नहीं है। जिला में 15 पद कानूनगो के रिक्त हैं। यदि सरकार एक वर्ष की छूट पदोन्नति नियम में दे देती है तो इन पदों को भरा जा सकता है। इससे आमजन मानस के राजस्व संबंधी कार्य करने में सुविधा होगी। (अनंत ज्ञान)

### पिकअप ट्राला दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर हुआ घायल


**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी।** गवारडू गांव के पास एक पिकअप ट्राला, जिसमें सीमेंट व सरिया लदा हुआ था अनियंत्रित होकर 50 फुट नीचे खाई में गिर गया। हादसे में ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। इस सड़क पर इस मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। चौकी प्रभारी यशविंदर सिंह ने घटना की पुष्टि की है।



# 300 यूनिट फ्री बिजली देना तो दूर 125 यूनिट भी बंद कर दी : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि 300 यूनिट फ्री बिजली देने की झूठी गारंटी देने वाली राज्य सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की तरफ से 125 यूनिट पर दी जा रही सबसिडी भी बंद कर दी है। कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता पर आने के लिए झूठी गारंटियां देकर जनता को भ्रमित किया तथा ऐशो-आराम के लिए 28000 करोड़ रुपए कर्ज लिया। लखनपाल ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि जो पंचायत का चुनाव नहीं जीत सकते, उनको कैबिनेट रैंक बांट दिए गए हैं।



विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस के बड़े नेता हिमाचल प्रदेश आए और अनेक प्रकार की गारंटियां देकर जनता को भ्रमित करते रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू डेढ़ वर्ष बाद भी खजाना खाली होने का रोना रो रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने विश्वविद्यालय, स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों पर तालाबंदी कर दी। इसके अलावा डॉक्टरों का एनपीए बंद कर दिया गया तथा उनकी भर्ती पर रोक लगा दी। सरकार में ऐसे लोगों को कैबिनेट रैंक बांट दिए गए हैं, जो पंचायत के चुनाव नहीं जीत सकते। (अनंत ज्ञान)

## युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत पड़ते वार्ड-7 में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के मिली जानकारी ने अनुसार नगर परिषद कांगड़ा वार्ड-7 के रहने वाले कर्ण बबर पुत्र रामेश बबर (26) वर्षीय ने अपने ही घर के कमरे में फंदा लगाकर अपनी ईलीला समाप्त कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कर्ण बबर विदेश दुबई में नौकरी करता था और 2-3 माह पहले ही घर पर आया था। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे ले लिया। मामले में कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व सैनिकों के 1600 पदों के लिए अब 26 जुलाई से होंगे साक्षात्कार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों तथा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के अनुबंध के आधार पर भरे जाने वाले 1600 पदों के लिए साक्षात्कार की तिथियां दोबारा से घोषित कर दी हैं। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर एमएस शर्मा ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के चलते साक्षात्कार स्थगित कर दिए थे जिन्हें अब 26 जुलाई 17 सितंबर तक तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। बता दें कि पूर्व सैनिक और इनके आश्रितों के पदों को भरने के लिए साक्षात्कार अप्रैल माह में स्थगित किए गए थे उसके बाद जून माह में फिर से उपचुनाव के चलते स्थगित करना पड़ा था। अब विधानसभा उपचुनाव संपन्न हो गए हैं व आदर्श चुनाव संहिता भी समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों के विभिन्न पदों को भरने के लिए तिथियां घोषित कर दी हैं। सकते हैं या पूर्व सैनिक रोजगार विभाग के दूरभाष नंबर पर भी संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### किस-किस दिन होंगे साक्षात्कार

**अकाउंटेंट** केवल एससी कैटेगिरी, जूनियर अकाउंटेंट केवल एससी कैटागिरी, सीनियर असिस्टेंट अकाउंटस केवल एससी कैट्यागिरी, ऑडिटर पंचायत केवल एससी कैट्यागिरी तथा जेओए अकाउंट, डाटा एंट्री के पदों के सभी कैटागिरी सभी जिलों के उम्मीदवारों 26 जुलाई को साक्षात्कार होंगे। इसके अलावा ड्राइंग मास्टर, शास्त्री, एलटी, जेबीटी के पदों के लिए प्रदेश के सभी वर्गों के उम्मीदवारों के साक्षात्कार 30 जुलाई को लिए जाएंगे। वहीं टीजीटी नॉन मेडिकल, टीजीटी मेडिकल के उम्मीवारों के 2 अगस्त को साक्षात्कार लिए जाएंगे। इसके अलावा असिस्टेंट ऑक्शन रिकार्डर, चैकीदार डेली वेज बेसिक, बेलदार, माली, पंचकर्म, मसाज महिला, पंचकर्म मसाजर पुरूष, कौंसलर एनएसएम के पदों के साक्षात्कार 6 अगस्त को, जेई सिविल, जेई इलैक्ट्रीकल के पदो के 9 अगस्त को, जूनियर एनवायरमेंट इंजीनियर, सर्वेयर, क्लर्क, जेओए आईटी, स्टेनो टाइपिस्ट, जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों के साक्षात्कार 13 अगस्त को, प्लांट ऑपरेटर, रेफ्रिजरेटर मकेनिक एनएचएम, जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट, जूनियर टेक्निशियन, आर्ची टेक्चुरा सीनियर ड्राफ्ट्समैन, इलेक्ट्रीशियन एम एंड टी पीएचई के पदो के साक्षात्कार 16 अगस्त को, सेरीकल्चर इंस्पेक्टर, सब स्टेशन अटेंडेंट एसएसए, फिटर, लाइनमैन, लेबोरेटरी असिस्टेंट, कंप्यूटर असिस्टेंट के पदो के 20 अगस्त को, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निशियन ग्रेड-2, ओटीए के 23 अगस्त को, फार्मासिस्ट आयुर्वेद के पदो के 9 अगस्त को, लैब टेक्नीशियन के 6 अगस्त को, रेडियोग्राफर के 9 अगस्त को, फिमेल हेल्थ वर्कर एनएचएम के 23 अगस्त को, स्टाफ नर्स, वेटनरी फार्मासिस्ट के पदो के 27 अगस्त को, असिस्टेंट केमिस्ट, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एनएचएम, डिस्पैंसर के पदो के 30 अगस्त को, होर्टीकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर, जूनियर कोच बैडमिंटन, बाक्सिंग, फुटबाल, हॉकी, कबडडी और रेसलिंग, जूनियर ड्राफटसमैन सिविल, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर इलेक्ट्रानिक, माइनिक इंस्पेक्टर, असिस्टैंट माइनिकं इंस्पेक्टर के पदों के साक्षात्कार 3 सितम्बर को आयोजित किए जाएंगे। वहीं एचआरटीसी ड्राइवर, फायरमैन, हवलदार इंस्ट्रक्टर, क्वाटर मास्टर हवलदार, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर, सिनियर लैबोरेटरी सुपरवाइजर एनएचएम, फिशिरी फील्ड असिस्टेंट के पदों के साक्षात्कार 6 सितम्बर को, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी हिंदी, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी राजनीति शास्त्र, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी इतिहास, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी अंग्रेजी, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी संस्कृत, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी अर्थशास्त्र, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी गणित, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी कॉमर्स, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी ज्योग्राफी, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी फिजिक्स, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी केमिस्ट्री, लेक्चरर स्कूल न्यू पीजीटी बायोलॉजी के पदो के साक्षात्कार 13 सितम्बर को आयोजित होंगे। इसके अलावा टीजीटी आर्ट्स के पदों साक्षात्कार 17 सितम्बर को आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय डिस्चार्ज बुक, सैन्य सेवा विवरण, शैक्षणिक, व्यावयायिक एवं तकनीकी योग्यता, विकलांगता प्रमाण पत्र सहित सभी प्रमाण पत्र साथ लाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी पात्र उम्मीदवार तय तिथि अनुसार अपने कागजात सहित प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक पंजीकरण और 11 से 1.30 बजे तक कागजातों की जांच की जाएगी।

# आरसेटी ने सम्मानित कीं महिला उद्यमी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विश्व कौशल दिवस के उपलक्ष्य पर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी हमीरपुर ने हुनरमंद एवं उद्यमी महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया।



आरसेटी के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाबार्ड के डीडीएम नरेश कुमार और संस्थान के निदेशक अजय कतना ने ब्यूटी पार्लर की संचालक एवं एक सफल महिला उद्यमी सुषमा देवी को सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्व कौशल दिवस की बधाई देते हुए नरेश कुमार और अजय कतना ने महिलाओं और युवाओं से आग्रह किया कि वे आरसेटी के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाकर अपनी कौशल क्षमता को बढ़ाएं तथा अपना उद्यम शुरू करें। इससे वे अपने लिए रोजगार के साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं।

इस अवसर पर सुषमा देवी ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा आरसेटी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उधर, गांव गाहली में आरसेटी द्वारा ही महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण शिविर में भी महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान संस्थान के प्रशिक्षक विनय चैहान ने मशरूम उत्पादन से जुड़ी एक सफल महिला उद्यमी पुष्पा देवी और मोमबत्ती का उत्पादन कर रही एक अन्य सफल महिला उद्यमी लीला देवी को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

# माता-पिता की सेवा करना मानव की सबसे बड़ी भक्ति : पं. मुकेश

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**



भोरंज उप मंडल की साई विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। आयोजकों के साथ स्थानीय लोगों में कलश यात्रा में शामिल होकर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा की शोभा बढ़ाई। पंडित मुकेश शर्मा ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से ही जीवन का कल्याण है। जहां भगवान को गुणगान होता है, वहां प्रभु खुद दर्शन देते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व कल्याण के लिए जो संदेश दिया है उसकी आज समाज को जरूरत है। हमें हमेशा प्रभु सिमरन से जोड़कर जीवन व्यतीत करना चाहिए। पंडित मुकेश शर्मा ने कहा कि जन्म देने वाले माता-पिता की सेवा करना संतान को प्रथम धर्म और कर्तव्य है। इस दौरान स्कूलके एमडी विरेंद्र चौधरी, प्रधानाचार्य दीपा शर्मा, संजय शर्मा, उपकार कुमार, प्रीतम पाल, जितेंद्र कुमार, नीलमा देवी, कल्पाना देवीव अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सरकार के निर्णय वापस नहीं लेने तक ऑनलाइन कार्य बंद



**अनिल कुमार, हमीरपुर**

संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ हमीरपुर इकाई ने सोमवार को एडीएम और एसडीएम को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ की जिला प्रधान मीना देवी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में पटवारी एवं कानूनगो को जिला संवर्ग से राज्य संवर्ग करने का फैसला लिया गया है जिसके संदर्भ में संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक 13 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से राज्य प्रधान सतीश चौधरी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें राज्य के समस्त 12 जिलों के जिला प्रतिनिधि शामिल हुए।

समस्त जिला प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का कड़ा विरोध जताया है तथा समुचे प्रदेश से विरोध कि चिंगारियां उत्पन्न हो गई है व महासंघ इसका पूरजोर विरोध करता है। महासंघ पूर्व में सरकार से इस विषय पर विभिन्न मंचों पर बार-बार आग्रह कर चुका है, परंतु उनसे सकारात्मक आश्वासन मिलने के बावजूद भी इस निर्णय को थोपा जाना चिंताजनक है। बैठक में चर्चा के उपरान्त सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि उक्त निर्णय के विरोध में समुचे प्रदेश में प्रत्येक पटवारी एवं कानूनगो द्वारा सभी प्रकार का ऑनलाइन कार्य केवल आपदा संबंधी कार्यों को छोड़कर सोमवार से तुरन्त प्रभाव से बंद किए जाएंगे। महासंघ द्वारा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समूचे प्रदेश में तहसील, उप-तहसील इकाइयों द्वारा 15 व 16 जुलाई 2024 को भोजनावकाश के दौरान गेट मीटिंग करके अपने उपमंडलाधिकारी (ना) के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजेंगे। यदि इसके बावजूद भी सरकार द्वारा इस निर्णय को वापिस नहीं लिया जाता तो 17 जुलाई को जिला कुल्लू में महासंघ द्वारा होने वाली पूर्व निर्धारित बैठक में इससे भी कड़े निर्णय लिए जाएंगे तथा राज्य के पटवारी व कानूनगो किसी भी स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे। आम सहमति से पारित हुआ कि बैठक की कार्रवाई सरकार एवं समस्त उपायुक्तों को प्रेषित की जाए। (अनंत ज्ञान)

## परिचर्चा

### कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में फर्क, प्रदेश में तीन साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में देंगे जवाब

# 125 यूनिट फ्री बिजली बंद करने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 20 प्रतिशत अमीर और आयकर देने वाले लोगों को दी जाने वाले सब्सिडी पर 125 यूनिट फ्री बिजली देने वाली योजना बंद कर दी है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से आम जनता में आक्रोश देखने को मिल रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं का कहना है 3 वर्ष के बाद विधानसभा चुनाव फिर होंगे इसका जवाब जनता सूद सहित वापस करेगी। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले 125 यूनिट फ्री बिजली देने का वादा किया था तो अपने घोषणा पत्र में सरकार ने यह क्यों नहीं बताया कि आयकर देने वाले उपभोक्ता को यह छूट नहीं होगी। (अनंत ज्ञान)

### सरकार इस निर्णय को वापस ले



**विद्युत** उपभोक्ता एवं क्षेत्र के समाजसेवी केएस चंद्रानी का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट बिजली योजना बंद नहीं करनी चाहिए थी। राजनेता जब वोट मांगते हैं तब तो ऐसी बात नहीं करते कि आयकर दाता के लिए और नियम और किसी दूसरे के लिए और नियम। यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है सरकार को इसे वापस लेना चाहिए।

### अपने वादे से मुकर रही सरकार



पूर्व सैनिक दंपती सतीश कुमार एवं मंजू ठाकुर का कहना है कि प्रदेश सरकार अपने वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तो 300 बिजली यूनिट फ्री देने का वादा किया था। अब सरकार को यह घोषणा वापस नहीं लेनी चाहिए, ताकि विद्युत उपभोक्ता परेशान न हो।

### चुनाव के समय कुछ और, बाद में कुछ और

**कुशल** कुमारी, जोकि एक गृहिणी हैं, उनका कहना है कि सरकार चुनाव के समय कुछ बोलती है और बाद में कुछ और करती है। 125 यूनिट फ्री बिजली इसमें मध्यम वर्ग के लोग भी आते हैं आयकर देते हैं, उनको भी इसका लाभ मिलना चाहिए। सरकार 5 साल के लिए बनती हैं न कि 58 साल के लिए, विचार सरकार को करना है।



### जो निभाए न जा सकें, ऐसे वादे न करें



**समाजसेवी** बालकृष्ण उर्फ गोगी का कहना है कि यह ठीक हो सकता है कि विद्युत बोर्ड को घाटा हो रहा है, लेकिन राशन में सब्सिडी, मुफ्त शिक्षा और इलाज दिया जा रहा है, उसे ही सही ढंग से देना चाहिए। उनका कहना है कि चुनाव के समय में ऐसे वादे सरकार को नहीं करने चाहिए, जो निभाए न जा सकें।

### प्रति यूनिट रेट कम कर दे सरकार



**ब्यूटी** पार्लर चलाने वाली बंदना कुमारी का कहना है कि नेताओं को तब सोचना चाहिए जब झूठे वादे करते हैं। अब जब सरकार को यह लग रहा है की बिजली बोर्ड घाटे में जा रहा है तो फिर चुनाव से पहले ऐसी बातें क्यों। सरकार को चाहिए कि फ्री बिजली की जगह प्रति यूनिट रेट कम कर दे, लेकिन बिल सभी को दिया जाना चाहिए।

### कांग्रेस सरकार की नींव झूठ पर टिकी



**भाजपा** नेता सुधीर बंसल का कहना है कि कांग्रेस की नींव झूठ पर टिकी है। कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले 300 यूनिट बिजली फ्री देने की बात कही थी अब तो 125 यूनिट फ्री बिजली देना भी सरकार को भारी पड़ रही है। सरकार को चाहिए कि सभी को 125 यूनिट फ्री दे। आयकर की अड़चन न डाले।

# लंबित राजस्व मामलों का शीघ्र करें समाधान : ओंकार

## खानगी तक्सीम की जानकारी और जागरूकता को लेकर उठाए जाएं आवश्यक कदम

**एम एम डैनियल, चंबा**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र समाधान को लेकर राजस्व अधिकारियों की ओर से प्राथमिकता के आधार पर कार्य व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जानी चाहिए। वे आज जिले के राजस्व अधिकारियों के साथ उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जिले में सभी राजस्व अधिकारियों के पदों को भरा गया है। ऐसे में लोगों को राजस्व संबंधी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित बनाने के लिए सप्ताह में कम से कम दो बार न्यायिक प्रक्रिया का संचालन किया जाना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों को लोगों के विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों में बिना भेदभाव से फेयर-जस्टिस के आधार पर समाधान उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। ओंकार शर्मा ने लोगों की भूमि अथवा संपत्ति बंटवारे में खानगी तक्सीम की उपयोगिता के दृष्टिगत इसकी जानकारी और जागरूकता को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने यह निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक की समय सीमा से लंबित संपत्ति बंटवारे (पार्टीशन) मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित बनाया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने राजस्व संबंधी विभिन्न मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अतिक्रमण से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित बनाने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम से उपमंडल स्तर पर ऐसे मामलों की लगातार समीक्षा करने को निर्देशित किया। ओंकार शर्मा ने ऑडिट पैरा के तहत रिकवरी प्रक्रिया के लिए आवश्यक कदम उठाने के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए।



डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा।

बैठक में डीसी मुकेश रेपसवाल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि जिले में वर्ष 2021-22 के तहत जमाबंदी का कार्य संपूर्ण कर लिया गया है, जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जमाबंदी का अधिकांश कार्य भी पूर्ण किया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव के समक्ष उन्होंने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में राजस्व विभाग की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यों का ब्यौरा भी रखा। अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से बैठक में स्वामित्व योजना, मिनी सचिवालय के भवन निर्माण, राजस्व भवनों के निर्माण, विभिन्न राजस्व मामलों, सभी राजस्व रिकॉर्ड की स्कैनिंग आदि से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा करने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा भटियात पारस अग्रवाल, डलहौजी अनिल भारद्वाज, भरमौर कुलबीर सिंह राणा, तीसा शशि पाल शर्मा, सलूणी नवीन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सहित विभिन्न तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर को देंगे स्वच्छ पेयजल : पठानिया

## उप मुख्य सचेतक बोले, दस वाटर कूलर किए जाएंगे स्थापित



केवल सिंह पठानिया लोगों को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर नगर पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, शाहपुर नगर पंचायत में विद्युत, पेयजल की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। उपमुख्य सचेतक ने नगर पंचायत शाहपुर के अंतर्गत 39 मील और हॉस्पिटल समीप स्वच्छ पानी की सुविधा के लिए 2 वाटर कूलर का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत शाहपुर में 10 वाटर कूलर 5.50 लाख रुपए की लागत से लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी मिले। उन्होंने कहा नगर पंचायत शाहपुर में 5 करोड़ रुपए सीवरेज पर खर्च किए जाएंगे जिससे नगर पंचायत में स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा शाहपुर के अस्पताल के लिए 2 करोड़ रुपए अतिरिक्त भवन के निर्माण पर खर्च किए जा रहे हैं। विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने अपने संबोधन के दौरान कहा की शाहपुर विधानसभा क्षेत्र का चैमुखी विकास करना उनका प्रमुख कर्तव्य है। इससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष उषा शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए शाहपुर नगर पंचायत में विकासात्मक कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रधान कुलदीप चंबयाल, सिटी कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम चंबयाल, विनय कुमार सोशल मीडिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं सलाहकार उप मुख सचेतक, डॉक्टर कांत, राजीव, कुलदीप सिंह, विजय, देसू नाग, मस्त राम,केहर सिंह, धीरज, सतीश, राकेश, विनीत, अनु, पमी, अजय, चमन लाल, ओम प्रकाश, सुबोध, अश्विनी और लोग मौजूद रहे।

# पेयजल समस्या हल नहीं हुई तो विभाग के खिलाफ खोलेंगे मोर्चा: संजय गुलेरिया

**अनिल छांगू, जवाली**

विधानसभा क्षेत्र जवाली पानी की समस्या से जूझ रही है, जबकि विभागीय अधिकारी बैडमिंटन खेलने में मस्त हैं। यह आरोप भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने प्रेस वार्ता में लगाए हैं। संजय गुलेरिया ने कहा कि अधिकारी बताएं कि जनता को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए क्या प्रयास किए हैं।



उन्होंने कहा कि अधिकारी ने न तो स्वयं फील्ड में जाकर सुध ली और न ही अपने विभाग के सहायक अभियंता, जेई सहित अन्य कर्मियों को इस बारे में कहा। अधिकारी सहित अन्य कर्मी एसी कमरों में बैठकर ही अपनी ड्यूटी बजाते रहे। किसी भी पंचायत में उच्च अधिकारी के दर्शन नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री चंद्र कुमार को भी पेयजल समस्या से जूझ रही जनता की कोई परवाह नहीं थी। संजय गुलेरिया ने कहा कि जल शक्ति विभाग के अधिकारी जनता के बीच जाकर पेयजल समस्या का निदान करवाएं अन्यथा मोर्चा खोलने को बाध्य होना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# मतदाता सूचियों का 2 अगस्त को होगा अंतिम प्रकाशनः डीसी

**धर्मशाला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला में पंचायतीराज संस्थाओं में किसी कारण से आकस्मिक रिक्तियां हुई हैं, के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियां पहली जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 15 जुलाई को प्रारुप में प्रकाशित कर दी गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि संबंधित पंचायत के लोगों द्वारा 16 से 22 जुलाई तक पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के पास दावे व आक्षेप प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनका निपटारा पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा 25 जुलाई तक किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के पास 29 जुलाई तक अपील की जा सकती है तथा उनके द्वारा पहली अगस्त तक निपटारा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का 2 अगस्त को अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# सामाजिक तत्वों से निपटने को एकजुट होना अनिवार्य : मनजीत



प्रेस क्लब जवाली की बैठक।

**अनिल छांगू, जवाली**

जय मां जालपा प्रेस क्लब जवाली की बैठक विश्रामगृह जवाली में क्लब के अध्यक्ष मनजीत कौंडल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पत्रकारों को पेश आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

मनजीत कौंडल ने कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके खिलाफ हमें एकजुट होना है। समस्त पत्रकारों ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए 101 पौधरोपण करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को वर्ष में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब भवन निर्माण हेतु भी विचार किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील दत्त, कानूनी सलाहकार ललित शर्मा, प्रेस सचिव डॉ एनके शर्मा, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश वत्स, सदस्य संजू, राजेश कौंडल, राजेश कतनोरिया, अनिल छांगू इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 18 से 20 तक उपरोजगार कार्यालयों में होंगे साक्षात्कार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी कांगड़ा आकाश राणा ने बताया कि ओरो टेक्सटाइल, बद्दी ने अपरेंटिस और ऑपरेटर 50 पदों के लिए क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला को अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 18 से 24 वर्ष के बीच रखी गई है। इस साक्षात्कार के लिए महिला व पुरुष दोनों आवेदक पात्र हैं। इन पदों हेतु कंपनी द्वारा 9500 रुपये प्रति माह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ दिनांक 18 जुलाई को उप रोज़गार कार्यालय नूरपुर, 19 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय पालमपुर तथा 20 जुलाई को उप रोजगार कार्यालय देहरा में सुबह 10 बजे पहुंचकर उक्त कम्पनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं । इस साक्षात्कार के सम्बन्ध में यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8884701970 पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# ज्वालामुखी के चार वार्डों में लोगों के हलक सूखे, नलों से नहीं टपका जल

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी नगर परिषद के वार्ड नं 1, 2,3 व 5 में आज पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप रही। इस बजह से यहां स्थानीय लोगों को अपने पैसों से महंगे टैंकरों से पानी मंगवाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ी। यह समस्या आज ही नहीं हुई पहले भी ऐसा हो चुका है। जुलाई माह में कमजोर मानूसन के चलते ज्वालामुखी शहर में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है।

पिछले एक माह से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से नहीं आ रही है, सिर्फ 200 से 300 लीटर पानी ही घरों तक पहुंच पा रहा है। इन चार वार्डों को गर्मियों में पानी की समस्या से पिछले 15 सालों से जूझना पड़ रहा है। कई सरकारें आईं और गईं पर पानी की समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल पाया। जल शक्ति विभाग गर्मियों में इन वार्डों में पानी की कमी को कभी पूरी नहीं कर पाया।

विभाग की मानें तो एक दो पेयजल स्कीमों पर काम हुआ है पर अभी तक धरातल तक कोई भी सुचारू पानी की स्कीम इन वार्डों को उपलब्ध नहीं हो पाई है। जब भी वाटर गार्ड या अन्य से बात की जाए तो वे पीछे से ही पानी कम या मोटर खराब होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ देते हैं। वर्षों से चली आ रही इस समस्या का कोई भी सरकार स्थायी हल नहीं निकाल पाई। कई बार 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने की बातें सरकार करती है पर अभी तक रिजल्ट जीरो ही है। (अनंत ज्ञान)

# चंबा-शिमला बस समय सारिणी में बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा से शिमला, बिलासपुर डीपू की बस चंबा से रात्रि आठ बजे शिमला के लिए चलाई जाती है। पहले यह बस सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर चंबा से शिमला के लिए चलती थी। यह बस चंबा से बनीखेत लाहड़ू, सिहुंता, शाहपुर, कांगड़ा, ज्वालाजी, नदौन, हमीरपुर, घुमारवीं, बिलासपुर व दाड़लाघाट होते हुए शिमला जाती है। अब यह बस डलहौजी न जाकर सीधे बनीखेत से ही आगे निकल जाती है। उधर, परिवहन निगम बस समय सारिणी में बदलाव की पुष्टि आरएम चंबा शुगल सिंह ने की है।




**चंबा से शिमला जाने की समय सारिणी इस प्रकार है**

- चंबा से प्रस्थान रात 8 बजे
- बनीखेत से प्रस्थान रात 9:30 बजे
- कांगड़ा से प्रस्थान रात 1:00 बजे
- हमीरपुर आगमन रात 3:00 बजे
- बिलासपुर आगमन सुबह 5:00 बजे
- शिमला आगमन सुबह 8:30 बजे
- शिमला से चंबा यह बस अपने पुराने समय शाम पांच बजे ही प्रस्थान करेगी।

# इंस्पेक्टर अशोक ने संभाला पुलिस थाना तीसा का कार्यभार

**आजम डार, तीसा।** थाना तीसा में इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही पुलिस थाना तीसा नवनियुक्त प्रभारी अशोक कुमार ने क्षेत्र का निरीक्षण कर तमाम गतिविधियों की जानकारी हासिल की।



वहीं, उन्होंने ने तीसा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था की जांच की तथा उसमें सुधार लाने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लोगों को तथा चालक परिचालकों को अवगत करवाया, जबकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था का सही तरीके से पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने पुलिस स्टाफ को स्थानीय लोगों से संबंधों में सुधार लाने के जहां निर्देश दिए, वहीं स्थानीय लोगों से भी पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। चरस तस्कर, लकड़ी माफिया व अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा जाएगा। इससे पूर्व पुलिस थाना तीसा प्रभारी जिला ऊना के थाना टाहलीबाल, गगरेट व बंगाणा में बतौर प्रभारी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# डीडीओ पावर न देने पर स्कूल प्रवक्ता संघ ने व्यक्त किया आरसी पांगी के खिलाफ रोष

**एम एम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा ने पांगी उपमंडल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिलौर के वरिष्ठ प्रवक्ता को आहरण और वितरण की शक्तियां (डीडीओ पावर) न देने पर आवासीय आयुक्त पांगी के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया है, जिसके चलते स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को संघ प्रधान दलीप खन्ना की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा।

डीसी को सौंपे ज्ञापन से अवगत करवाते हुए स्कूल प्रवक्ता संघ प्रतिनिधिमंडल की ओर से प्रधान दलीप खन्ना ने बताया कि डीसी स्वयं इस मामले में साकारात्मक हस्तक्षेप करें। इससे पूर्व भी यह बात डीसी चंबा के ध्यानार्थ संघ द्वारा लाई गई थी, जिसमें संबंधित विद्यालय के प्रवक्ता को नियमानुसार (डीडीओ पावर) आहरण और वितरण की शक्तियां प्रदान करने के लिए आवासीय आयुक्त पांगी को निर्देश जारी करने की मांग की थी। एक महीने से ज्यादा का समय व्यतीत होने पर भी आवासीय आयुक्त पांगी द्वारा कोई सकारात्मक कदम न उठाना दुर्भाग्यपूर्ण और उनके तानाशाही रवैये को दर्शाता है। स्कूल प्रवक्ता संघ संबंधित विषय को राज्यस्तर पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाएंगे। स्कूल प्रवक्ता संघ का तर्क है कि जब आवासीय आयुक्त ने पांगी उपमंडल में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के वरिष्ठ प्रवक्ताओं के साथ-साथ राजकीय उच्च विद्यालयों में कार्यरत टीजीटी को भी प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापक का पद रिक्त होने की स्थिति में बीडीओ पावर प्रदान की है।



डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को संघ प्रधान दलीप खन्ना की अगुवाई में ज्ञापन सौंपते हुए।

मगर हिलौर स्कूल के वरिष्ठ प्रवक्ता के साथ इस तरह का भेदभावपूर्ण रवैये से प्रवक्ता संघ ने निराशा व्यक्त की है, क्योंकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में निरंतर विद्यालय के दैनिक वित्तीय निपटारे के लिए दूसरे विद्यालय में जाना मुश्किल और जोखिम भरा कार्य है। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ चंबा व राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव राजेश ठाकुर, जिला संचालन समिति के चैयरमैन शौकत अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रेस सचिव जगजीत जरयाल, मुख्य संगठन सचिव उधम सिंह जंवाल, राज्य संचालन समिति के सदस्य सूरज वाली, राजदीन, ज्ञान भारद्वाज राज्य कार्यकारिणी के सदस्य संजय शर्मा, नीम राज कौशल, राजीव ठाकुर आदि ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री से गुहार लगाई कि आवासीय आयुक्त पांगी के इस प्रकार के तानाशाही रवैये से निजात दिलाएं और जनहितैषी निर्णय लेने के लिए निर्देश जारी करें। (अनंत ज्ञान)

# 27 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए उपकरण



**एम एम डैनियल, चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत एकदिवसीय सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न शिक्षा खंडों से आए 27 दिव्यांग बच्चों को जिला परियोजना अधिकारी भूमिका खन्ना द्वारा उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों मे सुनने वाली मशीन, रोलेटर, कैलिपर्स, ब्रेल आदि थे। इसके अतिरिक्त बच्चों को इन उपकरणों का सही ढंग से उपयोग करना भी सिखाया गया। समग्र शिक्षा के अंतर्गत हर वर्ष इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय अंग प्राधिकरण लखनऊ की टीम भी उपस्थित रही। यह जानकारी आईडी समन्वयक रमेश चंद ने दी। (अनंत ज्ञान)

## सूडोकु 00127

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 00126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

16 जुलाई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** दशमी: (7:21) : **नक्षत्र :** विशाखा (2:14), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** साध्य (7:18) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:54), **राहुकाल** (3:53 -5:36) ।

**विशेष दिन**

- 16 जुलाई 2024 : आशा दशमी आज।
- 16 जुलाई 2024 : कर्क संक्रांति आज।
- 17 जुलाई 2024 : देवशयनी एकादशी व्रत कल।।

**मेष:** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**वृषभ:** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**मिथुन:** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य संपादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें सफलता मिलेगी।

**सिंह:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा।

**कन्या:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी।

**तुला:** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों का लाभ मिलेगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**वृश्चिक:** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी।

**धनु :** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी। संबंधों का लाभ मिलेगा।

**मकर:** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हैं। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा।

**कुंभ:** काम बहुत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। कोर्ट कचहरी के चक्कर लग सकते हैं।

**मीन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले। बड़ों का आदर करें। संतान सुख संभव है।

**आयोजन** चंबा के पर्यटन गंतव्यों एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी के लिए कटोरी-बंगला में लगेंगे होर्डिंग

# वन अनुमति से संबंधित मामलों में लाएं तेजी : मुकेश रेपसवाल

**एम एम डैनियल, चंबा**

विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत वन अनुमति मामलों की प्रक्रिया में संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

डीसी मुकेश रेपसवाल ने यह निर्देश विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत जिले में जारी विकास कार्यों की प्रगति को लेकर डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक (मंडे मीटिंग) की अध्यक्षता करते हुए दिए। डीसी मुकेश रेपसवाल ने उपनिदेशक पशुपालन, प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास सेवाएं तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विभागवार नोडल अधिकारी तैनात करने को कहा, ताकि वन अनुमति मामलों के समयबद्ध कार्यान्वयन को सुनिश्चित बनाया जा सके।



चंबा में जारी विकास कार्यों की प्रगति को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

बैठक में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा कॉलेज के सरोल स्थित परिसर में पेयजल आपूर्ति एवं बिजली व्यवस्था से संबंधित शेष कार्यों को जल्द पूरा करने को लेकर डीसी ने जल शक्ति विभाग तथा बिजली बोर्ड के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वहीं, उन्होंने नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण को लेकर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग को वन अनुमति मामला जल्द तैयार करने को कहा। प्राचार्य पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. एसएस डोगरा ने बैठक में अवगत करावाया कि सुल्तानपुर मुहाल के तहत भूमि का चयन कर विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण किया जा रहा है। राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना चमेरा चरण एक जलाशय में स्थित जिले के प्रसिद्ध जल क्रीड़ा केंद्र तलेरू में बहकर आने वाली लकड़ियों आदि को हटाने के लिए जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि मामले को राष्ट्रीय जल विद्युत निगम एवं वन विभाग को मामला प्रेषित किया गया है। चंबा के सीमावर्ती क्षेत्र कटोरी बंगला में पर्यटकों की सुविधा के लिए सभी के महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों एवं ऐतिहासिक स्थलों के छाया चित्रों सहित आवश्यक जानकारी युक्त होर्डिंग स्थापित करने के जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

**ये रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, एसडीएम अरूण शर्मा, डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर चंबा जितेंद्र चौधरी, प्राचार्य पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. एसएस डोगरा, उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलदीप धीमान, उद्यान डॉ. प्रमोद शाह, पशुपालन डॉ. मुंशी कपूर आदि उपस्थित रहे।

**विज्ञान** मानवता के लिए एक खूबसूरत तोहफा है, हमें इसे बिगाड़ना नहीं चाहिए। **-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम**

## संपादकीय

# आर्थिकी की रीढ़ सेब

पांच हजार करोड़ की हिमाचल की आर्थिकी की रीढ़ सेब का सीजन आधिकारिक तौर पर शुरू होना एक सुखद अहसास है। सेहत के लिए बेहद फायदेमंद सेब को उगाने से लेकर मंडियों तक पहुंचाने और बेचने के रास्ते में कई दिक्कतों का सामना बागवानों को करना पड़ता है। प्रदेश में इस बार अपेक्षाकृत बारिश बहुत कम हुई। मानसून सीजन जारी है, लेकिन बारिश कहीं-कहीं छिटपुट हो रही है। मौसम की बेरुखी की मार लाखों बागवानों पर पड़ी है। बर्फबारी भी ज्यादा नहीं हुई है। पिछले साल त्रासदी ने खेती-किसानी की कमर तोड़ कर रख दी थी, लेकिन इस दफा हालात बदल गए हैं। सूखे जैसे हालात पैदा होने की वजह से इस बार का सेब सेजन देरी से शुरू हुआ है। इसकी वजह से न तो सेब पर रंगत आ पा रही है और न ही उसमें रस है।

हिमाचल में करीब 80 प्रतिशत आबादी सीधे तौर पर किसानी और बागवानी से जुड़ी है। कृषि और बागवानी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और प्रदेश की जीडीपी में 10 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा इन दोनों क्षेत्रों का रहता है। बागवानी में सेब मुख्य नकदी फसल है। प्रदेश में सिंचाई का दायरा कुल क्षेत्र के 18 से 20 प्रतिशत तक ही है। ऐसे में किसानों-बागवानों को इंद्रदेव की कृपा पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इन दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध होता है, जिससे सरकार को मदद मिलती है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से मौसम में बहुत ज्यादा बदलाव आया गया है। पर्यावरण में बदलाव की यह परिस्थिति 1990 के दशक के बाद से शुरू हो गई थी। बर्फबारी और बारिश न होने से सेब के पेड़ों की चिलिंग ऑवर पर असर पड़ता है। सेब की अच्छी पैदावार के लिए कम से कम 1200 घंटों की चिलिंग जरूरी होती है, जो इस बार नहीं मिल पाई। सेब के पेड़ों पर बीमारियां भी घातक असर डालती हैं। इस बार अल्टनेरिया लीफ स्पॉट और पत्ते पीले होने सहित कई बीमारियों ने बागवानों की चिंताएं बढ़ाई हैं। जाहिर सी बात है कि यदि सेब अच्छी क्वालिटी का नहीं होगा तो लोग खरीदेंगे नहीं और सेब बिकेगा नहीं तो बागवनों पर लागत और भाड़े की दोहरी मार पड़ेगी। वैसे देखा जाए तो बीते कई सालों से हिमाचल में औसत से कम सेब उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2010 में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड पांच करोड़ पेटी से ज्यादा सेब उत्पादन हुआ था। बीते 15 साल में केवल पांच बार ही तीन करोड़ पेटी सेब की पैदावार हुई। पिछले साल 2023 में आई प्राकृतिक आपदा की वजह से सिर्फ 1.67 करोड़ पेटी सेब का उत्पादन हुआ था। हालांकि हिमाचल में औसतन तीन करोड़ पेटी सेब उत्पादन की क्षमता है, बशर्ते मौसम पूरा साथ दे।

हिमाचल में सुक्खू सरकार ने पहली बार यूनिवर्सल कार्टन में ही सेब बेचने की व्यवस्था की है। प्रदेश सरकार ने बागवानों को नुकसान से बचाने के लिए सेब यूनिवर्सल कार्टन में बेचना अनिवार्य कर किया है। निश्चित रूप से इसका लाभ बागवानों को होगा। पिछले साल मंडियों में सेब 24 किलो की टेलिस्कोपिक कार्टन पर बेचा गया था जिससे बागवानों को प्रति पेटी चार किलो का नुकसान झेलना पड़ा था। सुव्यवस्थित सेब पैकेजिंग से बिक्री भी अच्छी होगी। यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली राज्यभर में सेब पैकेजिंग की समग्र गुणवत्ता को भी बढ़ाएगी। बागवानी क्षेत्र में आधुनिकीकरण और दक्षता में सुधार के लिए राज्य की प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहनी चाहिए। राज्य के बजट में बागवानी क्षेत्र के लिए 531 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे बागवानी की वृद्धि और विकास में मदद मिलेगी। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन हॉर्टिकल्चर बागवानी क्षेत्र के भीतर गुणवत्ता, कौशल विकास, पर्यटन और विपणन से संबंधित विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। हिमाचल में सेब का सीजन आम तौर पर साल की पहली तिमाही में शुरू होता है और सितंबर तक जारी रहता है। सेब हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में उगाए जाते हैं, जिनमें शिमला, कोटगढ़, कुल्लू, मंडी, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा शामिल हैं। सेब की खेती कई स्थानीय लोगों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। कोटगढ़-थानाधार इलाके में राज्य की 80 प्रतिशत सेब की फसल का उत्पादन होता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की नायिका

**अरुणा** आसफ अली का नाम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इन्होंने भारत को आजादी दिलाने के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए। देश को आजाद कराने के लिए अरुणा निरंतर अंग्रेजों से संघर्ष करती रही थीं। उन्होंने महात्मा गांधी और मौलाना अबुल कलाम आजाद की सभाओं में भाग लेना प्रारंभ कर दिया। वह इन दोनों नेताओं के संपर्क में आईं और उनके साथ कर्मठता, से राजनीति में भाग लेने लगीं। वे फिर लोकनायक जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और अच्युत पटवर्धन के साथ कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से संबद्ध हो गईं। अरुणा ने 1930, 1932 और 1941 के व्यक्तिगत सत्याग्रह के समय जेल की सजाएं भोगीं। 1942 ई. के 'भारत छोड़ो आंदोलन' में अरुणा ने अंग्रेजों की जेल में बंद होने के बदले भूमिगत रहकर अपने अन्य साथियों के साथ आंदोलन का नेतृत्व करना उचित समझा। मुंबई, कोलकाता, दिल्ली आदि में घूम-घूमकर पुलिस की पकड़ से बचकर लोगों में नव जागृति लाने का प्रयत्न किया, लेकिन 1942 से 1946 तक देशभर में सक्रिय रहकर भी वे पुलिस की पकड़ में नहीं आईं। 1946 में जब उनके नाम का वारंट रद्द हुआ, तभी वे प्रकट हुईं। सारी संपत्ति जब्त करने पर भी उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया। सन् 1947 ई. में अरुणा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष निर्वाचित की गईं। उन्हें सन् 1964 में लेनिन शांति पुरस्कार, सन् 1991 में जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार, 1992 में पद्म विभूषण और इंदिरा गांधी पुरस्कार (राष्ट्रीय एकता के लिए) से सम्मानित किया गया था। 1997 में उन्हें मरणोपरांत भारत के भारत रत्न से सम्मानित किया गया।



**अरुणा आसफ अली**
**जन्म :** 16 जुलाई, 1909
**मृत्यु :** 29 जुलाई, 1996

## अपनी बात

**विश्व**भर में हर साल खरबों डॉलर की रकम या तो रिश्वतखोरी या फिर भ्रष्ट तरीकों की भेंट चढ़ जाती है, जिससे कानून के शासन की अहमियत तो कम होती ही है, साथ ही मादक पदार्थों, हथियारों और लोगों की अवैध तस्करी को भी बढ़ावा मिलता है। भ्रष्टाचार से एक बेहतर दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा होती है। जब हम टिकाऊ विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जुटे हों तो भ्रष्टाचार उन्मूलन और स्वच्छ प्रशासन को बढ़ावा देने के प्रयास बढ़ाना भी बेहद जरूरी है। किसी को भी पीछे न छोड़ देने का संकल्प पूरा करने के लिए भी ऐसा करना बहुत जरूरी है। भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी के खिलाफ किए जा रहे प्रयासों को पहचानना और उन्हें बढ़ावा देना समय की मांग है। भ्रष्टाचार से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होती है। भ्रष्टाचार संसाधनों और अवसरों की उपलब्धता के रास्ते में रुकावट पैदा करता है, इससे सार्वजनिक संस्थानों में भरोसा कम होता है। **-संतोष, नगरोटा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# ट्रंप पर हमला और मोदी-राहुल कनेक्शन

अमेरिका में सर्वोच्च पद पर बैठे लोगों को निशाना बनाकर राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या हो चुकी है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप जब पेंसिलवेनिया में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी कम से कम पांच राउंड गोलियां चलीं। भीड़ के शोर के बीच ट्रंप अपना दाहिना कान ढंकते हुए जमीन पर लेट गए। फिर कुछ मिनट बाद सुरक्षाकर्मियों की घेराबंदी में ट्रंप खड़े हुए तो उनके दाहिने गाल पर खून की धार बहती दिख रही थी। ट्रंप खुशकिस्मत हैं जो बच गए। अमेरिका की तरह ही भारत में भी राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। भारत ने भी समय-समय पर राजनीतिक हिंसा के शिकार हुए अनेक श्रेष्ठ, योग्य और अनुभवी लोगों को खोया है। भारत को स्वाधीन हुए अभी छह महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया था। इस एक हत्या के बाद जैसे भारत में भूचाल आ गया, उसके बाद कई लोग राजनीतिक रूप से शिकार बनाए गए जिसकी की सूची बहुत लंबी है। फिर भारत जब पाकिस्तान को युद्ध के मैदान में करारी शिकस्त देकर दुनिया के सामने अपनी ताकत का लोहा मनवा रहा था, तभी वह घटना घटी जिसने एक बार संपूर्ण देश में शोक की लहर दौड़ा दी थी। दरअसल, पाकिस्तान सेना ने भारत के चंबा सेक्टर पर हमला बोला, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय सेना को पंजाब से मोर्चा खोलने का आदेश दे दिया। परिणाम यह हुआ कि भारतीय सेना ने सितंबर 1965 में लौहार तक के क्षेत्र को अपने आधीन कर लिया था, ऐसे में पाकिस्तान यूनाइटेड नेशंस के पास गुहार लगाने पहुंचा, जिसके बाद 23 सितंबर 1965 को यूएन के हस्तक्षेप के परिणाम स्वरूप भारत ने युद्धविराम की घोषणा कर दी थी और यहीं से एक नई कहानी ताशकंद की शुरुआत होती है।



**लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री एलेक्सेई कोजिगिन ने दोनों देशों के बीच समझौते की पेशकश की थी। उन्हीं के कहने पर 10 जनवरी 1966 का दिन ताशकंद में समझौते के लिए तय किया गया और इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी की रात में रहस्यमयी परिस्थितियों में निधन हो गया। उजबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हुई उनकी मौत को लेकर कहा जाता है कि हार्ट अटैक से नहीं उन्हें जहर दिया गया था। उनकी मौत का रहस्य अभी भी बना हुआ है। इस मौत के बाद वस्तुत: स्वाधीन भारत में हुई राजनीतिक हत्याओं में तीसरा सबसे बड़ा नाम इंदिरा गांधी का है। उन्होंने पंजाब में आतंकवाद खत्म करने के लिए ऑपरेशन ब्लूस्टार चलाया, जिसमें कि आतंक का नेतृत्व कर रहा भिंडरावाला मारा गया, लेकिन उसकी परिणति यह रही कि इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी, भारत की तीसरी प्रधानमंत्री को 31 अक्तूबर 1984 को प्रधानमंत्री निवास में उन्हीं के सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां से छलनी कर दिया। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी भी हत्या के शिकार हुए, उनकी हत्या के पीछे लिट्टे का हाथ होना सामने आया। इन अहम हत्याओं के साथ ही देश में कई चर्चित राजनीतिक हत्याएं होना समय-समय पर सामने आता रहा है, किंतु बात यहां जो शुरू हुई है, ट्रंप पर हुए हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कनेक्शन की, तो इस बात की गंभीरता ऊपर वर्णित राजनीतिक हत्याओं और उसके लिए उकसाने वाले कारणों में खोजा जाना वर्तमान में अति आवश्यक हो गया है। वस्तुत: यह खोज हर उस स्तर पर आवश्यक है आखिर कैसे देश के सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की सुरक्षा में चूक की जा सकती है। सभी को वह दृश्य याद आता है, जिसके कि फुटेज तक मीडिया ने दिखाए कि किस तरह से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा को पंजाब में हल्के में लिया गया था। आखिर क्यों राहुल जो स्वयं आज एक जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वे मोदी के खिलाफ आम जनता को हिंसा करने के लिए बार-बार उकसा रहे हैं।

ऐसे में उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि यदि कोई अनहोनी होती है, तो क्या वे इसकी जिम्मेदारी स्वयं लेंगे? वस्तुत: भाजपा के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्रंप पर हमले की गांधी द्वारा निंदा किए जाने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए आज सभी का ध्यान इस ओर दिलाया है, यह अच्छी बात है कि मालवीय ने इस मामले में सभी को पहले से ही आगाह किया है, यहां इनके कहे शब्दों की गंभीरता अब हम सभी को समझनी होगी। उन्होंने कहा, 'तीसरी बार फेल हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को अक्सर प्रोत्साहित किया है और उन्हें जायज ठहराया है। भारत कैसे भूल सकता है कि कांग्रेस के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने जानबूझकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा से समझौता किया था, जब उनका काफिला एक फ्लाईओवर पर फंसा हुआ था।' अमित मालवीय ने राहुल के पूर्व के कुछ बयानों को जोड़कर तैयार किए गए एक वीडियो को साझा करते हुए यह भी बताया है कि राहुल ने मोदी के खिलाफ 'तानाशाह' जैसी बयानबाजी की है और ट्रंप के आलोचक डेमोक्रेट नेता और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी यही करते हैं।

यानी जब नेता आम जनता को हिंसा के लिए उकसाते हैं, तो उसकी परिणति इसी प्रकार ट्रंप पर हुए हमले के रूप में होती है या भारत समेत दुनिया के किसी भी हिस्से में हुई राजनीतिक हत्या और हिंसा के रूप में सामने आती है। अमेरिका में भी आज यही सामने आ रहा है कि हत्या के प्रयास के बाद ट्रंप के कई समर्थकों ने यह महसूस किया है और वे यह खुलकर बोल भी रहे हैं कि उन (ट्रंप) के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा उन्हें (ट्रंप को) बदनाम किए जाने से उनके खिलाफ नफरत का माहौल पैदा हो गया है और यह नफरती माहौल पैदा किया जा रहा है, जिसका परिणाम गोलीबारी के रूप में अभी सब के सामने आया है। ट्रंप के विरोधियों ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र (ट्रंप की वजह से) खतरे में है। यही भारत में आज प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ होता हुआ दिखाई देता है, यहां भी विपक्ष मोदी के खिलाफ 'संविधान खतरे में है' का नारा लगाकर एक झूठा नैरेटिव गढ़ने में लगा है, जिसके अगुवा हैं राहुल गांधी। अमित मालवीय के शब्दों में कहें तो अमेरिका में नस्ल की तरह जाति को भारतीय समाज में दरार पैदा करने के लिए हथियार बनाया गया। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सदन के सदस्यों का आचरण होना ही मर्यादा

भारतीय राजनीतिक चिंतन की परंपरा पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन से अधिक पुरानी है। भारत में राजतंत्र और गणतंत्र शासन व्यवस्था प्राचीन हैं। कौटिल्य ने राज्य को अपने आप में साध्य मानते हुए समाज में सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने राजा के कार्य क्षेत्र को अत्यंत विस्तृत बताया है। कौटिल्य ने राज्य की संपूर्ण संस्थाओं को मनुष्य के आध्यात्मिक सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण का साधन बताया है। सुझाव दिया है कि राजा को आग, बाढ़, महामारी, अकाल और भूकंप जैसी दैवीय विपत्तियों का निवारण करना चाहिए। राजा को चाहिए कि प्रजा के प्रति पुत्रवत आचरण करे। राज्य में अपराधियों के लिए दंड, बाहरी शत्रुओं से रक्षा, राज्य की आंतरिक व्यवस्था एवं न्याय की रक्षा प्रमुख बताया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पिछले दिनों पूरे देश के लोगों ने संचार माध्यमों के जरिए देखी।



**लेखक : अरुण कुमार**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संसद के भीतर के दृश्य काफी निराशाजनक रहे। प्रत्येक लोकसभा और राज्यसभा सदस्य का यह कर्तव्य है कि वह भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित तथ्यों के अनुसार आचरण करे। भारत के संविधान के अनुसार, सदन के सदस्यों का आचरण होना ही मर्यादा है। बीते कुछ समय से ऐसा नहीं हो रहा है। भारी भरकम धनराशि खर्च कर चलने वाले लोकसभा सदन में हंगामा है। शोर शराबा की स्थिति बनी है। यहां तक की शपथ ग्रहण के अवसर पर विभिन्न सांसदों ने शपथ की निर्धारित शब्दावली के अतिरिक्त विशेष विचार धारा जुड़े हुए नारे लगाए, जो संविधान सम्मत नहीं कहे जा सकते। इस पर सदन को विचार करना होगा। संसद का सदन सुचारु रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर होती है, मगर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सकारात्मक चर्चा का अभाव देखा जा रहा है। लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना शुभ माना जाता है। होना यह चाहिए कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर राष्ट्र के लोगों को समता समृद्धि के अवसर बगैर दलीय,जातीय, पंथिक पूर्वाग्रह के उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। राष्ट्र को शक्तिशाली समृद्धशाली बनाने में कोताही न बरतें। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर की गई टिप्पणी से संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। अब यह कहा जा रहा है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को लक्ष्य कर ऐसी टिप्पणी की है। संपूर्ण हिंदुओं पर नहीं की। लोकसभा भारत का हृदय स्थल है। किसी भी दल के लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों द्वारा भारत को आहत करने वाली टिप्पणियों को क्या जायज ठहराया जा सकता है ? उत्तर होगा नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से पीछे हटना भी देश के लोग देख रहे हैं। यह आरोप विपक्ष पर सत्ता पक्ष और सत्ता पक्ष पर विपक्ष लगा रहा है। संविधान विशेषज्ञों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा री है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कहें किससे क्या

गजल



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

*कहें किससे क्या हम किसी बात को,*
*कि क्या हो गया हमसे उस रात को ।*

*वह आए यकीं था मगर चुप रहे ,*
*क्या हमने किया उनसे उस रात को ।*

*था खाबों का वह इक महज सिलसिला,*
*हकीकत में था बदला उस रात को ।*

*उनकी जुल्फों का लहराना था भा गया,*
*बना मौत का किस्सा उस रात को।*

*रुक ही जाते जरा भर तो बतलाते हम,*
*मैं तो अच्छा भला था हां उस रात को।*

# पहाड़ों पर घूमने तो आते हैं मगर घूमना अभी नहीं आया!

हिमाचल प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से विश्वभर में विलक्षण पहचान रखता है। पूरी दुनिया के पर्यटक हिमाचल की संस्कृति व प्राकृतिक सौंदर्य का दीदार करने पहुंचते हैं और यहां पहुंचकर यहीं के होकर रह जाते हैं। हिमाचल कोई आम जगह नहीं, बल्कि जटिल भौगोलिक परिस्थितियों वाला प्रदेश है, यहां अनेक चुनौतियां हैं जिन्हें अन्य जगह से एकदम आकर नहीं समझा जा सकता है, लेकिन कुछ लोग इस भ्रम में फंस जाते हैं कि हिमाचल में पहाड़ और नदियां ही तो हैं ये हर जगह ही होती हैं, हमें तो सब पता है। तेज-तर्रार ड्राइविंग कौशल को अजमाने के प्रयास किए जाते हैं, मगर कई बार ऐसा करना खुद के लिए तो खतरनाक साबित होता ही है, बल्कि साथ वालों और सामने वाले को भी संकट में डालता है।

सबसे चर्चित विषय सेल्फी और वीडियो, रील्स के चक्कर में जान गंवाने वालों का रहता है, आए दिन समाचार सुर्खियों में छपा होता है कि 'रील्स व सेल्फी के चक्कर में पर्यटकों ने गंवाई जान' आखिर ये कैसी सेल्फी और रील्स जो जिंदगी से बड़ी हो गई, क्यों जान सेल्फी में रहकर लोग ऐसे प्रयास करते हैं। यह हिमाचल है यहां कब कौन सा नदी-नाला झरना, उफान पर आकर जीवन और मौत के फासले को पाटना शुरू कर दे ये कोई नहीं जानता, इन्होंने कई सेल्फी व रील्स वालों को अपने अंदर समाया है।

लोग पहाड़ों पर घूमने तो आते हैं मगर कई बार कुछेक की हरकतें देखकर लगता है उन्हें घूमना अभी आया ही नहीं है, सीखने की आवश्यकता है।

कुछेक पहाड़ों पर शांति के लिए आते हैं और यहां अशांति उत्पन्न करते हैं। कुछ स्वच्छ वातावरण का नारा लगाकर पहुंचते हैं तो वापस जाते समय गंद फैलाकर जाते हैं।



**लेखक : ठाकुर दीक्षित धलारिया**
संधोल, मंडी

हिमाचल के लोगों के शांत व सौम्य व्यवहार की तारीफ करते हैं, मगर खुद जाते जाते रास्ते में लड़ाई करते हैं। ये घूमने का ऐसा कैसा ढंग है ? विश्व के कई देशों के लोग यहां पहुंचते हैं, मगर वो कभी हुड़दंग नहीं मचाते, न कभी उनका विवाद यहां के स्थानीय लोगों से होता है। यह सोचने की बात है कि भाषाई विभिन्नता व अनेक कारकों के बावजूद विदेशी सैलानी सचमुच में प्रकृति व संस्कृति में खोए हुए नजर आते हैं, क्योंकि उन्होंने बहुत लंबे समय से घूमना सीखा है, लेकिन देश के ही सैलानी कभी गाड़ियों के ओवरटेक को लेकर तलवारें निकालकर लड़ते नजर आते हैं तो कभी रिवॉल्वर बाहर निकल आती है, इतने से ही बात नहीं बनती तो शराब पीकर स्थानीय होटल व्यवसायियों से पैसे को लेकर तनातनी हो या खाना खाकर पैसे न चुकाने का विवाद हो इस प्रकार के सारे मामले माहौल को खराब करते हैं। करते कुछेक हैं और बदनाम बाहर से आने वाले सब होते हैं। पहाड़ों पर जाकर गंद फैलाकर प्राकृतिक संतुलन तो बिगड़ता ही है बल्कि जो खाने-पीने के अवशेष ऊपर ही छोड़ देते हैं, उन्हें साफ करने के लिए प्रदेश की कई संस्थाओं व एनजीओ को स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें साफ करना पड़ता है वो अलग।

कुछेक जगह भारी ऊंचाई पर जहां खाली हाथ चलना भी खतरे से खाली नहीं होता वहां स्थानीय लोग खाने-पीने की वस्तुएं कंधों व सिर पर ढोककर जान जोखिम में डालकर उपर पहुंचाते हैं,मगर उनसे भी दो-पैसों के पीछे विवाद कर भला-बुरा कहते हैं। मैदानी इलाकों से आए इन पर्यटकों को पहाड़ों में विशेष सावधानी अपनाने की जरूरत होती है जिसे ये दरकिनार कर हादसों का ग्रास बन जाते है। मैदानी भागों व पहाड़ों की ड्राइविंग में रात दिन का अंतर है। गति पर नियंत्रण के साथ हर पल सतर्क रहना जरूरी है। नदी-नालों के किनारे जाने से बचना चाहिए। गर्मियों में पहाड़ों में तेजी से बर्फ पिघलती है न जाने कब कौन सी शांत बह रही नदी उफनते सैलाब में बदल जाए। बरसात में प्रशासन समय-समय पर सावधानी बरतनें की हिदायतें देता रहता है बावजूद इसके अलर्ट को नजरअंदाज करते हुए पहाड़ों व नदी नालों का रुख कर लेते हैं, उन्हें समझने की आवश्यकता है कि यह मौसम बरसात का है जीवन सुरक्षित रहा तो बाद में भी घूमने का आनंद लिया जा सकता है, लेकिन कुछ बेपरवाह पर्यटक पहाड़ों की ओर चल देते हैं, लेकिन उन्हें ये मालूम नहीं कि आजकल पहाड़ खुद नीचे घूमने आते हैं और कहीं गलती से मिलन हो जाए तो लेने के देने पड़ जाते हैं। वैसे ही नदियां,नाले अपनी क्षमताओं को जांचते-परखते हैं कि हम कहां तक बह सकते हैं हिमाचल प्रदेश पर्यटन के विश्व मानचित्र पर शीर्ष पर काबिज है। यहां के मनमोहक स्थानों के बारे में सुन व देख कर लोग अपने कदम यहां आने से रोक नहीं पाते हैं, लेकिन अपने पर्यटकी शौक को पूरा करने के चक्कर में यहां के वातावरण को दूषित करना अच्छा नहीं है, आज शहरों में भारी गर्मी पड़ने पर पहाड़ों पर आने का विकल्प है, लेकिन जब इसी प्रकार गंद फैलता रहेगा तो कहां जाएंगे साफ हवा और ठंडक का अहसास करने। यह मजाक व हो-हल्ला करने का नहीं, बल्कि चिंतन का विषय है तथा इस रवैये को सुधारने की आवश्यकता है, नहीं तो अभी तो तापमान आम जगहों पर भी 40 पार गया है, अर्धशतक जल्द इंतजार कर रहा है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय परंपराओं के अनुपालन से आगे बढ़ रहा है देश

भारत जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है, जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस किया है। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे, परंतु अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए तभी जाकर आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत के वैभवकाल को पुन: प्राप्त किया जा सकेगा।

भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवनयापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्योहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 साल में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं, वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कॉरीडोर बनाने जा रही है,क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे।



**लेखक : प्रहलाद सबनानी**
आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ

भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। अब संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं, लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक- दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं, दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है।

भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को, वृक्षों को,धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्योहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी।

सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे। मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों न भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया, जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं के धर्मांतरण पर, हिंदुओं को मारने पर और उनकी संपत्ति हड़पने पर काम कर रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ब्राह्मणों को मारकर रोज सवा मन जनेऊ जलाता था। मंदिरों को नष्ट कर उन पर मस्जिदें बना दी गई। दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं,जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**अनिल शर्मा, मंडी।** बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत बालिकाओं के लिए काले डैम के आवासीय परिसर के खेल मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यातिथि सविता अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य संगिनी संघ द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बालिका सशक्तिकरण अभियान की सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता की विजेता बालिकाओं को मुख्यातिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के सुचारु आयोजन में सीएसआर से डॉ. अंजुला अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक, पूरन सिंह, सहा. प्रबंधक और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### देवता श्री नाग धमुनी सेरी के छत्र की प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण

**पीयूष, करसोग।** सेरी बंगलो गांव में देवता श्री नाग धमुनी के मंदिर में छत्र की प्रतिष्ठा का कार्य पूर्ण हो गया, वहीं देवी-देवताओं ने शक्तियां भी इकट्ठी कीं। सुबह नाग देवता श्री धमुनी द्वारा मंदिर को एक सूत्र में बांधा गया। इस मौके पर सभी देवी-देवता मौजूद रहे। मंदिर कमेटी के पुजारी होशियार शर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण में जितने भी मिस्त्रियों ने भागीदारी दी थी उन्हें सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### विधायक दीपराज ने तलैहण क्षेत्र का किया दौरा

**पीयूष, करसोग।** विधायक करसोग दीप राज कपूर ने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने तलैहण गांव में बादल फटने से प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों की समीक्षा की है, यहां यहां अन्य क्षेत्र के स्थलों का दौरा किया है। उन्होंने प्रभावित व्यक्तियों की स्थिति का आकलन किया, उनसे बातचीत कर भौतिक क्षति का आकलन किया। विधायक दीप राज कपूर ने बताया कि बारिश के कारण गांव की मौजूदा सड़कों का पुनः निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### जोगिंद्रनगर में बस और कार में टक्कर

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे-154 में जोगिंद्रनगर के ढेलू के पास एक निजी बस द्वारा एक खड़ी कार को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। कार चालक निवासी संजीव कुमार जोगिंद्रनगर ने बताया कि कार को हाईवे किनारे साइड में लगाया हुआ था तो उस दौरान एक निजी जो बस बैजनाथ की तरफ से आ रही थी, उसने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें उनकी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है उनकी गाड़ी का पिछला शीशा भी टूट गया है। जोगिंद्रनगर पुलिस के कार्यकारी थाना प्रभारी मुंशी राम ने घटनास्थल का जायजा लिया और दोनों चालकों से बात की है और मामले की छानबीन करने में जुट गई हैं।(अनंत ज्ञान)

### विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में विश्व युवा कौशल दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार के कौशल की जानकारी देकर जागरूक किया गया। संस्थान के अनुदेशक लव जम्वाल ने यूथ स्किल की जानकारी देते हुए कहा कि देश के विकास में युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी होती है। सभी न केवल सरकारी नौकरी अपितु अपने कौशल को विकसित करके स्वयं का कार्य करके अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में संस्थान की प्रशिक्षुओं अंकिता, पायल, प्रेरणा व कोमल ने भी भाषण के माध्यम से इस दिन की विस्तृत जानकारी दी। समूह अनुदेशिका वंदना चोपड़ा ने इस दिन की जानकारी देकर युवाओं को प्रोत्साहित किया कि पढ़ाई के साथ साथ रोजगार के लिए कुछ जरुरी स्किल्स की मदद से आप प्रोफेशनल लाइफ में जल्द कामयाबी पा सकते हैं। इसमें संस्थान के अनुदेशक संजीव कुमार और महेश कुमार व अनुदेशिका कल्पना शर्मा और मधुवर्षा भी शामिल रही।(अनंत ज्ञान)

### मानसून जल जनित रोगों के लिए बना खतरा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** मानसून के दौरान जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता व रोकथाम के लिए एसडीएम कार्यालय में बैठक हुई। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी एसडीएम व तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा ने सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश जारी किए। मानसून के मौसम में जल जनित रोगों के फैलने का खतरा बना रहता है। ऐसे में लोग घरों में साफ सफाई बनाए रखें तथा पीने के पानी को उबाल कर ही पीएं। साथ ही उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी कहा कि पानी के टैंक को समय समय पर क्लोरिनिकरण व बीचिंग पाउडर से साफ करें, ताकि कम से कम लोग जल जनित बीमारियों से ग्रसित हों। बैठक के दौरान जिला निगरानी अधिकारी डॉ. अरविंद रॉय भी मौजूद रहे। मानसून में जल जनित रोगों के फैलने का मुख्य कारण संक्रमित पानी का सेवन है। पानी को हमेशा उबालकर ही पीना सुनिश्चित करें, भोजन हाथ साफ करके ही खाएं तथा फल व सब्जियों को धोकर ही उपयोग में लाएं। (अनंत ज्ञान)

### सरकाघाट में 17 को बंद रहेगी बिजली

**सरकाघाट।** 33 केवी सब स्टेशन बरछवाड में आवश्यक मुरमत के चलते सभी 11 केवी फिडरो सरकाघाट गोपालपुर मोही मसेरन टिहरा ओल्ड रिस्सा न्यू रिस्सा धरमपुर के अधीन पढ़ने वाले सभी क्षेत्र डबरोग बेहड सरकाघाट लाका पपलोग, नोनू चौक, बराडता, बाग, तताहर, नबाही, मोंही, गोपालपुर, डली, दारपा, रखोह, भवानी, कांगो, का गलू में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णता बाधित रहेगी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल इंजीनियर राज सिंह पाराशर ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा

# डिपो व थोक गोदामों से वसूला 3.61 लाख जुर्माना

**अनिल शर्मा, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंडी द्वारा 4119 निरीक्षण के कार्य किए गए, जबकि विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों, थोक गोदामों से कुल 3,61,129 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा की गई अनियमिताओं तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन बैग जब्त कर 32539 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2023 से जून, 2024 तक की 13 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए जिस पर अभी कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता के खाद्यान्न उपलब्ध हो सके, इसके लिए कुल 135 खाद्यान्नों के सैंपल लिए गए, जिनमें से 107 सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, प्राप्त रिपोर्ट में से सभी 107 सैंपल पास हुए हैं।(अनंत ज्ञान)

### आपदा की स्थिति में न हो खाद्यान्न की कमी

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने कहा कि मंडी जिला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 837 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से कुल 3 लाख 25 हजार 134 राशन कार्डधारकों को खाद्यान्नों का आबंटन किया जा रहा है, जिससे जिला की 11 लाख 11 हजार 621 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। राशन कार्डधारकों को फोर्टीफाइड पीडीएस चावल, आटा, खाद्य तेल व नमक जिसमें आयरन, फोलिक एसिड व बी-12 सम्मिलित हैं, का वितरण किया जा रहा है ताकि कोई भी व्यक्ति कुपोषण का शिकार न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा संभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण कर लें, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में इन क्षेत्रों में खाद्यान्न की कमी न रहे। अपूर्व देवगन ने बताया कि दिसंबर, 2023 से जून, 2024 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 2,87,011 क्विंटल आटा, 1,72,050 क्विंटल पीडीएस चावल, 45,916 क्विंटल दालें, 37,603 क्विंटल चीनी, 31,88,874 लीटर खाद्य तेल एवं 13,034 क्विंटल नमक तथा 7,78,404 एलपीजी सिलेंडर राशन कार्डधारकों को वितरित किए गए।

### जल्द हो ई-केवाईसी

**अपूर्व** देवगन ने बताया कि मंडी जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 4 लाख 69 हजार 485 लाभार्थियों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला में राशन कार्ड के साथ 99.98 प्रतिशत आधार सीडिंग, 96 प्रतिशत मोबाइल नम्बर सीडिंग व 82 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

उन्होंने ई-केवाईसी में भी शत-प्रतिशत के लिए प्रयासों में और तेजी को कहा। जिन लोगों की ई-केवाईसी नहीं हुई है वे नजदीक की उचित मूल्य की दुकान में जाकर शीघ्र अपनी ई-केवाईसी करवाएं। जिला नियंत्रक कार्यालय में भी लोगों की ई-केवाईसी की जा रही है।

# संगीत से समाजसेवा में लीन है कृष्णा ठाकुर




अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कृष्णा ठाकुर।

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

कृष्णा ठाकुर 'कविता' एक ऐसा नाम जो संगीत के माध्यम से समाज सेवा में कार्यरत है। जिला कुल्लू में जन्मी और लगभग दो दशकों से भी ज्यादा समय से मंडी को अपनी सरकारी सेवा की कर्मभूमि बनाए हुए कृष्णा ने सुंदरनगर में ही शादी कर सांस्कृतिक दुनिया में दोनों जिलों का प्रतिनिधित्व की मशाल जलाई है। प्रदेश से बाहर वह हिमाचल का प्रतिनिधित्व करती है। मूल रूप में कृष्णा हिमाचली व कुल्लवी लोक गायिका है। अनंत ज्ञान से अपने अनुभव साझा करते हुए कृष्णा ठाकुर ने कहा कि गीत संगीत भी समाजसेवा का एक माध्यम हो सकता है बशर्ते कि वह सही दिशा में हो।

कृष्णा ने बताया कि बचपन में जब वह गांव में खेतीबाड़ी के कामों जिसमें गांव के सभी लोग इकट्ठा होकर काम करते थे, के दौरान शाम को जब गीतों के माध्यम से मनोरंजन करते थे तो वह नाचती भी थी। बचपन में वह गांव में कुली नुमा काम कर बचत कर भी समाजसेवा करती रही है। पहली पाबंदी उनकी पढ़ाई लिखाई को लेकर लगी लेकिन भाई के साथ-साथ वह भी पढ़ती रही।

कृष्णा ठाकुर स्नातकोत्तर हिंदी, एडवेंचर स्पोर्ट्स में मास्टर डिग्री तथा कम्प्यूटर के क्षेत्र में पीजीडीसीए किए हुए है। स्कूली पढ़ाई के पश्चात साक्षरता एवं जन विज्ञान आंदोलन से जुड़ी और इस आंदोलन को कामयाब बनाने के लिए कला जत्थों के माध्यम से जिला, प्रदेश व देश के कई स्थानों पर साक्षरता का वातावरण बनाने का कार्य किया। वह गाने लिखती भी है, गाती भी है और अभी तक अनेकों गाने रेडियो, दूरदर्शन और ऑडियो-वीडियो के माध्यम से समाज को दे चुकी हैं। कृष्णा ठाकुर आज की युवा पीढ़ी जो नशे की गर्त में जा रही है, के प्रति बहुत ही चिंतित है और कहती है कि इसके लिए गंभीर होकर काम करने की जरूरत है। कृष्णा ने युवाओं का आवाहन किया कि नशे से हर हालत में बचें। यह समय और ऊर्जा अपने भविष्य को संवारने में लगाएं। (अनंत ज्ञान)

### प्रशिक्षण संस्थान बगस्याड़ में प्रवेश शुरू

**सुनील शर्मा, गोहर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बगस्याड़ के प्रधानाचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक एनसीवीटी सब्सिडाइज्ड 48, ड्रेस मेकिंग एनसीवीटी सब्सिडाइज्ड 40, इलेक्ट्रीशियन एनसीवीटी सब्सिडाइज्ड 20, इलेक्ट्रीशियन एनसीवीटी गैर सब्सिडाइज्ड 20 आदि की सीटें भरी जाएंगी। उम्मीदवारों की सहायता के लिए एक हेल्प डेस्क स्थापित किए है।

### सरकाघाट कॉलेज में दाखिले शुरू

**रितेश, सरकाघाट।** रविन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में सत्र 2024-25 के लिए एमए और एमएससी कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने बताया कि महाविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, एमएससी भौतिक विज्ञान और रासायनिक विज्ञान के प्रथम सेमेस्टर के लिए इच्छुक विधार्थी 24 जुलाई तक महाविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। सभी विषयो की मेरिट सूची 25 जुलाई को जारी की जाएगी और 26 जुलाई को विद्यार्थियों की काउंसलिंग होगी।

# निजीकरण के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**अनिल शर्मा, मंडी**

प्रदेश में बने अटल आदर्श विद्यालयों को सरकार निजीकरण करके पीपीपी मोड पर चलाना चाहती है, जिसके लिए सरकार ने 23 जुलाई को टैंडर रख दिया है। इसी को लेकर क्षेत्र में विरोध हो रहा है और क्षेत्र में सभी संगठनों ने इसे सरकारी क्षेत्र में चलाने की मांग उठाई है।

धर्मपुर मंडल भाजपा की बैठक मंडलाध्यक्ष लेखराज की अध्यक्षता में हुई, जिसमें धर्मपुर से प्रत्याशी रहे प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी रजत ठाकुर व जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया व जिला परिषद सदस्य जगदीश चंद बिट्टा भी विशेष रूप से उपस्थित हुए और समस्त लोगों ने इस पाठशाला को सरकार द्वारा चलाने की मांग उठाई तथा अटल आदर्श विद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताया और एसडीएम धर्मपुर के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन भेजा है जिसमें इसका निजीकरण न करने की मांग उठाई है और इसे सरकार द्वारा ही चलाने की मांग की है।

उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि इस विद्यालय को बनाने के लिए पूर्व सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च करके इसे पूर्ण किया है, लेकिन आज बड़े खेद का विषय है कि वर्तमान की प्रदेश सरकार 24 जुलाई को इस पाठशाला का संचालन निजीकरण पीपीपी मोड पर करने का टैंडर निजी हाथों को सौंपने जा रही है जो बच्चों व क्षेत्र की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा होगा।

धर्मपुर की जनता इसका कड़ा विरोध करती है और अगर सरकार अपने इस फैसले को नहीं बदलेगी तो फिर जनता को संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व प्रशासन की होगी। (अनंत ज्ञान)

## रफी नाइट प्रतियोगिता में छाए संगीत सदन के सर्वज्ञ और श्रेया

**अनिल, मंडी**



सर्वज्ञ व श्रेया।

सोलन के मुरारी मार्केट हॉल में संपन्न रफ़ी नाइट्स सीजन 9 प्रतियोगिता में संगीत सदन मंडी के दो होनहार छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के सभी राउंड को पार करके तथा पूरे हिमाचल के लगभग 50 प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए सर्वज्ञ शर्मा ने गायन में सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान तथा श्रेया बग्गा ने नृत्य में तृतीय स्थान हासिल कर ज़िला मंडी तथा संगीत सदन का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में बतौर अतिथि बनकर बड़े नामी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिनमे किशन वर्मा, कार्तिक शर्मा जैसे नामी कलाकार शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### 1166 गर्भवती व धात्री माताओं को किया लाभान्वित

**अनिल शर्मा, मंडी।** एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा की अध्यक्षता में आज खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति, पोषण अभियान तथा खंड स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि बल्ह उपमंडल में बाल विकास परियोजना सदर द्वारा संचालित 479 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 3 वर्ष के 6293 बच्चे और 3 से 6 वर्ष के 1515 बच्चे तथा 1166 गर्भवती व धात्री माताओं को लाभान्वित किया जा रहा हैं। (अनंत ज्ञान)

## वार्षिक पत्रिका 'कृति' के 12वें संस्करण का किया विमोचन

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

करिश्मा शिक्षण संस्थान में कष्मोत्सव वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के संस्था प्रबंधक ई. ललित पाठक, अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ तथा संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'कृति' के 12वें संस्करण का विमोचन किया गया। संस्थान प्रधानाचार्य ने शिक्षण संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समारोह में बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षओं नें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, नाटक, गायन और संगीत ने सबका मनमोह लिया। संस्था के प्रबंधक ई. ललित पाठक ने शिक्षकगण को युवा मस्तिष्कों को संवारने और उन्हें सफलता की ओर मार्गदर्शन करने में आभार किया। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति ने काटे आधा दर्जन पेड़

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत बसंतपुर गांव के सुनील कुमार ने स्थानीय पंचायत कार्यालय और पुलिस थाना सरकाघाट में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि बगीचे में आधा दर्जन फलदार पौधे और ईमारती के लकड़ी बड़े बड़े पेड़ काट दिए हैं, जिनके तने ही नजर आ रहे थे।

स्थानीय पंचायत प्रधान ने रिपोर्ट पर लिखा है कि सुनील की भूमि से पेड़ काटे गए हैं । जबकि पंचायत कार्यालय से किसी को भी पेड़ काटने की अनुमति नहीं दी गई है।

# बीबीएमबी का खाली भवन बना नशेड़ियों का अड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



सुंदरनगर उपमंडल की निचली बहली पंचायत में बीबीएमबी नहर के किनारे बीबीएमबी का खाली भवन शाम ढलते ही नशेड़ियों का शरणस्थल बन जाता है। ग्रामीणों के अनुसार इस भवन में और इसके इर्द-गिर्द नशेड़ी देखे जा सकते हैं। समूह में बैठे यह नशेड़ी राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं।

स्थानीय ग्रामीण विजय, रमेश, महेश आदि ने कहा कि पुलिस थाना धनोटू नजदीक होने के बावजूद भी इस ओर कभी भी रात के समय पुलिस को गश्त करते हुए नहीं देखा गया है। नजदीकी पुलिस गरीब टिप्पर चालकों के चालान काटने में अपने आप को गौरवान्वित समझ रही है, जबकि बड़े रेत माफिया उनकी पहुंच से परे है। यह भवन बीबीएमबी द्वारा थाना भवन के रूप में निर्मित किया गया था। जब बीबीएमबी ने हिमाचल सरकार से पुलिस दल की मांग की, तो सुरक्षा जवान देने से हिमाचल सरकार ने मना कर दिया था तभी से यह भवन खंडहर बनकर बीबीएमबी और हिमाचल सरकार के फेर में उलझ कर रह गया है।

ग्रामीणों ने बीबीएमबी प्रशासन से मांग की है कि इस भवन को या तो ध्वस्त किया जाए या फिर इसे सुचारु किया जाए।

> यदि ऐसा है तो गश्त बढ़ाई जाएगी और कॉलोनी थाना को भी सूचित किया जाएगा, ताकि संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जा सके।
> -गगन, एसएचओ धनोटू थाना सुंदरनगर।

### वृद्ध पर गिरा पत्थर, मौत

**पंडोह ।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के इलाका बदार की ग्राम पंचायत देवरी के गांव थहरू (सतीयुर) में ढांक से पत्थर गिरने से एक वृद्ध की मौका पर ही दर्दनाक मौत हो गई। समाजसेवी चुड़ामणी खजाना ने बताया कि यह बुजुर्ग पीरे राम (74) पुत्र अनंत राम अपने दोघरे से हर रोज़ की तरह गौशाला में जा रहा था। अचानक ऊंची पहाड़ी से पत्थर गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पीरे राम जल शक्ति विभाग से बतौर मजदूर रिटायर हुए थे। पंचायत उप प्रधान दीपक ने घटना की पुष्टि करते हुए शौक व्यक्त किया है।(अनंत ज्ञान)

## मंडी में पहली बार होगा श्री रामार्चन महायज्ञ : महंत राजेश्वरानंद सरस्वती

**अनिल शर्मा, मंडी**



जानकारी देते महंत राजेश्वरानंद सरस्वती।

छोटी काशी मंडी में पहली बार श्री रामार्चन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह बात महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने मंडी में कही। सीताराम महायज्ञ में पहली बार श्री रामार्चन कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, संत महंत दर्शन देने आएंगे।

राम कथा मानस पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामलल्ला जी महाराज मानस पीठ खजूरी ताल मध्य प्रदेश व मुख्यातिथि आचार्य महामंडलेश्वर निर्वाण पीठाधीश्वर राजगुरू श्री श्री 1008 स्वामी श्री विशोकानंद भारती जी महाराज होंगे। यज्ञ 6 से 14 नवंबर को मंडी के छोटा पड्डल मैदान में आयोजित करवाया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### रिक्त पड़ी पंचायतों की मतदाता सूचियां प्रारूप में प्रकाशित

**अनिल शर्मा, मंडी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं में किसी कारण से आकस्मिक रिक्तियां हुई है, उनके निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियां 15 जुलाई को प्रारुप में प्रकाशित कर दी गई है। पंचायत के लोगों द्वारा 16 से 22 जुलाई तक पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के पास दावे व आक्षेप प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनका निपटारा पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा 25 जुलाई तक किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# दुर्घटना मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



आरोपी के साथ पीओ सेल टीम।

जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल टीम ने वाहन दुर्घटना मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी करसोग ने आरोपी को इसी वर्ष 27 फरवरी को उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया था।

जानकारी के अनुसार आरोपी बबलू कुमार पुत्र चांदी राम गांव करांगला डाकघर धेलथ तहसील रामपुर जिला शिमला पर पुलिस थाना करसोग में वर्ष 2020 में केस दर्ज किया था। इसके उपरांत आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चालान को करसोग न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां आरोपी लगातार पेशियों से गैरहाजिर रहा।

जिला पुलिस के पीओ सेल मंडी की टीम को आरोपी की मौजूदगी जिला शिमला के रामपुर क्षेत्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई। इस पर पीओ सेल टीम ने एचएचसी मोहिंदर सैनी व रवि कुमार तथा कांस्टेबल विवेक भंगालिया व एलएचसी दिनेश चौधरी ने आरोपी को रामपुर के नीरथ से गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि दुर्घटना मामले में फरार चल रहे आरोपी को रामपुर के नीरथ से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी कार्रवाई जारी है।(अनंत ज्ञान)

### 12.11 ग्राम चिट्टे सहित 3 युवक गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** सलापड़ कॉलोनी क्षेत्र में चिट्टा तस्करों पर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत सलापड़ पुलिस चौकी के प्रभारी ने टीम सहित सलापड़ कॉलोनी स्थित एक क्वार्टर में छापामारी कर मौके पर मौजूद तीन युवकों के कब्जे से 12.11 ग्राम चिट्टा (हैरोइन) बरामद की है। आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी सलापड़ प्रभारी टीम सहित गश्त के दौरान क्वार्टर नंबर ई-2एन/3 में छापामारी कर 3 युवकों के कब्जे से 12.11 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की शिनाख्त गौरव पुत्र राज किरण निवासी क्वार्टर सलापड़ कॉलोनी, सुरेंद्र कुमार पुत्र रामसरन निवासी खुराहल और अजय कुमार पुत्र स्व. नरेश कुमार गांव बुदीना के तौर पर हुई है। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** | एसडीएम व तहसीलदार की फल उत्पादकों और ट्रक ऑपरेटर यूनियन के साथ बैठक

# सेब सीजन के चलते सड़कों के रखरखाव पर दिया जाएगा ध्यान

**पीयूष शर्मा, करसोग**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम करसोग।

सेब सीजन के दृष्टिगत करसोग के फल उत्पादकों और ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक का आयोजन कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल की अध्यक्षता में किया गया।

सेब सीजन के दृष्टिगत आयोजित की गई बैठक के संबंध में एसडीएम ने बताया कि सेब सीजन को मध्यनजर रखते हुए व क्षेत्र के बागवानों की सुविधा के लिए इस बार तहसीलदार की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि कमेटी के अध्यक्ष तहसीलदार करसोग तथा उपाध्यक्ष बागवानी विभाग के एसएमएस (विषय वाद विशेषज्ञ) होंगे। खंड विकास अधिकारी करसोग और खंड विकास अधिकारी चुराग व एसएचओ करसोग को भी इस कमेटी में शामिल किया जाएगा।

इसके अलावा बीडीसी के चेयरमेन, ट्रक ऑपरेटर यूनियन करसोग के अध्यक्ष तथा फल उत्पादक संघ चुराग और सेरी बंगलो के अध्यक्ष इस कमेटी में सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि सेब सीजन को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों के रखरखाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि बागवानों को अपनी सेब की फसल मंडियों तक पहुंचाने में कोई परेशानी ना आए। सेब सीजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सही बनाए रखने के लिए पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 18 हजार मीट्रिक टन सेब के उत्पादन की उम्मीद

**बागवानी** विभाग से विषय वाद विशेषज्ञ जदीश वर्मा ने कहा कि इस बार करसोग में सेब की लगभग 9 लाख पेटी सहित लगभग 18 हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा बागवानों के लिए इस बार यूनिवर्सल कार्टन की नई व्यवस्था को शुरू किया गया है । इन बॉक्स में सेब की पैकिंग किलो के हिसाब से की जाएगी। यह यूनिवर्सल कार्टन 20 किलो की पैकिंग के हिसाब से तैयार किए गए है। उन्होंने करसोग के फल उत्पादकों और बागवानों से आग्रह किया है कि वे सेब की पैकिंग के लिए पूर्व में इस्तेमाल किए जाने वाले टेलिस्कोपिक कार्टन की जगह यूनिवर्सल कार्टन का ही इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान यदि क्षेत्र के बागवानों को ट्रांसपोर्ट से संबंधित कोई समस्या आती है तो वे विषय विशेषज्ञ उद्यान कार्यालय करसोग में संपर्क स्थापित कर सकते है। बैठक में बागवानी विभाग से विषय वाद विशेषज्ञ जगदीश वर्मा, करसोग के ट्रक ऑपरेटर व क्षेत्र के सेब उत्पादक मौजूद थे।

## पंडोह में ब्यास पर नहीं बना 'लाल पुल'

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

पहाड़ी राज्य हिमाचल में यातायात का मुख्य साधन सड़कें हैं। सड़कों को जोड़ने वाले पुल एक अहम भूमिका निभाते हैं। बिती बरसात चार विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने वाले पंडोह के ऐतिहासिक 'लाल पुल' को निगल गई थी। मंडी सदर, नाचन, सिराज और द्रंग विधानसभा क्षेत्रों के हजारों लोग इस पुल के टूटने से परेशान हैं।

विशेष कर द्रंग की बदार घाटी के लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। शुरुआत में लोगों को उम्मीद थी कि यह पुल बहुत जल्द बन जाएगा, क्योंकि सांसद, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री ने यहां आकर लोगों को 3 महीने में नया पुल बनाने का आश्वासन दिया था। इतना ही नहीं बाजार की सुरक्षा के लिए रिटेनिंग वाल लगवाने का भी भरोसा दिया था। मगर खेदजनक बात है कि न तो केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार ने और न ही प्रदेश में सुक्खू सरकार ने इस पुल को प्राथमिकता से निर्मित करने का प्रयास किया। इस से स्थानीय लोगों को अब 'लाल पुल' निर्माण की आस दम तोड़ने लगी है। मगर उम्मीद अभी भी बाकी है।

स्थानीय व्यापार मंडल के प्रधान कुलदीप आनंद, चैयरमेन बीआर सकलानी, संस्थापक प्रधान महेंद्र पाल सिंह, बाबा बालकनाथ मंदिर कमेटी के प्रधान दीपक सैनी, पंचायत प्रधान गीता देवी ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से लाल पुल के शीघ्र निर्माण की जोरदार मांग करते हुए करते हुए संघर्ष की चेतावनी दी है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं बृजलाल भारद्वाज** पुत्र स्व. ईश्वर दास गांव डबरोग डाकघर और तह. सरकाघाट, जिला मंडी हि. प्र. घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी पौत्री का नाम सहज के बजाय सहज भारद्वाज रख दिया है, उसके पिता का नाम बीनेंद्र भारद्वाज व माता का नाम गिपीका भारद्वाज है। सम्बंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### अंबोटा स्कूल परिसर में रोपे ओरनामेंटल ट्री



**सन्नी पुरी, गगरेट।** भारतीय स्टेट बैंक की गगरेट स्थित दौलतपुर चौक रोड शाखा ने सोमवार को राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा में पौधारोपण अभियान चलाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय में बैंक अधिकारियों द्वारा ओरनामेंटल ट्री लगाकर स्कूल परिसर को सुंदर बनाने में भी बहुमूल्य सहयोग दिया गया। राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा परिसर में बैंक प्रबंधन द्वारा रबड़ ट्री, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के ओरनामेंटल ट्री लगाए गए हैं। शाखा प्रबंधक पवनेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। अपने जरूरत के अनुसार हम प्रकृति द्वारा दी गई चीजों का दोहन बी करते हैं लेकिन हमें भी बदले में प्रकृति को कुछ देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### राज्य पशुपालन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने संजीव

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश पशु पालन कर्मचारी पैरावेट संघ जिला ऊना के वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर सिंह, उपप्रधान नरेश कुमार कोषाध्यक्ष अमन दीप ने राज्य पशु पालन विभाग कर्मचारी पैरावेट संघ में संजीव भारद्वाज को राज्य पशुपालन कर्मचारी संघ का अध्यक्ष, रजनीश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार उपप्रधान, हरीश ठाकुर को महासचिव बनने पर बधाई दी है। बताते चलें मुकेश कुमार जिला ऊना पशु पालन कर्मचारी पैरा वैट संघ के प्रधान भी है। (अनंत ज्ञान)

### वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी में भरे जाएंगे 150 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी में केवल पुरुष वर्ग में विभिन्न श्रेणियों के 150 पद भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इनमें मेल्टर के 10 पद, फिटर के 10, क्रेन ऑप्रेटर के 5, वेल्डर के 10, सहायक मेल्टर/ बारी मेन के 15 और हेल्पर के 10 पद शामिल है। इन पदों के साक्षात्कार 18 जुलाई को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में होगा। मेल्टर पद के शैक्षणिक योग्यता 10वीं और आयु सीमा 25 से 40 वर्ष निर्धारित की है। फिटर के लिए 10वीं और फिटर में आईटीआई व आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। क्रेन ऑप्रेटर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और आयु 22 से 40 वर्ष होनी चाहिए। वेल्डर पद के लिए 10वीं, वेल्डर में आईटीआई और आयु 20 से 40 वर्ष होना अनिवार्य है। सहायक मेल्टर के लिए 10वीं पास और आयु 25 से 40 वर्ष होनी जरुरी है। इसके अतिरिक्त हेल्पर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं और आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की है। इच्छुक अभ्यार्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नम्बर, दो पासपोर्ट साईज फोटो सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।

### अंदरोली में एकदिवसीय दंगल कल

**राजेश शर्मा, ऊना।** कुटलैहड़ के अंदरोली स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर में इस बार एक दिवसीय दंगल 17 जुलाई को कराया जा रहा है। मंदिर कमेटी के प्रधान ठाकुर लेख राज ने बताया कि इस वर्ष मंदिर के संस्थापक बाबा जी की बेटी के निधन के कारण दंगल औपचारिक मनाया जाएगा। दंगल स्थल पर इस बार किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंचायती राज संस्थाओं में किसी कारणवश रिक्त हुए पदों को भरने के लिए संबंधित पंचायतों में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। इस बारे जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। इस संबंध में 16 से 22 जुलाई तक दावे और आपत्तियां पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। 25 जुलाई को पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों एवं आपत्तियों का निपटारा करेंगे। 29 जुलाई तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दाखिल कर सकेंगे।

**सावधान!** ऐसे भी आपके बैंक अकाउंट तक पहुंच सकते हैं शातिर

# फर्जी ई-मेल बनी ठगी का जरिया

**राजेश शर्मा, ऊना**

आपकी मेहनत की कमाई पर कोई ठग हाथ न साफ कर ले, इसके लिए स्तर्कता में ही बचाव है। सोशल मीडिया से जुड़े व्हाट्सऐप, ई-मेल आदि में बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी शेयर न करें। कोई अवांछित जंक मेल को चलाने से पहले उसकी जांच कर लें। संभव हो तो बैंक अकाउंट से जुड़ी ई-मेल पर छानबीन से पूर्व कोई प्रतिक्रिया न करें।

बताया जा रहा है कि ई-मेल के माध्यम से भी बैंक खातों तक साइबर ठग पहुंच सकते हैं। संभव हो तो सभी बैंक अकाउंट एक ई-मेल से अटैच कर न चलाएं। साइबर ठगों द्वारा भेजे जाने वाले वॉयस ई-मेल स्कैम से आप ठगी का शिकार हो सकते हैं। साइबर ठग ई-मेल से जुड़े बैंक खातों तक पहुंच सकते हैं। वॉयस इ-मेल स्कैम फेक मैसेज की तरह स्पैम फोल्डर में फेक ई-मेल आते हैं।

**साइबर सेल शिमला ने जारी की एडवाइजरी**



शातिर वॉयस इ-मेल लिंक पर क्लिक करते ही फिशिंग साइट पर ले जाएंगे और ई-मेल से जुड़े बैंक खाते तक पहुंचकर आपका बैंक खाता खाली कर सकते हैं।

साइबर ठगों द्वारा भेजे जाने वाले वॉयस इ-मेल स्कैम को लेकर साइबर सेल शिमला ने भी एडवाइजरी जारी की है। वॉयस ई-मेल घोटाला एक स्पैम अभियान को संदर्भित करता है, एक बड़े पैमाने पर संचालन जिसके दौरान हजारों भ्रामक ई-मेल भेजे जाते हैं। इस अभियान के माध्यम से वितरित संदेश-एक नए ध्वनि मेल से संबंधित सूचनाओं के रूप में भेजे हैं। ई-मेल विशेष रूप से साइबर अपराधियों द्वारा लक्षित होते हैं, क्योंकि वे आम तौर पर खातों, प्लेटफार्मों और सेवाओं से जुड़े होते हैं।

शातिर ई-मेल खातों के माध्यम से, उनसे जुड़ी सामग्री पर पहुंच और नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए, इस वेब पेज के माध्यम से लॉग इन करने का प्रयास करके उपयोगकर्ता आपके ई-मेल खाते चोरी कर सकते हैं।

शातिरों द्वारा जो नकली आवाज संदेश के बारे में विवरण प्रदान किया जाता है, जब पूर्वावलोकन ध्वनि मेल बटन पर क्लिक किया जाता है, तो यह फिशिंग साइट पर प्राप्त नए वॉयसमेल को रिडायरेक्ट करता है, फिशिंग पेज उपयोगकर्ताओं से अनुरोध करता है कि वे अपने ई-मेल खाते के लॉग-इन क्रेडेंशियल्स यानी, ई-मेल पते से संबंधित पासवर्ड का उपयोग करके साइन इन करें। जब भी आपको अपने बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क करना हो, तो बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट पर ही जाएं। (अनंत ज्ञान)

# श्री केदारनाथ धाम के लिए बंगाणा से जत्था रवाना




**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

काबड़ यात्रा के लिए जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 20वीं कावड़ यात्रा के लिए पहला जत्था रविवार शाम रवाना हुआ। अभय राणा ने बताया कि काबड यात्रा 21 जुलाई से 2 अगस्त को गौमुख से केदारनाथ मंदिर तक पैदल जाएगी।

इससे पहले रविवार देर शाम को बंगाणा से पहला जत्था कांवड यात्रा के लिए सदाशिव मंदिर से माथा टेककर रवाना हुआ और सुबह हरिद्वार पहुंचा, जहां पर पहले जत्थे ने गंगा माता का आशीर्वाद लिया।

आपको बता दें कि हर वर्ष हरा महीना मतलब सावन महीने में कांवड देशभर से हरिद्वार से गंगाजल अपने कंधों पर उठाकर अपने गृह क्षेत्र में शिवलिंग पर गंगाजल का अभिषेक करते हैं। यात्रा के दौरान भक्तों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था परंतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ियों के लिए विशेष रूप से यात्रा को सुगम बनाया है।

कांवड यात्रा के पहले जत्थे में बंगाणा से बबलू कटोच, हैप्पी खुल्लर, नीरज लाला, अभय राणा, चंद्रमोहन सिंह, कुलदीप कुमार, अनुराग शर्मा, वीरबल किशोर, बाबू राम, सुमित कुमार, कुमेर सिंह, नरेश शर्मा, बिट्टू राम, अकुंश कुमार, राम पाल, विपिन शर्मा, रजत शर्मा, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, विपिन कुमार रवाना हुए। (अनंत ज्ञान)

# पटवारी एवं कानूनगो ने बंद किए ऑनलाइन कार्य



एसडीएम को ज्ञापन देते पटवारी और कानूनगो।

**सन्नी पुरी, गगरेट**

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग के पटवारियों व कानूनगो के कार्यक्षेत्र को स्टेट कैडर घोषित करते ही पटवारी एवं कानूनगो आग बबूला हो गए हैं।

सोमवार को तमाम पटवारियों ने प्रदेश सरकार के इस निर्णय के विरोध में ऑनलाइन कार्य बंद कर दिए और तमाम आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप एग्जिट कर अपने गुस्से को इजहार किया। यही नहीं बल्कि पटवारी एवं कानूनगो ने हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी की अगुवाई में एसडीएम कार्यालय गगरेट के बाहर गेट मीटिंग कर प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर गुब्बार निकाला तो एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर कर अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# सात मामले बिना बिल के पकड़े

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग ऊना द्वारा विशेष अभियान के तहत गत शनिवार को रोड साइड चेकिंग के दौरान वाहनों की जांच की। इस दौरान विभिन्न वाहनों का जीएसटी अधिनियम के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सात मामले बिना बिल के विभिन्न प्रकार के सामान के पाए गए जिस पर विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 2,18,510 रुपए का जुर्माना लगाया गया जिसमें दो मामले आयरन स्क्रैप के सम्मिलित हैं जिन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए विभाग ने 1,85,860 रूपए का जुर्माना मौके पर वसूला। रोड साइड चेकिंग विशेष अभियान में एसटीईओ शिव महाजन सहित संजीव कुमार, सुरेश कुमार व लखविंदर सिंह शामिल रहे।

उपायुक्त राज्य कर व आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि विभाग किसी भी प्रकार की कर चोरी को रोकने के लिए भरसक प्रयासरत है।

# खनन पर प्रतिबंध के बावजूद भंजाल खड्ड में खनन माफिया की लूट जारी

**सन्नी पुरी, गगरेट**

मानसून के सीजन में खनन विभाग द्वारा सोमभद्रा नदी व इसकी सहायक खड्डों में खनन पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद खनन माफिया अपने कृत्यों से बाज नहीं आ रहा है। अवैध खनन के लिए पहले भी सुर्खियों में रही भंजाल खड्ड में खनन विभाग द्वारा खनन पर प्रतिबंध लगाते ही काला सोना निकाल कर मालामाल होने के चक्कर में खनन माफिया हरकत में आ गया है।

हैरत की बात यह है कि पुलिस यह सब जानने पर भी मौन रहती है तो दिन को सोमभद्रा नदी के साथ इसकी सहायक खड्डों की रखवाली करने वाला खनन विभाग रात के अंधेरे में चाहकर भी इन पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। ऐसे में अब प्रकृति प्रेमियों ने इसकी शिकायत प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजने को निर्णय लिया है।



खड्ड से रेत निकाल किया डंप।

खनन विभाग द्वारा मानसून के सीजन के चलते पहली जुलाई से लेकर पंद्रह सितंबर तक जिले की सोमभद्रा नदी के साथ-साथ इसकी सहायक खड्डों में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

यही नहीं बल्कि माइनिंग लीज तक रद्द कर दी गई हैं ताकि खनन सामग्री के नेचुरल सोर्स रिचार्ज हो सकें। अब जब हर तरफ खनन पर पाबंदी है तो ऐसे में ही खनन कर मोटी चांदी लूटी जा सकती है। निर्माण सामग्री की डिमांड को देखते हुए खनन माफिया ने अब सिर उठा लिया है। रात के अंधेरे में भंजाल खड्ड में ही आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर खनन कार्य को अंजाम दे रहे हैं। किसी जागरूक नागरिक ने खनन करते हुए ट्रैक्टरों को कैमरे में भी कैद किया है लेकिन खनन माफिया की ऊंची पहुंच का असर देखिए कि पुलिस व खनन विभाग इन पर हाथ डालने से परहेज कर रहा है।

खनन माफिया यहां तक कि खड्ड से रेत निकाल कर इसे डंप कर रहा है ताकि ऊंचे दाम पर रेत बेचा जा सके लेकिन इन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने जांचा 54 लोगों का स्वास्थ्य



**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

सांसद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल - सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की कुटलैहड़ टीम (रितु,अनिता,शेखर) ने डॉ. अंशु के नेतृत्व में गांव व ग्राम पंचायत रायसरी वार्ड न 2 हरिजन बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 54 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 29 लोगों के ब्लड टेस्ट किए गए, जिसमे उच्च रक्तचाप के 5, मधुमेह के 4 जोड़ों के दर्द के 16 लोग पाए गए व 29 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रसित पाएं गए।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निःशुल्क की गई।

मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया।इस मौके पर आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और गांववासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों ने इस शिविर के लिए प्रयास संस्था व सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# एसजीपीसी बोर्ड सदस्यों के चुनावों के लिए पात्र मतदाताओं की पंजीकरण प्रक्रिया 31 तक

**राजेश शर्मा, ऊना**

शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) चुनाव के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। हिमाचल में इस संस्था की एकमात्र सीट है। एसजीपीसी सिख समुदाय से जुड़ा संगठन है, जो सिख धार्मिक स्थलों के रखरखाव के अलावा समुदाय के हित से जुड़े अनेक कार्य करता है। हिमाचल प्रदेश की सीट पंजाब के अमृतसर से संचालित एसजीपीसी के तहत आती है।

हिमाचल सीट के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य 31 जुलाई तक किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक बोर्ड के सदस्यों के चुनाव के लिए पात्र मतदाता अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि निदेशक पंचायती राज एवं आयुक्त गुरुद्वारा चुनाव हिमाचल प्रदेश से प्राप्त शेडयूल के अनुसार 1 अगस्त से 20 अगस्त तक हस्तलिखित नियमावली तैयार करके उसकी छपाई और रख-रखाव का प्रारम्भिक प्रकाशन किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि नियमावली का प्रारम्भिक प्रकाशन उपायुक्त द्वारा 21 अगस्त को किया जाएगा। प्रारम्भिक प्रकाशन सूची में प्रकाशित नाम, पद व पता या कर्मचारी के मामले में, उसका पद और पता से संबंधित दावे व आक्षेप 21 अगस्त तक संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि दावे व आक्षेप प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 सितम्बर रहेगी। सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम, 1959 के नियम 10(3) के तहत प्राप्त सभी दावे और आपत्तियों का निपटारा 12 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2024 तक किया जाएगा। इसके अलावा 21 सितम्बर से 4 अक्तूबर तक संक्षिप्त नामावलियों को छपाई के लिए तैयार कर लिया जाएगा तथा 5 अक्तूबर को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे एसजीपीसी चुनावों के लिए 31 जुलाई तक अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं।

हिमाचल में सिख समुदाय की जनसंख्या लाखों में होने के कारण गुरु नानक मिशन संस्था ऊना के प्रतिनिधिमंडल ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी से मुलाकात करके सीटें बढ़ाए जाने की मांग भी की है। हिमाचल में पूरे प्रदेश में सैकड़ों ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब हैं और लाखों की संख्या में प्रदेश में सिखों की आबादी है, लेकिन हिमाचल में केवल एक ही प्रतिनिधि एसजीपीसी में शामिल किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला परिषद् ऊना की त्रैमासिक बैठक सोमवार को जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद् अध्यक्षा नीलम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने-अपने जिला परिषद् क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न समस्याएं संबंधित कार्यालयाध्यक्षों के समक्ष रखी।

बैठक के दौरान जिला परिषद की भड़ोलियां खुर्द भूमि का 6 लाख 80 हजार रुपए से तारबंदी करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा जिप द्वारा 11 मार्च से 30 जून तक किए गए कार्यों के आय-व्यय का अनुमोदन, 15वें वित्तायोग के तहत वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना और मनरेगा की अनुपूरक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जिप अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत बहडाला में राज्य मार्ग पर अम्बेडकर भवन के पास सड़क के बीचों-बीच लगी रेलिंग को खोलने के लिए संबंधित विभाग से अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त बरसात में राशन डिपुओं में गंदम के आटे के स्थान पर गेहूं उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया।



जिला परिषद की बैठक में उपस्थित गणमान्य

उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा द्वारा कुटलैहड वन परिक्षेत्र में खैर के अवैध कटान, गर्मियों में जंगलों में आग लगाने वालों पर कड़ा संज्ञान लेने की बता कही।

उन्होंने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर दूरसंचार कम्पनी द्वारा खुदाई करके बिछाई गई केबल के उपरांत सड़कों को ठीक न करने का मामला उठाया। इसके अलावा अपने जिला परिषद् क्षेत्र के अधीन बंगाणा में अग्निशमन केन्द्र में छोटा वाहन उपलब्ध करवाने, थानाकलां में बिजली बोर्ड का मंडल खोलने, तथा कृषि विभाग का कार्यालय खोलने, ग्राम पंचायत रायपुर मैदान में कानूनगो वृत खोलने तथा बल्ह तथा प्रोईयां में पटवार वृत खालने की मांग की।

इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा वन मंडल अधिकारी को निर्देश दिए गए वे जिला परिषद् सदस्यों को भी पौधरोपण के लिए पौधे वितरित करें। कमल सैणी द्वारा द्वारा रिवर बैड पर स्थापित क्रेशरों द्वारा मापदण्डों के अनुरूप खुदाई न करने के लिए खनन विभाग से कार्यवाही करने की मांगी भी की। उन्होंने मांग की कि हरोली में पंजाब के लोगों को नशा मुक्ति केन्द्र खोलने की स्वीकृति नहीं दी जानी चाहिए। टाहलीवाल से बाथड़ी सड़क 15 महीनों में दोबारा बनाने का मुद्धा उठाया। (अनंत ज्ञान)

**समस्या** गत दिनों गांव मवा कहोला में दंपती हुआ था दर्दनाक हादसे का शिकार

# बेसहारा पशु बन रहे हादसों का मुख्य कारण

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक**

गगरेट विधान सभा क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर बेसहारा पशु हादसों का कारण बनने लगे है। इन सड़क मार्गों का कायाकल्प होने से यहां वाहनों की रफ्तार बढ़ी है, वहीं अब यह मार्ग बेसहारा पशुओं की पनाहगार बनते जा रहे हैं, नतीजन अब इन सड़क मार्गों पर वाहन हादसों के मामलों में इजाफा होने लगा है। हाल ही में कुछ दिन पहले गगरेट क्षेत्र के गांव मवा कहोला में एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई तथा एक गाय भी मौत का ग्रास बनी थी।

महिला ने मौके पर ही तथा पति ने पीजीआई में दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि सड़क पर अचानक गाय आने से दर्दनाक हादसा हुआ था। गोंदपुर बनेहडा में बीते दिन कार के आगे एक बेसहारा गाय आने से सड़क पर जा रहे टिप्पर और कार में सीधी टक्कर हो गई, जिसमे तीन लोग घायल हुए, वहीं गांव कुनेरन में गत दिवस शाम के करीब सात बजे बाइक के आगे अचानक बैल आने से बाइक सवार को चोटें आई। जिसके चलते सड़कों पर घूम रहे इन बेसहारा पशुओं से यहां किसान परेशान है, वही ये बेसहारा पशु सडकों पर राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बने हुए हैं। बेसहारा पशुओं के झुंडों के झुंड खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को चट करने के बाद सड़कों पर पेड़ों की छांव में अपना डेरा जमाकर बैठ जाते हैं। इनमे कई पशु तो इतने खूंखार हो चुके हैं कि सड़कों पर पैदल चलने वाले लोगों पर हमला करने से भी नहीं चूकते। इस मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए प्रशासन से तत्काल उपयुक्त कदम उठाने की मांग की है।



गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव वेद पराशर का कहना है कि सरकार इस बारे कोई योजना बनाकर एक कमेटी गठित करे। कमेटी जनमानस से विचार-विमर्श सांझा कर अनेक पहलुओं पर विचार करे। शायद तभी इस समस्या का हल हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज तक न केंद्र सरकार ने इस बारे कोई विचार किया है न राज्य सरकार कर रही है। शौर्य चक्र विजेता व उपप्रधान कैप्टन सुशील कुमार का कहना है कि प्रदेश सरकार ऐसी जगह गौशालाओं का निर्माण करे यहां कम से कम तीन चार सौ कनाल भूमि हो। तथा चारो तरफ तार लगाई जाए। वहां पर बेसहारा पशुओं के लिए पानी तथा चारे की भी सुविधा हो। प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट का कहना है कि यह मामला किसी एक सड़क का नही है बल्कि हर सड़क का है। यहां प्रतिदिन दर्जनों बेसहारा पशु वाहनों की चपेट में आकर घायल हो रहे है। (अनंत ज्ञान)

# नगर पंचायत टाहलीवाल में हाउस टैक्स का लोगों ने किया विरोध

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

स्थानीय नगर पंचायत की ओर से भेजे गए बकाया हाउस टैक्स के नोटिसों का विरोध हो गया है। घर-घर पहुंचे नोटिस को लेकर सोमवार को लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय में रोष प्रदर्शन किया। इस रोष प्रदर्शन में सैंकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

टाहलीवाल के लोगों ने टैक्स के विरोध में जम कर नारेबाजी की लोगों ने कहा है कि हम टैक्स बिल्कुल नही देंगे। अगर नगर पंचायत ने हमारी बात नहीं मानी तो हम इससे भी बड़ा रोष प्रदर्शन करेंगे।

नगर पंचायत टाहलीवाल के सचिव विजय कुमार का कहना है हमने लोगों को नोटिस दिए थे जिसमें हमने लिखा था कि अगर आपको कोई आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर नगर पंचायत टाहलीवाल में दर्ज करवाएं इसके बावजूद लोगों ने कार्यालय में आ कर विरोध दर्ज करवाया है लेकिन कोई लिखित में नहीं दिया गया।



नगर पंचायत कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते लोग

प्रधान से बात की गई है एक दो दिन हॉउस बैठक करके विरोध दर्ज करके निदेशक शहरी विकास विभाग को भेजा दिया जाएगा।

प्रदर्शन में प्रधान प्रकाश चंद ढांगू, उपप्रधान गुरनाम सिंह, राज कुमार पार्षद, राज कुमारी पार्षद, प्रदीप कुमार, गगन शर्मा, गगन राणा, राज कुमार, वरिंदर, अजय सहगल, सौरव राणा, संजीव कुमार, रानू, राजीव राणा, सतनाम, राजेश कुमार, अजय कुमार, अमनदीप, रविन्द्र, सोनू अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# महिलाएं प्राकृतिक कृषि की तकनीक को अपना कर खेती की तरफ बढ़ा रहीं कदम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आज के युग में जहां फल सब्जियों एवं खाद्यान्न में रसायनों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते कैंसर, टीवी, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। रसायनों के अधिक प्रयोग के दुष्प्रभावों को देखते हुए आज प्राकृतिक कृषि की बहुत अधिक आवश्यकता मसूसस की गई है।

सरकार ने जहां प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, वहीं पर कुल्लू की कृषक महिलाएं प्राकृतिक कृषि की तकनीक के उत्पाद को अपना कर न केवल जहर मुक्त खेती- बागवानी की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं, बल्कि बाजार में इसकी बढ़ती मांग को पूरा कर अच्छी आमदनी भी कमा रही हैं। पंचायत हाट की महिला कृषक मीरा देवी का कहना है कि वे 2 साल से प्राकृतिक खेती कर रही हैं तथा पिछली वर्ष उन्होंने इसका प्रशिक्षण भी लिया था। विभाग की सहायता से उन्होंने देसी गाय भी खरीदी है, जिसके गोबर व गोमूत्र से वे स्वयं ही जीवामृत, वीजामृत आदि बनाते हैं तथा उनका प्रयोग करते हैं। (अनंत ज्ञान)


कृषक मीरा देवी।




हीरामणि।

## अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रहीं

अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से आज के युग में कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, जिनसे रसायन मुक्त खेती के उत्पाद प्रयोग कर के बचा जा सकता है। यहां की एक अन्य कृषक बबली ने ढाई बीघा में अनार की कृषि प्राकृतिक रूप से शुरू की है, जिसमें रसायनों का प्रयोग नहीं होता है इससे प्राकृतिक उत्पाद जो बाजार में जाता है उससे काफी अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं तथा जहर मुक्त कृषि उत्पादन से स्वस्थ जीवन शैली की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं खोखन गांव की एक अन्य महिला हीरामणि का कहना है कि वह 5 बीघा में 2018 से प्राकृतिक कृषि कर रही हैं इसके उन्हें बहुत बढ़िया परिणाम सामने आए हैं। 2018 में उन्होंने प्रशिक्षण ग्रहण किया था इसके पश्चात उन्होंने प्राकृतिक खेती आरंभ की यह सेब की बागवानी में भी प्राकृतिक कृषि की तकनीक का प्रयोग कर रही हैं उन्होंने अपने खेत में सरसों, मेथी, धनिया, पालक, मटर आदि की खेती लगा राखी है तथा सेब के पेड़ों में नाइट्रोजन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए चने की कृषि की हुई है। इसके उन्हें बहुत ही बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

## सरकार दे रही 10000 की सब्सिडी

इनका कहना है कि एक स्वस्थ जीवन के लिए रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती आज के युग की एक बहुत बड़ी आवश्यकता है, ताकि रसायनों के अत्यधिक से प्रयोग से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके तथा प्राकृतिक कृषि से पैदा किए हुए फल सब्जियां अनाज आदि का प्रयोग करने से हम एक स्वस्थ जीवन को अपना सकते हैं। उन्हें समय पर विभाग कृषि तथा कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से प्रशिक्षण तथा बी आदि के रूप में भी सहायता मिलती रहती है। आतमा परियोजना की डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. बिंदु शर्मा का कहना है कि बजौरा की हाट पंचायत में कुछ किसानों द्वारा प्राकृमिक क्षेत्रीय खेती का कार्य 2 साल से किया जा रहा है। यह लगभग दो से 5 बीघा के अंदर लहसुन, प्याज, मटर आदि की कृषि कर रही हैं। इसके लिए उन्हें सरकार की तरफ से 10000 की सब्सिडी भी दी जा रही है तथा देसी गाय के लिए उन्हें 17000 की सब्सिडी प्रदान की गई है। इन कृषकों ने यहां पर संसाधन भंडार भी तैयार किए हैं, जिसमें यह सस्ती दर पर इन घटकों को उपलब्ध करवाती हैं।

# पहले दिन बाहरी क्षेत्र से नहीं आई कूड़े की गाड़ी

- नप में कूड़ा सयंत्र केंद्र में निगरानी के लिए तैनात किए कर्मी
- नगर परिषद मनाली और टीडीसी का कूड़ा ही पहुंचा केंद्र में

**कमलेश वर्मा, मनाली**

नगर परिषद मनाली ने अपने इलाके से बाहर का कचरा निष्पादन करना बंद कर दिया है। सोमवार को मनाली के रांगड़ी में स्थित कूड़ा संयंत्र कैद में नगर परिषद मनाली और टीडीसी की ग्राम पंचायतों के अलावा कहीं का कचरा नहीं लिया गया।

वहीं, कूड़ा निष्पादन के लिए कार्यरत कंपनी ने भी करार रद्द करने का नोटिस मिलने के बाद कार्य करना बंद कर दिया है। रांगड़ी कूड़ा संयंत्र केंद्र में नगर परिषद कुल्लू, भुंतर, नगर पंचायत बंजार में आने वाली मणिकर्ण और लाहौल का कूड़ा लिया जाता था। कूड़ा अधिक होने और सही तरिके से निष्पादन नहीं होने के कारण यहां कूड़े का पहाड़ बन गया। उपायुक्त कुल्लू के आदेश पर नगर परिषद मनाली ने सभी को नोटिस जारी कर 15 जुलाई से अपने कचरे का खुद निष्पादन करने को कहा था। इसी के तहत आज से कूड़ा लेना बंद कर दिया गया है। सोमवार को कूड़े की गाड़ियां वापस भेजने के लिए प्लांट के बाहर नगर परिषद के कुछ कर्मचारी भी तैनात किए गए थे। लेकिन, विभिन्न इलाकों से आज कूड़े की गाड़ियां मनाली नहीं आई। नगर परिसद मनाली के कार्यकारी अधिकारी करूण भरमौरिया ने बताया कि बाहर का कूड़ा लेना बंद कर दिया गया है। आज कूड़े की एक भी गाड़ी नहीं आई। नगर परिषद मनाली और टीडीसी का कूड़ा यथावत लिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### साइंस क्विज प्रतियोगिता में इग्निस हाऊस प्रथम



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर में साइंस क्विज इंटर हाऊस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के सभी हाऊस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर साइंस क्विज प्रतियोगिता में इग्निस हाऊस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसमें प्रतिभागी क्रमशः अक्षिता ठाकुर, अनुराग डायमंड तथा एक्वा हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें रोहित ठाकुर, सेजल सिंह, श्रेष्ठ शर्मा ने भाग लिया। सीनियर साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एक्वा हाउस के प्रतिभागी- दिव्यांशी, रिधिमा चौधरी, श्रिया वर्मा तथा द्वितीय स्थान टैरा हाउस ने प्राप्त किया, जिसमें प्रतिभागी - भूमिका ठाकुर, देवांशी, दीपक ठाकुर रहे। स्कूल प्रबंधक सुरेश ने साइंस क्लब के मॉडरेटर आदित्य शर्मा, भगत राम और सुमन शर्मा, अंजु रॉय को बधाई दी और छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

### कुछ लोग पेंशनर्स को कर रहे गुमराह : टीडी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जीवन प्रमाण-पत्र जमा करवाने के लिए पेंशनर भगदड़ न मचाए। पेंशनर अपने प्रमाण-पत्र 20 सितंबर तक जमा करवा सकते हैं। देखने को मिल रहा है कि कुछ लोग पेंशनरों को गुमराह कर रहे हैं कि जुलाई माह में ही प्रमाण-पत्र जमा करवाने होंगे, जो गलत है। हिमाचल पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर ने कहा कि पेंशनर जल्दबाजी न करें और ट्रेजरी कार्यालय में बे-वजह भीड़ न लगाएं। पेंशनर आराम से 20 सितंबर तक अपने प्रमाण-पत्र संबंधित अधिकारियों से सत्यापित कर जमा करवाएं। उन्होंने पेंशनरों से आग्रह किया कि अफवाह पर ध्यान न दें। (अनंत ज्ञान)

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**कमलेश वर्मा,मनाली।** कथा वाचक शशांक कृष्ण कौशल ने पंचम दिवस की कथा प्रारंभ करते हुए कृष्ण जन्म पर नंद बाबा की खुशी का वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब प्रभु ने जन्म लिया, तो वासुदेव जी कंस कारागार से उनको लेकर नंद बाबा के यहां छोड़ आए और वहां से जन्मी योगमाया को ले आए। नंद बाबा के घर में कन्हैया के जन्म की खबर सुनकर पूरा गोकुल झूम उठा। मनाली के शुरु गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक शशांक कृष्ण कौशल ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। (अनंत ज्ञान)

### टांडा की टीम बास्केटबाल की चैंपियन



**कमलेश वर्मा, मनाली।** पंजाब के होशियारपुर टांडा की टीम ने काव्य वर्मा मेमोरियल बास्केटबाल सीनियर व जूनियर वर्ग की चैंपियनशिप जीत ली है। उन्होंने कड़े मुकाबले में डीएवी कांगड़ा की टीम को हराया। इससे पहले पंजाब की टीम ने पंचकूला को, जबकि कांगड़ा की टीम ने लाहौल-स्पीति को हराकर फाइनल में जगह बनाई। पर्यटन नगरी मनाली में आयोजित प्रतियोगिता में 20 टीमों ने भाग लिया। इनमें दो टीमें पंजाब के टांडा व हरियाणा के पंचकूला से भी आई थी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी अरुण पंडित ने किया था, जबकि समापन समारोह में नगर परिषद मनाली की पार्षद चंद्रा मुख्यातिथि पहुंची। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें। (अनंत ज्ञान)

### जीवन में योग देता है एक नई ऊर्जा का संचार



**कमलेश वर्मा, केलांग।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्रिलोकनाथ में सोमवार को जन सहयोगी युवा मंच लाहौल-स्पीति की ओर से त्रिलोकनाथ और शकोली स्कूल के बच्चों सहित अध्यापकों के लिए एकदिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस योग प्रशिक्षण शिविर के मुख्यातिथि ब्लॉक समिति सदस्य उदयपुर शीला देवी और सेवानिवृत्त बीपीओ शाम लाल राशपा और सेवानिवृत्त डीपीई राम किशोर विशेषातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने सरस्वती वंदना के बीच द्वीप प्रज्वलित कर इस योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विशेषातिथि शाम लाल राशपा ने कहा कि जन सहयोगी युवा मंच लाहौल घाटी में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समय-समय पर कई तरह की खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। आज के भागदौड़ की जीवन में योग एक नई ऊर्जा का संचार देता है। (अनंत ज्ञान)

# कुंजम दर्रे के समीप दलदल व नाले में फंसे पर्यटक वाहन

**कमलेश वर्मा, काजा**


कुंजम दर्रे के समीप मीप दलदल व नाले में फंसे पर्यटक वाहन।

मनाली-काजा मार्ग पर कुंजम दर्रे के समीप पर्यटक वाहन दलदल व नाले में फंस गए। सूचना मिलते ही लाहौल-स्पीति पुलिस ने आधी रात को रेस्क्यू अभियान चलाया।

मनाली ग्रांफू-काजा मार्ग की हालत देखते हुए लाहौल-स्पीति प्रशासन ने शाम चार बजे के बाद कोकसर व लोसर से आगे जाने पर पाबंदी लगा दी। आज सुबह 2:30 बजे लोसर से सूचना मिली कि कुछ पर्यटक और एक बस जिसका नंबर एलए 02ए 6417 है और पिकअप नंबर एचपी 42डी 1385 है यह कुंजुम टॉप के पास फंस गए हैं। लाहौल-स्पीति पुलिस ने सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उन्हें बचाव कार्य के लिए रवाना किया। पुलिस थाना काजा के कार्यालय संख्या 3417/5 के अनुसार, पुलिस के अनुसार बस और पिकअप गाड़ी शाम पांच के बजे के बाद कोकसर से काजा की और रवाना हुई, जिसमें कुल 44 लोग (23 पुरुष, 19 महिलाएं, एक ड्राइवर और एक गाइड) शामिल थे। ये सभी पर्यटक उम्रदराज थे। बस और पिकअप गाड़ी कुंजुम टॉप से लगभग 500 मीटर पीछे बातल की ओर कीचड़ में फंसे थे। लाहौल-स्पीति पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि पुलिस ने रात 2:30 बजे से सुबह छह बजे तक कठिन परिस्थितियों में गर्ग एंव गर्ग कंपनी की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। उपरोक्त 44 लोगों को सफलतापूर्वक बचाया गया। सभी व्यक्तियों को सुरक्षित लोसर भेज दिया गया। उपरोक्त घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने निर्णय लिया कि प्रतिदिन सायं चार बजे के बाद कोकसर से काजा की तरफ और लोसर से कोकसर की ओर किसी भी पर्यटक की गाड़ी को नहीं भेजा जाएगा। केवल स्थानीय लोग आपातकालीन स्थितियों और इस रूट में बुकिंग वाले वाहनों को शाम चार बजे के बाद लोसर की तरफ और लोसर से कोकसर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि सड़क की जब तक हालत बेहतर नहीं होती, तब तक इस मार्ग पर शाम चार बजे के बाद यात्रा न करें। (अनंत ज्ञान)

## हर घर में होगी मवेशियों की गणना

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू में मवेशियों की गणना की जाएगी और हर एक मवेशी का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। पशुपालन विभाग पांच साल में एक बार मवेशियों की गणना करता है। इस साल 2024 में गणना की जानी है, इसके लिए पशुपालन विभाग योजना तैयार करने में जुट गया है।

योजना के तहत मवेशियों का रिकॉर्ड दर्ज करने और इनकी संख्या जांचने के लिए हर घर मवेशियों की गणना की जाएगी। विभागीय तौर पर जल्द मवेशियों की गणना का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा, ताकि विभाग मवेशियों और पशुपालकों का नया रिकॉर्ड तैयार कर पाए। नियमानुसार पांच साल में एक बार मवेशियों की गणना की जाती है। जिले में पशुपालन विभाग 21वीं पशु गणना वर्ष-2019 के आकड़ों के हिसाब से करेगा। हालांकि अभी मवेशियों की गणना के लिए तिथि घोषित नहीं की गई है, जबकि गणना करवाने की तैयारी जारी है। जिले में मवेशियों की गणना होने के बाद कुल पशुधन संपदा का आसानी से चल पाएगा। इस संबंध में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेंद्र ने कहा कि जिले के हर घर में मवेशियों की गणना की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में प्रसिद्ध हैं लेखक एसआर हरनोट की कहानियां

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

लेखक एसआर हरनोट उन बिरले लेखकों में शामिल हैं, जिनकी कहानियां देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के बीए, एमए और पीएचडी के पाठ्क्रमों में पढ़ाई जा रही हैं।

इस वर्ष केवल छह महीने के अंतराल में उनकी पांच कहानियां पाठ्क्रमों में लगी हैं, जिनमें नदी गायब है डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय छत्रपति संभाजीनगर, औरंगाबाद, महाराष्ट्र, बिल्लियां बतियाती हैं मुंबई विश्वविद्यालय में, इसी सप्ताह कोलकाता विश्वविद्यालय में भगादेवी का चायघर और गुरुकाशी यूनिवर्सिटी पंजाब में आभी कहानी पाठयक्रम में सम्मिलित हुई है। एनसीआरटी द्वारा मां केंद्रित पुस्तक रिश्तों की खिड़कियां में उनकी मां पढ़ती है कहानी संग्रहित हुई है। इससे पूर्व हरनोट की कहानियां केरल विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा, जैन विश्वविद्यालय बेंगलुरु, बेंगलुरू सिटी विश्वद्यालय के पाठ्यक्रम में पढ़ाई जा रही हैं।



हिमाचल विश्वविद्यालय में गत वर्ष हरनोट की बहुचर्चित कहानी जीनकाठी एमए में शामिल और जबकि आभी और लाल होता दरख्त के अंग्रेजी अनुवाद बीए पाठ्यक्रमों में पढ़ाए जा रहे हैं। केरल में उनकी कहानी एमडॉटकॉम प्लस टू में पढ़ाई जाती है। इन विश्वविद्यालयों के सभी पाठ्यक्रम ऑनलाइन होते हैं, जिनमें देश के बहुत से बड़े लेखकों के साथ एसआर हरनोट की कहानियों की सूचनाएं अंकित रहती हैं। विशेषकर हिमाचल के लिए, यहां के साहित्य के लिए यह गौरव की बात है। हरनोट हिमाचल के ऐसे पहले रचनाकार हैं, जिनकी पुस्तकों पर अबतक बीस से अधिक एमफिल हो चुकी हैं। उनके साहित्य पर सात पीएचडी शोध पूर्ण हो चुके हैं और नौ पीएचडी शोध विभिन्न विश्वविद्यालयों में जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

## अखाड़ा बाजार में नगर परिषद कार्यालय के बाहर गरजे रेहड़ी-फड़ी धारक

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



नगर परिषद कुल्लू की ओर से ढालपुर और आसपास के क्षेत्र से हटाए गए रेहड़ी-फड़ी धारकों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा।

गुस्साए रेहड़ी-फड़ी धारक दोपहर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां सीटू यूनियन की अगुवाई में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासन और नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी की। रोजी रोटी छिन जाने के बाद रेहड़ी-फड़ी धारकों में रोष नजर आया। सीटू नेता प्रेम गौतम ने कहा कि कुल्लू शहर में करीब 40 से अधिक रेहड़ी-फड़ी धारक सामान बेचकर अपना रोजगार चलाते थे। इन्हें बेरोजगार कर दिया गया है। जिला प्रशासन के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई है। शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर प्रशासन गरीबों पर अत्याचार कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस ने पकड़ी 40 लीटर अवैध शराब

**कमलेश वर्मा, मनाली।** सोलंग नाला में पुलिस ने 40 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रविवार को पुलिस थाना मनाली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल दो अभियोग पंजीकृत हुए हैं। रविवार गश्त के दौरान पुलिस थाना मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्रेफ कॉलोनी सोलंगनाला में जरी डोंग व कुमार गुरूंग के अलग-अलग दो खोखों की तलाशी के दौरान 40 लीटर नजायज शराब बरामद की है। उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना मनाली में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## सितंबर में होगा एलपीएस संचालन समिति का चुनाव

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

एलपीएस संचालन समिति का चुनाव सितंबर माह में होना निश्चित हुआ है।

लाहौल आलू उत्पादक सहकारी विपणन एवं विधायन समिति तांदी के द्वारा सोसायटी के सभी सदस्यों को सूचित किया गया कि समिति के संचालक मंडल के चुनाव हिमाचल प्रदेश सहकारी सभाएं नियम-1971 के नियम 37 परिशिष्ट ए में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सितंबर में होना निश्चित हुए हैं। चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम का अनुमोदन उपपंजीयक सहकारी सभाएं केंद्रीय मंडल मंडी द्वारा कर दिया गया है। चुनाव के लिए समिति को छह क्षेत्रों में विभक्त किया गया है। सोसायटी के अनुसार अस्थायी मतदाता सूची का प्रकाशन सभा के मुख्य कार्यालय तांदी में 18 जुलाई को कर दिया जाएगा। तदोपरांत मतदाता सूची पर आपत्तियां एक अगस्त को 10 बजे से सायं चार बजे तक दर्ज की जाएंगी। इसके साथ ही 2, 3 ओर 4 अगस्त को प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक सभी आपत्तियों पर सुनवाई की जाएगी। आपत्तियों पर निर्णय की घोषणा छह अगस्त को की जाएगी। सोसायटी ने लाहौल के सभी सदस्यों से सादर निवेदन किया कि सहकारिता के इस आंदोलन को बरकरार रखने के लिए चुनाव कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सुचारू रूप से संपन्न करवाने में सहयोग दें। (अनंत ज्ञान)

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो अगस्त को

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)-एवं-उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज संस्थाओं के उपनिर्वाचन के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया है।

इसमें कुल्लू के विकास खंड कुल्लू की पंचायत बल्ह-2 में उपप्रधान निर्वाचन, विकास खंड आनी की पंचायत मुढदल के वार्ड नं. पांच कांडी में पंचायत सदस्य निर्वाचन व पंचायत पोखरी के वार्ड नंबर चार निगलू में पंचायत सदस्य निर्वाचन तथा विकास खंड भुंतर पंचायत देवगढ़ गोही वार्ड नंबर तीन शायद में पंचायत सदस्य निर्वाचन के लिए 1 जुलाई को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों को तैयार करने का कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 25 जुलाई तक किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष 29 तक करें अपील दाखिल

अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दाखिल करने की तिथि 29 जुलाई तक रहेगी। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों का निपटान एक अगस्त 2024 को या उससे पहले किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दो अगस्त को या उससे पहले किया जाएगा। उन्होंने उपरोक्त पंचायतों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त पंचायतों की मतदाता सूचियों में नाम सम्मिलित करना हो या कोई दावा या आक्षेप हो तो संबंधित विकास खंड विकास अधिकारी तथा पंचायत के सचिव से संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** — जीबी पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान मौहल में राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

# पर्यावरणीय मुद्दों पर देशभर से 29 प्रतिभागियों ने की चर्चा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान हिमाचल क्षेत्रीय केंद्र मौहल में सोमवार को एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक भारतीय हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरणीय मुद्दे, चुनौतियां और समाधान था।

कार्यशाला में संरक्षित वन, औषधीय पौधे, अविशान भेड़ प्रजाति, लाइकेन, जलवायु परिवर्तन, बाढ़ की संवेदनशीलता, जल शुद्धिकरण, कीट नियंत्रण, मधुमक्खी, मृदा रहित कृषि आदि जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर देशभर से 29 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति ऑनलाइन तथा भौतिक माध्यम से दी। कार्यशाला की विशेषता यह रही कि इसमें शोध कार्यों की प्रस्तुतियां हिंदी भाषा में दी गईं, जिससे विज्ञान को जन सामान्य तक प्रचारित एवं प्रसारित करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही इस कार्यशाला में एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा लाइफ मिशन की शपथ भी सभी प्रतिभागियों द्वारा ली गई। कार्यशाला के संयोजक तथा समन्वयक ई. राकेश कुमार सिंह, केंद्र प्रमुख, वैज्ञानिक एफ और सह संयोजक एवं आयोजन सचिव डॉ. सरला शाशनी रहे। कार्यशाला में मुख्यातिथि डॉ. चंद्र प्रकाश, प्राचार्य वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, आईएआर आई, कटराईं, नरेश कमल, सहायक प्रबंधन (एनएचपीसी) एवं सचिव नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति, डॉ आर पुरुषोत्तमन, प्राचार्य वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, एनटीआरएस, गडसा तथा राजेश शर्मा, प्रधानाचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, बंदरोल उपस्थित रहे।


जीबी पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान मौहल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान संस्थान के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य।

कार्यक्रम के सहसंयोजक संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. मनीष त्रिपाठी, डॉ. वसुधा अग्निहोत्री, डॉ. केसर चंद, डॉ. किशोर कुमार तथा डॉ. रेनू लता रहे। कार्यशाला में एसएसबी शमशी के प्रतिनिधि, बुनकर सेवा केंद्र के प्रतिनिधि, जीबी पंत संस्थान के शोधार्थी तथा समस्त कर्मचारियों सहित कुल 62 लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




# नियम और शर्तों में बदलाव से छावनीवासी निराश

## देश की 61 छावनियों का स्थानीय निकाय में विलय का प्रस्ताव, विलय होगा, लेकिन जमीन का मालिकाना हक भारत सरकार का ही रहेगा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

रक्षा मंत्रालय ने देश की 61 छावनियों सहित जिले की तीन प्रमुख कसौली, सुबाथू और डगशाई छावनियों के सिविल एरिया को स्थानीय निकाय में विलय के निर्णय से लोगों की खुशी, तब निराशा में बदल गई, जब इस वर्ग पर नए नियम और शर्तें थोप दी गईं।

छावनी के सिविल क्षेत्रों को स्थानीय निकाय में विलय करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है पर रक्षा मंत्रालय के तकनीकी निर्णय से हर छावनीवासी के जमीन के मालिकाना हक का सपना टूट गया। जानकारी के मुताबिक 25 जून, 2024 डिफेंस सचिव के साथ हुई व्यापक स्तर की मीटिंग के मिनिट्स में सामने आया कि छावनियों के सिविल क्षेत्र स्थानीय निकाय में मर्ज तो होंगे, लेकिन जमीन का मालिकाना हक भारत सरकार के पास ही रहेगा। मीटिंग मिनिट्स में यह स्पष्ट किया गया कि सिविल क्षेत्र को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए निर्मित संपत्तियां स्थानीय निकाय में बिना शुल्क हस्तांतरित कर दी जाएंगी। छावनी की सारी संपत्तियां और दायित्व भी राज्य के स्थानीय निकाय को हस्तांतरित कर दी जाएंगी। संपूर्ण नागरिक क्षेत्र राज्य के स्थानीय निकाय को सौंप दिए जाएंगे, लेकिन जहां कहीं भी भूमि पर भारत सरकार का स्वामित्व अधिकार है, उस पर भारत सरकार का ही कंट्रोल रहेगा। (अनंत ज्ञान)



देश का सबसे पुराना छावनी क्षेत्र सुबाथू।

### विलय की प्रक्रिया से खुश थे छावनीवासी

छावनियों के स्थानीय निकाय में विलय की प्रक्रिया से छावनीवासी उत्साहित थे। उन्हें मकानों की जमीन का मालिकाना हक मिलेगा। स्थानीय निकाय से पट्टे मिलना और अपने मकानों पर बैंक से ऋण ले सकेंगे। अपने मकानों की मरम्मत और नवनिर्माण, स्थानीय निकाय से नक्शे आसानी से पास कर पाएंगे, लेकिन बैठक के प्रावधानों से छावनी वासियों के इन सपनों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। पहले प्रदेश सरकार को जमीन का हक देने की बातें हो रही थी, जिसमें अब अचानक बदलाव किया गया है। मरम्मत और नए निर्माण के लिए नक्शा स्थानीय निकाय अपने स्तर पर पास कर डिफेंस एस्टेट ऑफिसर के पास भेजेगा, जो छावनी परिषद के रिकॉर्ड की जीएलआर के आधार पर ही नक्शे को स्वीकृत अस्वीकृत या संशोधित करेगा।

रक्षा मंत्रालय की ओर से 23 मई, 2022 को सभी चीफ सेक्रेटरी को पहला पत्र जारी हुआ था, जिसमें तौर तरीका अलग था। ऐसा लग रहा है कि बिना राज्य सरकार को विश्वास में लिए नए बदलाव किए गए हैं। पहले प्रदेश सरकार को जमीन का हक देने की बातें हो रही थी, जिसमें अब अचानक बदलाव किया गया है। अगर रक्षा मंत्रालय अब इसे क्रियान्वित करने की योजना बना रहा है, तो देखना होगा कि क्या पीएमओ इसे मंजूरी देता है। हम ऐसा नहीं होने देंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। हमें विश्वास है कि एक बार जब हम सभी छावनीवासी मजबूत तरीके से अपना प्रतिनिधित्व आगे बढ़ाएंगे, तो प्रधानमंत्री निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेंगे। **मनमोहन शर्मा, फाउंडर मेंबर एवं महासचिव प्रदेश छावनी एसोसिएशन।**

### जमीन का मालिकाना हक चाहते हैं लोग

छावनीवासी इस उम्मीद में थे कि अगर राज्य सरकार के अंडर आते, तो कभी न कभी इनको जमीन का मालिकाना हक मिलना था। पहले हुई बैठकों में यह तय हुआ था कि राज्य सरकार में मर्ज होने के बाद सरकार अपने हिसाब से तय करेगी कि जमीन बेचनी है या नहीं। केंद्र ने उसमें शर्त रखी थी कि राज्य सरकार उन लोगों को जमीन का मालिकाना हक दे सकती है, जो उस जमीन पर स्थापित हैं। बशर्ते जमीन के होने वाली कमाई का 30-35 फीसदी केंद्र सरकार को देना होगा। चर्चा यह भी है कि मंत्रालय और कैंट बोर्ड में बैठी लॉबी जानबूझकर ये पेच डाल रही है, ताकि छावनियों पर उनका आधिपत्य रह सके। विलय के अंतिम चरण में निर्णय में बदलाव से दशकों से छावनी नियमों की बंदिश में जी रहे लोगों को एक बार फिर से निराशा हाथ लगी। उधर, प्रदेश छावनी एसोसिएशन इस प्रक्रिया में हुई अचानक बदलाव से खफा हो गई।

# कांग्रेस ने उपचुनाव जीतने के लिए सत्ता का उठाया गलत फायदा : केएल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि उपचुनाव में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सरकारी मशीनरी व तंत्र का जमकर दुरुपयोग किया और उनके समर्थकों पर झूठे मुकदमे बनाए।




ठाकुर ने कहा कि उनके घर के बाहर पुलिस का पहरा लगाया गया और पुलिस ने कांग्रेस प्रत्याशी को सहयोग दिया, जिन मंत्रियों को विकास के मामले में कभी नालागढ़ की याद नहीं आई, वह मंत्री चुनाव में नालागढ़ में ही रहे और जनता से झूठे वादे कर गुमराह किया। कांग्रेस सरकार ने न पहले दी गारंटियां पूरी की और न अब करेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों, दुकानदारों, कारोबारियों, ठेकेदारों, उद्योगपतियों, अधिकारियों-कर्मचारियों को कांग्रेस का समर्थन करने के लिए डराया गया और यहां तक कि किसी ने भाजपा का झंडा भी लगाया था उस पर दबाव बनाकर झंडा भी कांग्रेस का लगवाया गया। सरकारें आती जाती रहती हैं और जीत-हार भी होती रहती है, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उपचुनाव में जमकर सरकारी तंत्र का प्रयोग कर घटिया राजनीति का परिचय दिया है। पहले भी उपचुनाव हुए हैं, लेकिन ऐसा भय का माहौल व निम्न स्तर पर गिरने का काम पहले किसी भी सरकार या प्रत्याशी ने नहीं किया। उन्हें ऐसी भी शिकायतें लोगों से मिली कि कांग्रेस प्रत्याशी ने अपनी ओर से महिलाओं के खाते में 15-15 सौ रुपए अलग-अलग गूगल पे खाते के माध्यम से डाले, ताकि महिलाओं को यह लगे कि पहली किश्त आ गई और जिन महिलाओं के खाते में पैसे डाले गए उनसे प्रचार करवाया गया कि सरकार की तरफ से खाते में पैसे आने शुरू हो गए हैं, जिसका जल्द खुलासा करेंगे। उनका मिशन नालागढ़ का विकास करवाकर आदर्श विस क्षेत्र बनाना है और इसके लिए वह कार्य करते रहेंगे, क्योंकि जब वह विधायक थे, तक भी उन्होंने विकास करवाया और जब नहीं थे, तब भी विकास करवाया। जितना विकास उन्होंने नालागढ़ क्षेत्र में करवाया, उतना विकास कांग्रेस नालागढ़ क्षेत्र में करवा देगी, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। (अनंत ज्ञान)

# कुमारहट्टी से दो चिट्टा तस्कर गिरफ्तार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन में नशा तस्करी करने वाले तस्करों पर पुलिस शिकंजा कसती जा रही है।

इसी क्रम में 12 जुलाई को स्पेशल टीम, जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए धर्मपुर क्षेत्र में मौजूद थी, तो टीम को सूचना मिली कि एक युवक, जिसका नाम संदीप कुमार है और वह बस स्टॉप सनवारा के पीछे मार्डन ढाबा के पास खड़ा हुआ है, वह चिट्टा/हेरोईन बेचने की फिराक में है। उक्त सूचना पर पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए 11 ग्राम चिट्टा सहित युवक को गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया, जिससे गहनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि दो युवक जिनका नाम राजीव और राकेश है, जो कुमारहट्टी के रहने वाले हैं इससे चिट्टा/हेरोईन मंगवाते थे और दोनों यहां पर इससे चिट्टा/हेरोईन खरीद करते थे।



कुमारहट्टी से गिरफ्तार चिट्टा तस्कर।

उसके बाद ये दोनों लोगों को बेचते थे, जिस पर 13 जुलाई को राजीव कुमार पुत्र बहादुर सिंह निवासी बाड़ा तहसील व जिला सोलन उम्र 44 वर्ष व राकेश कुमार पुत्र बलबीर सिंह निवासी गांव लोहांजी, डाकखाना कुमारहट्टी तहसील व जिला सोलन उम्र 46 वर्ष को पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह के मुताबिक जांच के दौरान यह भी पाया गया कि उक्त दोनों आरोपी पहले भी अपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं, जिनमें एक आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत एक मामला व आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ 2 मामले, जिनमें एक मादक पदार्थ व एक वन अधिनियम में पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत हैं। (अनंत ज्ञान)

# वरुण रघुवंशी ने जीती अंडर-17 जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला बैडमिंटन संघ सोलन की तरफ से आयोजित अंडर-17 वर्ग की जिला स्तरीय चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के आए खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया।



बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग के विजेता।

अंडर-17 वर्ग का फाइनल मैच वरुण रघुवंशी और कादिश दत्ता के बीच खेला गया, जिसमें वरुण रघुवंशी ने जीत का खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 ब्वॉयज युगल में वरुण रघुवंशी और परनब शर्मा ने खिताब जीता। अंडर-17 लड़कियों के सिंगल में ताशवी ने पहला और गहेना ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। वहीं, लड़कियों के युगल मुकाबले में ताशवी और सृष्टि ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि गहेना और सुखविन उपविजेता रहे। मिक्स डबल्स में जाशनदीप और ताशवी ने तेजस और सुखविन को हराकर खिताब अपने नाम किया। जिला बैडमिंटन संघ सचिव यादविंद्र ने बताया कि अंडर-17 के लिए चयनित खिलाड़ी हमीरपुर में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# नशीले पदार्थों की खेप के साथ बाप-बेटा और पोता गिरफ्तार

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर पुलिस की डिटैक्शन सेल की टीम ने जिला मुख्यालय नाहन के वाल्मीकि नगर के एक रिहायशी मकान में दबिश देकर विभिन्न नशीले पदार्थों की खेप के साथ बाप-बेटा और पोते को गिरफ्तार किया है। एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के यह तीनों आरोपी नशे के कारोबार में संलिप्त थे।

पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर देर रात अमल में लाई। इस दौरान पुलिस ने 24.40 लाख रुपए कैश भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि पुलिस टीम ने रिहायशी मकान में दबिश देकर बुजुर्ग के अलावा उसके बेटे और पोते को भी दबोचा है। ये तीनों नशे के कारोबार में संलिप्त थे। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 336 स्पासमैक्स ट्रामाडोल कैप्सूल्स, 159.80 ग्राम चरस, 38.10 ग्राम अफीम, 23.34 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 24.40 लाख की नकद राशि भी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने 71 वर्षीय प्रेम चंद पुत्र स्व. बच्चना राम, 44 वर्षीय सागर पुत्र प्रेम चंद और 21 वर्षीय संग्राम उर्फ अंशुल पुत्र सागर, तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और ड्रग माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)



पुलिस की गिरफ्त में नशे के धंधे में संलिप्त आरोपी।

# नौणी विश्वविद्यालय में रोपे 1100 से अधिक पौधे



डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में पौधरोपण करते वीसी व अन्य।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में एक महीने तक चलने वाले वन महोत्सव अभियान के दौरान विश्वविद्यालय के कई विभागों ने पोधरोपण अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय परिसर में 1100 से अधिक पौधे लगाए गए। सोमवार को सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग ने बेसिक साइंस और सामाजिक विज्ञान विभाग के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

सिल्विकल्चर विभाग ने विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में 550 से अधिक पौधे लगाए। इसके अलावा इन विभागों ने मेपल, ओक, मोरस, ग्रेविया, बेर, नींबू, मोरिंगा, तुनी और बांस के पौधे लगाने के लिए सहयोग किया। पौधरोपण अभियान का नेतृत्व कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने किया। वानिकी कॉलेज के डीन डॉ. सीएल ठाकुर, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव और विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर भारद्वाज, डॉ. आरके गुप्ता और डॉ. सुभाष शर्मा और कर्मचारियों ने इस अभियान में भाग लिया। एक अलग कार्यक्रम में वृक्ष सुधार और आनुवंशिक संसाधन विभाग ने मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के सहयोग से परिसर में वन महोत्सव और पार्थेनियम उन्मूलन दिवस मनाया। इस आयोजन के दौरान पुनिका ग्रैनटम और कचनार के 500 पौधे रोपे। दोनों विभागों के संकाय, छात्र और कर्मचारी पार्थेनियम उन्मूलन के लिए एक साथ आए और इस हानिकारक खरपतवार के बारे में जागरूकता बढ़ाई। (अनंत ज्ञान)

# भजन गायन में मनन शर्मा प्रथम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

गुरु-शिष्य परंपरा एवं शास्त्रीय संगीत संस्था की जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन के सभागार में आयोजित दो दिवसीय 15वीं वार्षिक संगीत उत्सव प्रतियोगिता के समापन पर समाजसेवी मुकेश विज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में भजन गायन में मनन शर्मा ने प्रथम, हर्षराज ने द्वितीय व गुरूवाणी कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इसी तरह वरिष्ठ वर्ग के भजन गायन में अभिषेक वर्मा प्रथम, निलाक्षी द्वितीय व ईशान शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। शास्त्रीय गायन के कनिष्ठ वर्ग में हिमांशी शर्मा प्रथम, मेघना द्वितीय और अरमान तृतीय स्थान पर रहे। शास्त्रीय गायन वरिष्ठ वर्ग में प्रथम ईशान शर्मा, अभिषेक वर्मा द्वितीय व पारस शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग तबला वादन में प्रथम अरमान, द्वितीय अभिनव व गरविश तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त आकाशवाणी में सेवानिवृत्त तबला वादक त्रिलोक सिंह ने एकल तबला वादन प्रस्तुत किया। इनके साथ सीता राम शर्मा ने नगमा दिया और शिवानी और मेधा बहनों ने राग पुरिया धनाश्री में बड़ा ख्याल व छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। तबला संगत रोहन व हारमौनियम पर सागर ने साथ दिया। मुख्य कलाकार के रूप में डॉ. राजपाल सिंह ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। उनके साथ तबला संगत डॉ. नीरज शांडिल ने की और हारमोनियम पर सीता राम शर्मा ने साथ दिया। इस दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत उत्सव के समापन मौके पर समाजसेवी मुकेश विज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (अनंत ज्ञान)

# सरकार निर्णय वापस नहीं लेती, तो पटवारी, कानूनगो करेंगे आंदोलन

**जीता सिंह नेग, रिकांगपिओ**

जिला संयुक्त पटवारी, कानूनगो संघ किन्नौर के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी किन्नौर के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में संघ ने कहा कि मंत्रीमंडल की बैठक में प्रदेश के पटवारी, कानूनगो के जिला संवर्ग को राज्य संवर्ग करने बारे निर्णय प्रदेश के साथ किन्नौर के पटवारी, कानूनगो के अपेक्षाओं व हितों के विरुद्ध हैं। संघ के अध्यक्ष नवीन ने कहा कि 13 जुलाई को प्रदेश संयुक्त पटवारी, कानूनगो महासंघ व किन्नौर संयुक्त संघ की वर्चुअल बैठक में एक स्वर में सरकार के उक्त निर्णय को चिन्ताजनक माना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी की अध्यक्षता में प्रदश के सभी जिले के प्रतिनिधियों



की उपस्थिति में निर्णय लिया कि सरकार के उक्त फैसले के विरोध में समूचे प्रदेश में प्रत्येक पटवारी एवं कानूनगो द्वारा सभी प्रकार के आनलाइन कार्य एवं व्हाट्सऐप ग्रुप (केवल आपदा संबंधी कार्यों को छोड़कर) तुरंत बंद कर दिए जाएंगे। इसके बावजूद भी इस निर्णय को सरकार की ओर से वापस नहीं लिया जाता, तो विवशता में राज्य के पटवारी व कानूनगो हर स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे तथा 17 को प्रदेश महासंघ की कुल्लू में होने वाली पूर्वनिर्धारित बैठक में और अधिक कड़े निर्णय लिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# संस्कृत विद्वान प्रो. मनसाराम शर्मा का निधन

**आर मोहन चौहान, सोलन।** संस्कृत के प्रकांड विद्वान प्रोफेसर मनसाराम शर्मा का निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। सोलन के कोटलानाला स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 16 मार्च, 1930 को हिमाचल के बिलासपुर में हुआ था। संस्कृत जगत व उनके आत्मीय जनों के लिए यह अपूर्णीय क्षति है। बनारस व पंजाब यूनिवर्सिटी से शिक्षित प्रो. शर्मा का संपूर्ण जीवन संस्कृत को समर्पित रहा। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में साढ़े तीन दशकों तक उन्होंने स्कूल व कॉलेज में देववाणी संस्कृत की सेवा की। प्रो. शर्मा शायद देश के अंतिम व्यक्ति होंगे, जिन्होंने संस्कृत का हस्तलिखित अखबार भी चलाया। (अनंत ज्ञान)

# नाहन में हादसों को न्योता दे रहे बेसहारा पशु

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन समेत आसपास के क्षेत्र में इन दिनों बेसहारा पशुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

लगातार यह बेसहारा पशु, जहां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो वहीं शहरी क्षेत्र में सड़कों पर यह बेसहारा पशु दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। आए दिन किसी न किसी क्षेत्र में बेसहारा पशु वाहनों



से टकराते हैं, जहां बेसहारा पशु घायल होते हैं, तो वहीं वाहनों में सवार लोगों को भी चोटें आई हैं। ऐसा ही एक मामला नेशनल हाईवे नाहन-पांवटा साहिब पर गांव कटासन में पेश आया, जहां मार्ग पर चल रहे एक गाय के बछड़े को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई। हादसे में गाय का बछड़ा बुरी तरह से घायल हो गया। नेशनल हाईवे समेत संपर्क मार्गों पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे इन बेसहारा पशुओं की सेवा करने के लिए गांव शंभूवाला के युवाओं की टोली ने जिम्मा संभाला है, जिस भी क्षेत्र में बेसहारा पशु बीमार या फिर दुर्घटना का शिकार होते हैं। यह युवा मौके पर पहुंचकर बेसहारा पशुओं की सेवा करने के लिए पहुंच जाते हैं। युवाओं ने बताया कि वह लोगों से भी लगातार अपील कर रहे हैं कि सड़कों पर अपने पशुओं को बेसहारा न छोड़ें। युवाओं ने कहा कि उनका प्रयास है कि इन बेसहारा पशुओं को जहां स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके, तो वहीं इनको पशु शालाओं तक पहुंचाया जाए। (अनंत ज्ञान)

# शिलाई के कुल्लाह निवासी एक साल से एचआरटीसी बस की अनियमितता से परेशान

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

शिलाई उपमंडल के तहत कुल्लाह निवासी पिछले एक साल से एचआरटीसी बस सेवा की अनियमितता से परेशान हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, पांवटा-हरिपुरधार बस, जिसे पहले वाया कुल्लाह किया गया था, ड्राइवर और कंडक्टर की मनमानी के चलते नियमित रूप से कुल्लाह नहीं आ रही है। इसका सीधा असर चार गांवों के बुजुर्ग, स्कूल जाने वाले बच्चों और व नौकरीपेशा लोगों पर पड़ रहा है, जो बस सेवा से वंचित रह जाते हैं। कुल्लाह निवासियों ने कई बार ड्राइवर और कंडक्टर से वाया कुल्लाह आने का अनुरोध किया, लेकिन उन्हें धमका कर चुप करा दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधारी गई, तो वह एचआरटीसी के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने एचआरटीसी के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि वे इस विषय का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि बस सेवा नियमित रूप से वाया कुल्लाह चल सके। उन्होंने एचआरटीसी अधिकारियों से अपील की है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लेकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करें। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** नगर निगम के वार्ड -14 में रोड साइड पार्किंग से बढ़ रहे विवाद, हाउसिंग कॉलोनी में पार्किंग और सीवरेज की समस्या

# रोड साइड पार्किंग से एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड वाहन निकालना मुश्किल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन वार्ड-14 के तहत आने वाली हाऊसिंग कॉलोनी में बाहरी वाहनों की पार्किंग और सीवरेज समस्या से स्थानीय लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। कॉलोनी में अकसर बाहरी वाहन घरों के गेट के सामने पार्क किए जाने से मकान मालिकों को अपने वाहन गैराज से बहार निकलना मुश्किल हो गया है। इससे लोगों के आपसी विवाद भी बढ़ रहे हैं।

इसी तरह रोड साइड पार्किंग से कॉलोनी में किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और कूड़ा वाहन निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के कई हिस्सों में लंबे समय से सड़क किनारे निर्माण सामग्री गिरा रखी है, जबकि यहां पर कई वाहन पार्क किए जा सकते हैं। हालही में कॉलोनी बिजली बोर्ड के ठेकेदार ने बिजली के नए पोल लगाने के लिए निर्माण सामग्री गिराई पर काम हो जाने के बाद बचा हुआ गटका पत्थर यहां से नहीं उठाया। इस कारण भी पार्किंग की समस्या बढ़ गई। हैरानी की बात है कि नगर निगम इस पर कार्रवाई नहीं कर पाई है। (अनंत ज्ञान)



हाउसिंग कॉलोनी में रोड साइड पार्किंग।



खुले में बहती सीवरेज।

### सीवरेज की समस्या भी परेशानी

कॉलोनी में सड़क की खस्ताहालत के साथ सीवरेज की समस्या से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सड़कों का रिपेयर वर्क चालू है, जबकि जगह-जगह खुले में बह रहा सीवरेज स्वास्थ्य के लिहाज से खतरा बन चुका है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी की हालत को लेकर नगर निगम और वार्ड पार्षद को समय-समय पर अवगत करवाया जाता है पर अभी समस्या का पूरी तरह निदान नहीं हो पाया है।

### पुलिस से की जाती है शिकायत : राजीव

वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा ने कहा कि कॉलोनी में पार्किंग की समस्या काफी बढ़ गई है। सड़क पर गलत तरीके से पार्क वाहन को लेकर पुलिस से भी शिकायत की जाती है। सीवरेज की समस्या और सड़क की मरम्मत करना विभाग की प्राथमिकता है।

### निगम आयुक्त कर चुके हैं निरीक्षण

हाउसिंग कॉलोनी फेज-एक की समस्याओं को लेकर स्थानीय लोग निगम आयुक्त और अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। वेलफेयर सोसायटी ने सीवरेज, सड़क व पार्किंग की समस्या को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इसमें मुख्यता सीवरेज समस्या के समाधान को बड़ी योजना बनाने की मांग की। हाउसिंग कॉलोनी में आबादी बढ़ने से सीवरेज और सड़कों पर अत्याधिक दबाव पड़ रहा है। ऐसे में कॉलोनी के ड्रेन नालों में सीवरेज खुले में बह रही है। कॉलोनी हाउसिंग कॉलोनी फेज-1 में चार नालों में खुली सीवरेज छोड़ी गई है। इससे स्थानीय लोगों को हमेशा बीमारी फैलने की चिंता रहती है। इससे कॉलोनी के आसपास का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके समाधान को कॉलोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाकर सड़कों में पेवर्स लगाने की व्यवस्था की मांग भी की है। सोसायटी ने प्रशासन को वार्ड में खाली पड़ी जमीन पर छोटी-बड़ी पार्किंग के निर्माण की मांग की है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सुनी जनसमस्याएं



**जगदीश शर्मा, देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी जन समस्याएं आ रही हैं, उनका समयबद्धता से निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन समस्याओं और शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। कुछ जन समस्याओं को संबंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। जन समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों को भेजे गए पत्रों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा मॉनिटरिंग की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।

### पाकिस्तान में सैन्य प्रतिष्ठान के पास आत्मघाती हमला

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में एक सैन्य प्रतिष्ठान की बाहरी दीवार के पास सोमवार तड़के एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को धमाका कर उड़ा दिया। साथ ही उसके एक साथी ने अपनी जैकेट में विस्फोट कर दिया, जिससे आठ नागरिक घायल हो गए और आसपास के घरों को नुकसान पहुंचा। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ताहिर खान ने बताया कि हमलावरों ने बन्नू शहर स्थित सेना के कार्यालय और सुरक्षाबलों के आवास में घुसने के प्रयास में यह हमला किया था, हालांकि सुरक्षाबलों ने इस 'समन्वित हमले' में तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावरों के प्रयास को विफल कर दिया।

### सांसद मनीष तिवारी के समक्ष रखी मांगें

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद मनीष तिवारी, एचएस लक्की प्रदेश अध्यक्ष, चंडीगढ़ कांग्रेस कमेटी का रामदरबार में स्वागत किया गया। इस मौके पर रामदरबार वार्ड नंबर 19 की ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह, प्रदेश सचिव बिरेन्द्र रॉय, ओम पाल चौटाला, बीएन तिवारी, बदन सिंह, सुरिंदर कुमार, ईश्वर सिंह, गुरदयाल सिंह, सुनील बारोलिया, प्रकाश सिंह, अमन सूद, गुलशन कुमार, रोहित चौटला, बबिता मालिक, अंजलि मेहरा, मनीषा, अंजू, बिजेन्दर यादव, के अलाव काफी संख्या में लोगो ने उपस्थित होकर रामदरबार की समस्याओं को सांसद, मेयर, और प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष मांग पत्र रखा जो की निम्नलिखित है।



1.चंडीगढ़ की सभी कॉलोनी के मकानों को मालिकाना हक मिले
2.रामदरबार में कुछ मकानों को प्रशासन ने सीलिंग करवाया है, उनको खुलवाया जाए।
3.कॉलोनी नंबर 4 झुग्गी में जो लोग रहते थे उनमे से बहुत लोगो को माकन नहीं मिले, जब की उनके पास सारे प्रूफ है, आपसे निवेदन है की हाउसिंग बोर्ड के काफी माकन खाली पड़े है उसमे इन लोगी को शिफ्ट किया जाए।
4.रामदरबार में रोड की स्थिति काफी दयनीय है, जिसकी वजह से आए दिन हादसे होते रहते है। इस पर ध्यान देने की जरुरत है।
5.पार्कों और सड़कों की स्ट्रीट लाइट नहीं जलती , इसको ठीक करवाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षाबलों की ओर से तलाशी अभियान चलाया। थौबल जिले के वेथौ फुट हिल क्षेत्र से एक एसएमजी कार्बाइन, एक मैगजीन, एक सिंगल बैरल गन, एक बाओफेंग वायरलेस सेट, दो 81 मिमी मोर्टार शेल, पांच एचई-36 हैंड ग्रेनेड, दो चीनी हैंड ग्रेनेड, एक डाई मेकर ग्रेनेड, एक स्टन शेल, दो टियर स्मोक शेल, चार डेटोनेटर और पांच जिंदा राउंड बरामद किए गए।

### श्रीनगर में लहराया फिलिस्तीन झंडा

जम्मू। श्रीनगर के लाल चौक पर शिया समुदाय के हजारों लोगों ने 8वें मुहर्रम का जुलूस निकाला। जुलूस में कई जगहों पर फिलिस्तीन के झंडे लहराए और इसराइल-अमेरिका विरोधी नारे भी लगे। अधिकारियों ने आयोजकों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित मुहर्रम जुलूस का आश्वासन लेकर कार्यक्रम की अनुमति दे दी थी। मुहर्रम का जुलूस गुरु बाजार से शुरू होकर श्रीनगर शहर के डलगेट क्षेत्र में समाप्त हुआ। कश्मीर जोन के आईजीपी वीके बिरदी और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस की निगरानी की। यह जुलूस इराक के कर्बला के रेगिस्तान में यजीद की सेना के हाथों पैगंबर के नवासे इमाम हुसैन, उनके परिवार और समर्थकों की शहादत की याद में निकाला जाता है।

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी को चुनौती देने वाली कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करना नहीं चाहती। शिवकुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय के 19 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती दी है।

# भारत, अमेरिका की नौसेनाओं ने हिंद महासागर में युद्धाभ्यास किया

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने अमेरिका के विमानवाहक पोत थियोडोर रूजवेल्ट के साथ हिंद महासागर में युद्धाभ्यास कर समुद्री क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ते सामरिक तालमेल को प्रदर्शित किया। यूएसस थियोडोर रूजवेल्ट अमेरिकी नौसेना का परमाणु ऊर्जा से चालित विमानवाहक पोत है।

अमेरिकी दूतावास के एक बयान के अनुसार, थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक हमलावर समूह ने हिंद महासागर में भारतीय नौसेना के युद्ध पोतों के साथ 12 जुलाई को युद्धाभ्यास किया। विमानवाहक हमलावर समूह एक नौसैन्य बेड़ा होता है, जिसमें एक विमानवाहक पोत के साथ-साथ कई युद्ध पोत और अन्य जहाज होते हैं।



वृहद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य दबदबा कायम करने की कोशिशों को लेकर लोकतांत्रिक देशों में बढ़ती चिंताओं के बीच यह युद्धाभ्यास किया गया।

भारतीय नौसेना द्वारा तैनात किए गए पोतों में मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम और सहायता सामग्री मुहैया कराने वाला पोत आईएनएस आदित्य भी शामिल हैं।

दूतावास ने कहा, ''यह संयुक्त समुद्री गतिविधि दो बड़े रक्षा साझेदारों के बीच अंतर-निर्भरता बढ़ाती है और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को बरकरार रखने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।''

बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिए याचिका

## अदालत ने दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है, जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार सरंक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी, जिनसे अति असुरक्षित और गंदे माहौल में रोजाना 12 से 13 घंटे काम कराया जा रहा है। रोहतास के मुताबिक वह गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सहयोग केयर फॉर यू' के काम का समर्थन करते हैं।

याचिका में कहा गया है कि अधिकांश बच्चे तस्करी करके लाए गए हैं और वे जिन नियोक्ता के लिए काम करते हैं उनके साथ ही रहते हैं एवं उन्हें अत्यंत खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शारीरिक विकास के लिए हानिकारक है।

## कुपवाड़ा में मारे गए तीन आतंकियों से हथियार बरामद

अशोक ठाकुर, जम्मू

कुपवाड़ा में हाल ही में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मारे गए आतंकवादियों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सोमवार को सेना ने इसकी जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में मारे गए तीन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। नियंत्रण रेखा के पास हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी बड़े हमले की तैयारी में थे, लेकिन इससे पहले पुलिस और सेना के सतर्क जवानों ने उनके नापाक इरादों को मिट्टी में मिला दिया।

आतंकवादियों का इरादा जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करना था। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 268 ब्रिगेड केरन सेक्टर के कमांडर



बीटीआईजी एनएल कुर्कर्णी ने बताया कि ऑपरेशन धनुष एक महत्वपूर्ण सफलता है।

इसमें कुपवाड़ा पुलिस के साथ एक संयुक्त प्रयास में केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। ऑपरेशन में तीन एके-47 राइफल, चार पिस्तौल और छह हथगोले सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। (अनंत ज्ञान)

## एक दशक में प्लास्टिक सर्जरी की मांग लगातार बढ़ी : एबी प्रभु

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़



प्लास्टिक सर्जरी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 15 जुलाई को प्लास्टिक सर्जरी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ. एबी प्रभु, कंसल्टेंट, कॉस्मेटिक, प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी , और डॉ. अखिल गर्ग, प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली, ने प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े कुछ आम मिथकों का खंडन किया, और इस विशेषज्ञता में नवीनतम रुझानों के बारे में भी चर्चा की।

डॉ. एबी प्रभु ने कहा कि पिछले एक दशक में प्लास्टिक सर्जरी की मांग लगातार बढ़ी है क्योंकि अधिक से अधिक लोग पिक्चर-परफेक्ट लुक के बारे में जागरूक हैं। कुल मिलाकर राइनोप्लास्टी, बॉडी कॉन्टूरिंग के लिए लिपोसक्शन, मेल गाइनेकोमेस्टिया लिपोसक्शन, 3 डी कॉन्टूरिंग के लिए फुल बॉडी लिपोसक्शन, फीमेल ब्रेस्ट रिडक्शन और आरगुमेंटेशन हेयर ट्रांसप्लांट जैसी कॉस्मेटिक प्रक्रियाएं अक्सर किए जा रहे हैं और इसमें वृद्धि का रुझान दिख रहा है।

डॉ. अखिल गर्ग ने कहा कि हां, निश्चित तौर पर मांग बढ़ रही है. लोग अधिक से अधिक जागरूक हो रहे हैं, विशेषकर अपनी शक्ल-सूरत के बारे में। सोशल मीडिया पर हर कोई अपना बेस्ट दिखना पसंद करता है। जो मामले हम देख रहे हैं वे रिकंस्ट्रक्शन और कॉस्मेटिक दोनों हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्वच्छता कर्मियों को दस्ताने, मास्क गर्म बूट्स उपलब्ध करवाने के निर्देश

जगदीश शर्मा, देहरादून

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उन सभी सरकारी विभागों को नोटिस जारी करने जा रहा हैं, जिनके द्वारा अनुपयोगी पुराने कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर व मोबाइल जैसे ई-वेस्ट अनावश्यक रूप से एकत्रित किए जा रहे हैं। सचिवालय में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ई-वेस्ट मेनेजमेंट के सम्बन्ध में सख्त निर्देश दिए हैं।

राधा रतूड़ी ने सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को सख्ती से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं मेडिकल वेस्ट डिस्पॉजल की पुख्ता व्यवस्था के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेषरूप से सरकारी विभागों को इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की सख्त हिदायत दी है। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि कूड़ा प्रबंधन एवं निस्तारण के कार्य में लगे स्वच्छता कर्मियों को हाथों के दस्ताने, मास्क, गर्म बूट्स तत्काल उपलब्ध करवाएं जाए।

पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति निधि के उपयोग के सम्बन्ध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के तहत ठोस अपशिष्ट के संग्रहण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण के लिए बुनयादी सुविधाएं तैयार करने, नाडेप पिट के माध्यम से जैव खादों के उत्पादन, सामूहिक सफाई अभियान को प्रोत्साहित करने, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट के एकत्रीकरण व निपटान की व्यवस्था तथा सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के सम्बन्ध में कचरा बीनने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमरनाथ यात्रा : 16 दिन में तीन लाख से ज्यादा शिव भक्तों ने किए दर्शन, 18वां जत्था रवाना



अशोक ठाकुर, जम्मू

अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। 16 दिन में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। 29 जून से शुरू हुई यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

अमरनाथ धाम के यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुंबई के विपिन पाटिल ने बताया कि अमरनाथ यात्रियों का 18वां जत्था सोमवार तड़के जम्मू से कश्मीर के दो बेस कैंपों के लिए रवाना हुआ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की सुरक्षा के बीच बम-बम भोले का नारा लगाते 4,875 तीर्थयात्री अमरनाथ धाम के लिए गए। (अनंत ज्ञान)

## नेताओं की सुरक्षा पर घटिया राजनीति नहीं होनी चाहिए : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को उस पर पलटवार करते हुए कहा कि नेताओं की सुरक्षा के मुद्दे पर घटिया राजनीति नहीं होनी चाहिए। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और पूरी भाजपा लोगों को पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और पूरे गांधी परिवार के खिलाफ झूठ फैलाकर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व के विरुद्ध भड़का रहे हैं। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने रविवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के बाद राहुल गांधी पर निशाना साधा था।

## एएसआई ने हाईकोर्ट को सौंपी भोजशाला के सर्वेक्षण की रिपोर्ट

एजेंसी, इंदौर

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सोमवार को विवादित भोजशाला-कमाल-मौला मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अपनी रिपोर्ट मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ को सौंप दी। एएसआई के अधिवक्ता हिमांशु जोशी ने 2,000 से अधिक पन्नों की रिपोर्ट उच्च न्यायालय के पंजीयक को सौंपी।

उच्च न्यायालय इस मामले पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। चार जुलाई को उच्च न्यायालय ने एएसआई को आदेश दिया था कि वह विवादित 11वीं सदी के स्मारक के परिसर में लगभग तीन महीने तक किए सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 जुलाई तक पेश करे। इस स्मारक को लेकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विवाद है। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है।

यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई)की ओर से संरक्षित है। 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' नामक संगठन की अर्जी पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था जो हाल ही में खत्म हुआ।

## सोमालिया में कैफे के बाहर विस्फोट, पांच लोगों की मौत

एजेंसी, मोगादिशू

**सोमालिया** की राजधानी मोगादिशू में एक कैफे के बाहर हुए बम विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई। सोमाली पुलिस के प्रवक्ता मेजर अब्दिफिताह अदेन हस्सा ने बताया कि कुछ लोग कैफे के अंदर टीवी पर स्पेन और इंग्लैंड के बीच यूरोपियन चैंपियनशिप फुटबाल मैच का फाइनल देख रहे थे, तभी बाहर एक कार में विस्फोट हो गया।

यह कार विस्फोटकों से भरी हुई थी। हमले में कम से कम 20 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल की बताई जा रहीं कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं जिनमें विस्फोट के बाद कैफे के बाहर आग दिखाई दे रही है।

## जून में थोक महंगाई 3.36 फीसदी पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश** में थोक मुद्रास्फीति जून में लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई। खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत थी। जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जून 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे रसायन तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत रही, जो मई में 0.78 प्रतिशत से अधिक थी।

### सब्जियों की महंगाई दर 38.76 प्रतिशत रही

**सब्जियों** की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत रही, जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। ईंधन और बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.03 प्रतिशत रही, जो मई में 1.35 प्रतिशत से थोड़ी कम है।

**फैसला** एमसीएलआर आधारित ऋणों की ब्याज दरों में भी होगा इजाफा होगा, कर्ज की नई दरें 15 जुलाई से लागू

# एसबीआई ग्राहकों को झटका, कार और होम लोन महंगा

एजेंसी, मुंबई

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई (एनएस: सेबी) ने सोमवार से अपनी बेंचमार्क सीमांत लागत ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत से 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी। इस बढ़ोतरी से होम लोन, कार लोन समेत सभी तरह के लोन लेना अब महंगा हो गया है।

बैंक के इस कदम से एमसीएलआर आधारित ऋणों की ब्याज दरों में भी इजाफा होगा। एक महीने के ऋण पर एमसीएलआर 0.05 प्रतिशत बढ़कर 8.35 प्रतिशत हो गई है। तीन महीने की अवधि के ऋण पर यह 0.10 फीसदी की




बढ़ोतरी के साथ 8.40 फीसदी पर है। छह महीने, एक साल और दो साल के ऋण के लिए एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर क्रमशः 8.75 प्रतिशत, 8.85 प्रतिशत और 8.95 प्रतिशत कर दी गई है। तीन साल के ऋण के लिए एमसीएलआर में 0.05 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह अब 9 प्रतिशत होगी। इससे पहले जून में भी एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। एमसीएलआर न्यूनतम ब्याज दर है, जिससे कम पर बैंक ऋण नहीं दे सकता। ज्यादातर कॉर्पोरेट ऋण एमसीएलआर आधारित होते हैं, जबकि खुदरा ऋण रेपो दर पर आधारित होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आम तौर पर ब्याज दरों के मामले में दूसरे बैंक एसबीआई का अनुसरण करते हैं। इस कारण अब दूसरे बैंकों के कर्ज भी महंगे होने की संभावना है।

### अब ये होंगे एमसीएलआर रेट

- एक महीने के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर को 5 बीपीएस बढ़ाकर 8.35 प्रतिशत।
- तीन महीने के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर को 10 बीपीएस बढ़ाकर 8.40 प्रतिशत।
- छह महीने के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर 10 बीपीएस बढ़कर 8.75 प्रतिशत।
- एक साल के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर 10 बीपीएस बढ़कर 8.85 प्रतिशत।
- दो साल के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर 10 बीपीएस बढ़कर 8.95 प्रतिशत।
- तीन साल के लोन टेन्योर पर एमसीएलआर 5 बीपीएस बढ़कर 9 प्रतिशत।

राज्यपाल मानहानि मामला

## मेरी टिप्पणी में कुछ भी मानहानिकारक नहीं : ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को अपने बयान पर दृढ़ता से कायम रहीं कि महिलाओं ने कोलकाता में राजभवन में जाने को लेकर डर जाहिर किया था। ममता ने मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अन्य नेताओं के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष दाखिल याचिका का विरोध भी किया।

## दिल्ली में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

एजेंसी, नई दिल्ली



**भाजपा** के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया और पीपीएसी में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की।

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बिजली खरीद समायोजन शुल्क (पीपीएसी) में वृद्धि से बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। उन्होंने कड़कड़डूमा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पीपीएसी और पेंशन अधिभार के नाम पर उपभोक्ताओं को लूट रही है। पीपीएसी अवैध है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के लोगों के हित में तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे, जब तक सरकार पीपीएसी में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं ले लेती।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में एथलेटिक्स को मिली सबसे अधिक धनराशि

## 16 खेलों के लिए लगभग 470 करोड़ खर्च किए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है।

तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपए खर्च किए।

इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। पिछले ओलंपिक चक्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

देश के बैडमिंटन खिलाड़ी सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ रुपए मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है।

भारत ने पेरिस खेलों के लिए बैडमिंटन में पांच कोटा हासिल किए हैं। इसमें पीवी सिंधू (महिला एकल), एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो (महिला युगल) शामिल हैं।

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पिछले तीन साल में 41.81 करोड़ रुपए की राशि मिली जबकि तीरंदाजी पर सरकार ने 39.18 करोड़ रुपए खर्च किए। पहलवानों को कोष से 37.80 करोड़ रुपए मिले जबकि भारोत्तोलन के खाते में 26.98 करोड़ रुपए आए।

घुड़सवारी को 95 लाख रुपए के साथ सबसे कम वित्तीय सहायता मिली। टेनिस को एक करोड़ 67 लाख रुपए जबकि गोल्फ को एक करोड़ 74 लाख रुपए की मदद मिली। नौकायन (3.89 करोड़), तैराकी (3.9 करोड़), पाल नौकायन (3.78 करोड़) और जूडो (6.3 करोड़) पर भी 10 करोड़ रुपए से कम खर्च हुए। भारतीय टेबल टेनिस टीम को सरकार ने 12 करोड़ 92 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी।





### नीरज चोपड़ा को 5.72 करोड़ मिले

व्यक्तिगत और विशिष्ट खेल संबंधित खर्चे में भारतीय हॉकी टीम को सर्वाधिक 41.81 करोड़ रुपए मिले।नीरज चोपड़ा इस सूची में 5.72 करोड़ रुपए के साथ दूसरे स्थान पर है। यह खर्चा उनके मौजूदा विदेशी कोच डॉ. क्लॉस बार्टोनिट्ज की सेवाएं लेने, यूरोप में ओलंपिक पूर्ण शिविर में हिस्सा लेने पर किया गया।

### बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा विदेशों में किए 81 दौरे

**आधिकारिक** आंकड़ों के अनुसार विदेश में अनुभव और टूर्नामेंट के मामले में देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों को सबसे अधिक समर्थन मिला। उन्होंने 81 दौरे किए। निशानेबाजों को 45 विदेशी दौरे मिले जबकि इसके बाद टेनिस (40), एथलेटिक्स (31), टेबल टेनिस (28), कुश्ती (27), तीरंदाजी (24), मुक्केबाजी (23), नौकायन (22), हॉकी (18), जूडो (15), गोल्फ (12) और तैराकी (11) का नंबर आता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान निशानेबाजी में 41 राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए गए जो सभी 16 खेलों में सबसे अधिक है। तीरंदाजी 41 शिविर के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद एथलेटिक्स (36), हॉकी (33), मुक्केबाजी (17), नौकायन (16), कुश्ती (15) और बैडमिंटन (13) का नंबर आता है। घुड़सवारी के लिए कोई राष्ट्रीय शिविर नहीं था क्योंकि अधिकांश सवार विदेश में प्रशिक्षण लेते हैं। गोल्फ के लिए केवल एक शिविर आयोजित किया गया था।



## न्यूज ब्रीफ

### अल्काराज ने चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**लंदन।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था, जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था।



कैंसर का उपचार करा रही वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने विंबलडन पुरूष एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज को ट्रॉफी सौंपी ।

### गोल्फर अदिति संयुक्त 17वें स्थान पर रही

**एवियन ले बेंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने किसी मेजर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया। अदिति ने दो अंडर 69 और कुल सात अंडर स्कोर किया। वह पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट में शीष-20 में रही हैं। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 वुमंस ओपन में था जब वह संयुक्त 22वें स्थान पर रही थी। अब तक 30 से अधिक मेजर टूर्नामेंट खेल चुकी अदिति ने 71, 70, 67, 69 स्कोर किया। जापान की अयाका फुरूइ ने खिताब जीता। भारत की दीक्षा डागर ने पहले दौर के बाद नाम वापिस ले लिया था। दीक्षा और अदिति पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### मुलर ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** जर्मनी के थॉमस मुलर ने यूरो 2024 के समापन के बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 34 वर्षीय मुलर ने राष्ट्रीय टीम के लिए 131 मैच खेले, 45 गोल किए और 2014 में विश्व कप जीता। मुलर ने अपने फैसले की घोषणा करते हुए एक वीडियो बयान में कहा, '131 राष्ट्रीय टीम के खेल और 45 गोल के बाद, मैं अलविदा कह रहा हूं। मुझे हमेशा अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व था और मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं 2026 के विश्व कप में टीम के लिए एक प्रशंसक के रूप में अपनी उंगलियां क्रास कर रहा हूं, लेकिन अब मैदान पर एक खिलाड़ी के रूप में नहीं।' मुलर ने मार्च 2010 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उन्होंने 2010 विश्व कप में पांच गोल किए, जिसके लिए उन्हें गोल्डन बूट और फीफा यंग प्लेयर अवार्ड मिला। वे जर्मनी की 2014 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे, जिसमें ग्रुप चरण में पुर्तगाल के खिलाफ हैट्रिक सहित पांच गोल किए।



### हैरी केन समेत छह को गोल्डन बूट

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन समेत छह खिलाड़ियों ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक तीन गोल करके गोल्डन बूट जीता। केन के अलावा स्पेन के दानी ओल्मो, जर्मनी के जमाल मुसियाला, नीदरलैंड के कोडी गाकपो, स्लोवाकिया के इवान शरांज और जॉर्जिया के जॉर्जेस एम ने भी 3-3 गोल किए। केन लगातार दो यूरो फाइनल हारने की त्रासदी झेल चुके हैं। तीन साल पहले फाइनल में इटली से पेनल्टी शूटआउट में हारी टीम में भी वह थे। इसके अलावा चैंपियंस लीग फाइनल और दो बार इंग्लिश लीग्स कप में भी वह फाइनल में पराजय झेल चुके हैं।

### यमल को सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

**बर्लिन।** स्पेन फुटबॉल की नई सनसनी लामाइन यमल को उनके 17वें जन्मदिन के एक दिन बाद यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। उन्होंने कहा ,'' मुझे जन्मदिन पर इससे बेहतर तोहफा नहीं मिल सकता था। यह सपना सच होने जैसा है।'' वह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले , इसमें गोल करने वाले और फाइनल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। बार्सीलोना के लिएखेलने वाले यमल के आदर्श लियोनेल मेसी हैं। वह स्पेनिश लीग में भी गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने पहली बार यूरो चैंपियनशिप खेलते हुए एक गोल किया और चार में सहायक रहे।



## ओपनर्स में प्रतिस्पर्धा पर बोले शुभमन गिल

# यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे

**एजेंसी, हरारे**


जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में मिली जीत के बाद भारतीय टी-20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिए अच्छा बताया।

श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी-20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरूआत कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले गिल टी-20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं थे।

भारत ने इस सीरीज में गिल, जायसवाल, अभिषेक शर्मा और रूतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

गिल ने कहा ,'' यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं। इससे साबित होता है कि सभी में रनों की भूख है और कोई भी अपने स्थान को हलके में नहीं लेना चाहता। किसी भी देश के लिए यह अच्छी बात है।''

उन्होंने कहा ,''जिसे भी मौका मिला, उसने उसका पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाजों से गेंदबाजों तक, हरफनमौलाओं से स्पिनरों तक सभी ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। चयनकर्ताओं ने देखा है और अब अगली सीरीज के लिए टीम चुनना उनका काम है।'' कप्तानी के बारे में गिल ने कहा कि उन्होंने इसका पूरा मजा लिया ।



### टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे रोहित

**पिछले** महीने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे। रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे। रोहित ने कहा ,''मैंने कहा है कि मैं बहुत आगे की नहीं सोचता। कम से कम कुछ समय तक तो आप मुझे खेलते देखेंगे।'' इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सत्र और अगले साल फरवरी मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ही भारत के कप्तान होंगे।



# भारतीय ओलंपिक दल को कोहली ने शुभकामनाएं दी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें।

सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है।

कोहली ने कहा ,''एक समय था जब दुनिया भारत को संपेरों और हाथियों के देश के रूप में जानती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र हैं।''



उन्होंने कहा ,'' हम क्रिकेट और बॉलीवुड के लिए, स्टार्ट अप यूनिकॉर्न और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाने जाते हैं। अब इस महान देश के लिए अगली बड़ी बात क्या होगी। ज्यादा से ज्यादा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक।''

विराट कोहली भारत के खेलप्रेमियों से 118 सदस्यीय भारतीय ओलंपिक दल का समर्थन करने के लिए कहा।

# हैंडबॉल में भारत बना यूथ व जूनियर वर्ग का चैंपियन

## टूर्नामेंट में भारत, नेपाल, मालदीव व बांग्लादेश की टीमों ने लिया भाग



यूथ व जूनियर वर्ग की भारतीय हैंडबॉल टीमों को विजयी ट्रॉफी प्रदान करते मुख्यातिथि राजेंद्र राठौड़।

**शुभम राही, बिलासपुर**

भारत ने सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम,जयपुर में आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यूथ वर्ग के खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 56-36 से हराया जबकि जूनियर वर्ग के फाइनल में भी भारत ने बांग्लादेश को 55-25 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार राजेंद्र राठौड़ थे। समारोह की अध्यक्षता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने की, जबकि विशिष्ठ अतिथि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे, पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया, विज्ञान लोढ़ा, आईएचएफ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ व कुवैत से डॉ. खालिद अल्सारजी व टेबिल्टन इंडिया के निदेशक डॉ. सौरभ जैन थे।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि टूर्नामैंट में चार देशों मेजबान भारत, नेपाल, मालदीव व बांग्लादेश की टीमों ने भाग लिया।

बिलासपुर के मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी के सूरज भी टीम में शामिल रहे। यूथ वर्ग में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के नवदीप को अतिरिक्त कमिश्नर इनकम टैक्स राजेंद्र शेखावत पुरस्कार दिया। जूनियर वर्ग के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के अनूप को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया ने पुरस्कार दिया। (अनंत ज्ञान)

## टेनिस : विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा की शीर्ष-10 में वापसी

**एजेंसी, लंदन**

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष-10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं। क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। क्रेजिकोवा इससे पहले इस साल 8 जनवरी को 10वें स्थान पर पहुंची थी। एकल में उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दो जबकि युगल में एक रही है।

पाओलिनी इससे पहले सातवें नंबर पर थी और इस तरह से वह दो पायदान आगे बढ़ने में सफल रही। पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 (4) से हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं।

महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं। विंबलडन में वह तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। उनके बाद कोको गॉफ, आर्यना सबालेंका और एलेना रयबाकिना का नंबर आता है।



### इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के सीमित ओवरों के दौरे पर नहीं जाएंगे कमिंस

**मेलबोर्न।** विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे जबकि मिशेल स्टार्क टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगे।



ऑस्ट्रेलिया को सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी-20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे मैच खेलने हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि यह पहले से तय था कि अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के मद्देनजर कार्यभार प्रबंधन के तहत कमिंस नहीं खेलेंगे। मिशेल मार्श टीम के कप्तान होंगे। युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है।

ऑस्ट्रेलिया 50 ओवरों के प्रारूप में विश्व कप चैंपियन है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब भी जीता है लेकिन टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा।

**फुटबॉल** इंग्लिस टीम का 1966 के बाद पहला खिताब जीतने का सपना हुआ चूर-चूर

# इंग्लैंड को हराकर स्पेन चौथी बार बना यूरो चैंपियन

**एजेंसी, बर्लिन**

स्पेन ने इंग्लैंड का 1966 के बाद पहला खिताब जीतने का सपना चूर-चूर करते हुए उसे 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल (यूरो) में रिकॉर्ड चौथी बार अपनी बादशाहत साबित कर दी। टूर्नामेंट में शुरू से आखिर तक स्पेन का दबदबा रहा, जिसने 86वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल के गोल के दम पर फाइनल में 2-1 से जीत दर्ज की।

कप्तान अलवारो मोराटा के विकल्प के तौर पर मैदान पर उतरे मिकेल ने बाएं विंग से मार्क कुकुरेला के पास को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय में खिंचने से बचाया।

फुटबॉल के जनक इंग्लैंड ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है। जर्मनी में 1936 ओलंपिक के लिए बनाए गए इस स्टेडियम में ट्रॉफी थामे स्पेन के खिलाड़ियों और आसमान में होती आतिशबाजी को इंग्लैंड के खिलाड़ी मायूस निगाहों से देखते रहे। स्पेन ने इससे पहले 1964, 2008 और 2012 में यूरो खिताब जीता है। स्पेन के लिए 47वें मिनट में पहला गोल करने वाले निको विलियम्स ने कहा ,''हम यूरोप के चैंपियन है।''

इंग्लैंड के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पामर ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल किया था।



UEFA EURO2024 GERMANY

**स्कोर कार्ड**

| स्पेन | | इंग्लैंड |
|---|---|---|
| 16 | शॉट | 09 |
| 06 | लक्ष्य पर शॉट | 04 |
| 66% | नियंत्रण | 34% |
| 545 | पास | 294 |
| 11 | फाऊल | 05 |
| 01 | येलो कॉर्ड | 03 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 01 | ऑफ साइड | 00 |
| 10 | कार्नर | 02 |

# अर्जेंटीना ने लगातार दूसरी बार जीता कोपा अमेरिका खिताब

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स**

अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में लियोनेल मेसी के पैर में लगी चोट से उबरते हुए कोलंबिया को 112वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज के गोल के दम पर हराकर लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका फुटबॉल खिताब जीत लिया। मेसी को 64वें मिनट में दौड़ते हुए गिरने से चोट लगी। चोट के बाद बेंच पर बैठे मेसी ने दोनों हथेलियों से चेहरा छिपा लिया था। गोल करने के बाद मार्टिनेज ने बेंच पर जाकर अपने कप्तान को गले लगाया।

हार्ड रॉक स्टेडियम पर दर्शकों के उपद्रव के कारण मैच एक घंटा 20 मिनट विलंब से शुरू हुआ। अर्जेंटीना ने 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद तीसरा बड़ा खिताब जीतकर स्पेन की बराबरी कर ली, जिसने 2008 और 2012 यूरो चैंपियनशिप के अलावा 2010 विश्व कप जीता था।




अर्जेंटीना ने इसके साथ ही कोलंबिया का फरवरी 2022 से चला आ रहा 28 मैचों का अपराजेय अभियान भी रोक दिया। मार्तिनेज 97वें मिनट में मैदान पर उतरे और जियोवानी लो सेल्सो के पास को गोल में बदला। यह उनका 29वां अंतरराष्ट्रीय गोल और इस टूर्नामेंट में पांचवां गोल था। कोलंबिया के जेम्स रोड्रिग्ज को कोपा अमेरिका 2024 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है, जबकि अर्जेंटीना के एमिलियानो मार्टिनेज को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। रोड्रिग्ज ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छह असिस्ट दर्ज किए। उनका छठा असिस्ट कोलंबिया की उरुग्वे के खिलाफ सेमीफाइनल में 1-0 की जीत के दौरान आया था।